राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 25 मार्च 2026
वर्ष 07, अंक 171, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

मुकेश द्विवेदी बने भारतीय किसान क्रांति यूनियन के प्रदेश मीडिया प्रभारी, किसानों की समस्याओं को मिलेगी नई धार...03

आउटर डिस्ट्रिक्ट में ड्रग सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार...12

# आसिया अंद्राबी को उम्रकैद, 'देश के खिलाफ युद्ध' छेड़ने की मिली सजा

● **एनआईए कोर्ट ने कट्टर अलगाववादी आसिया अंद्राबी को देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश में उम्रकैद की सजा सुनाई. कोर्ट ने कहा कि कश्मीर को अलग करने की उनकी कोशिशों को बढ़ावा न मिले, इसलिए कोई नरमी नहीं दिखाई जाएगी. अंद्राबी ने अपने कृत्यों पर कोई पछतावा नहीं जताया**



विशेष एनआईए अदालत ने कट्टर अलगाववादी आसिया अंद्राबी को देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रचने के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनाई है. कोर्ट ने कहा कि दुख्तरान-ए-मिल्लत की चीफ के लिए किसी तरह की नरमी दिखाने से कश्मीर को अलग करने की उनकी कोशिशों को नई ताकत मिलेगी. अंद्राबी के साथ ही कोर्ट ने उसकी करीबी सहयोगियों सोफी फहमीदा और नाहिदा नसरीन को भी 30 साल की जेल की सजा सुनाई।

**आइए जानते हैं कि अदालत ने अपने आदेश में क्या-क्या कहा**

» कोर्ट ने कहा, दोषियों को अपने किए का कोई पछतावा नहीं है. इससे उलट इन्होंने तो ये कहा है कि जो कर रहे थे, उस पर गर्व है और आगे भी यही काम करते रहेंगे. कोर्ट ने इस मामले की तुलना 26/11 के आरोपी और एकमात्र गिरफ्तार आतंकवादी अजमल कसाब के मामले से की।

» कोर्ट ने यह भी पाया कि आसिया द्वारा बनाए गए संगठन दुख्तरान-ए-मिल्लत (ष्ठद्गरू) के परिचय-पत्र में यह कहा गया था कि जम्मू-कश्मीर कभी भी भारत का हिस्सा नहीं रहा है. दोषियों के प्रति नरमी बरतना इनकी उस भावना में नई जान भरने जैसा होगा, जिसका मकसद देश के अभिन्न अंग को अलग करना है।

» वहीं, बचाव पक्ष दलील दी कि दोषी पढ़ी-लिखी महिलाएं हैं.उन्हें कई स्वास्थ्य समस्याएं हैं. इस पर अदालत ने कहा कि हिरासत में उन्हें दिए गए मेडिकल इलाज के बारे में कोई शिकायत नहीं की गई थी. एक पढ़े-लिखे व्यक्ति से यह उम्मीद की जाती है कि उसने अपने कार्यों के बारे में सोच-समझकर फैसला लिया होगा। कोई भी काम बिना सोचे-समझे नहीं किया होगा।

» अदालत ने कहा, दोषियों को अपराधों में शामिल होने के लिए न तो गुमराह किया गया था और न ही कोई लालच दिया गया. उन्होंने तो गर्व के साथ अपने कृत्यों को स्वीकार किया. इतना ही नहीं इस बात पर भी जोर दिया कि वे उन्हें जारी रखेंगी।

» जज ने कहा कि दोषियों ने अपने नापाक मंसूबों को हासिल करने के लिए हिंसा का इस्तेमाल नहीं किया लेकिन उन्होंने कुछ मारे गए आतंकवादियों की तारीफ करके हिंसा के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया।

» जज ने कहा, अंद्राबी इस साज़िश की सरगना थी. अन्य दो दोषियों ने इस साज़िश में ग्राउंड सोल्जर की भूमिका निभाई थी. कोर्ट ने अंद्राबी को सख्त गैर- कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 18 (साज़िश के लिए सज़ा) के तहत, साथ ही आईपीसी की धारा 120B (आपराधिक साज़िश) और 121A (भारत सरकार के ख़िलाफ़ युद्ध छेड़ने की साज़िश) के तहत उम्रकैद की सज़ा सुनाई।

» बता दें कि इन तीनों को 14 जनवरी को दोषी ठहराया गया था. इसके बाद एनआईए ने अंद्राबी के लिए उम्रकैद की सजा की मांग की थी. एनआईए ने कहा था कि अंद्राबी ने भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ा है. इसलिए सख्त संदेश जाना ज़रूरी है कि देश के खिलाफ साजिश रचने पर सबसे कड़ी सज़ा मिलेगी।

# बस्ती में टोल के नाम पर डबल वसूली 30KM में 2 प्लाजा से ट्रक चालकों में गुस्सा



**बस्ती।** बस्ती जिले में टोल प्लाजा से मनमानी वसूली के खिलाफ अब ट्रक संचालकों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया है. मंगलवार को ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक अपर जिला अधिकारी (एडीएम) की अध्यक्षता में हुई, लेकिन इस बैठक में भी समस्या का ठोस समाधान नहीं निकल सका. बैठक में टोल प्लाजा मैनेजर, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी बस्ती सदर और यातायात निरीक्षक मौजूद रहे, बावजूद इसके ट्रक संचालकों का आक्रोश कम होता नहीं दिखा.बैठक में आखिरकार जो निर्णय निकला, वह भी ट्रक संचालकों को पूरी तरह संतुष्ट नहीं कर सका. एडीएम की बैठक में सिर्फ इतना तय हुआ कि मड़वानगर टोल प्लाजा पर ट्रकों से आधा टोल शुल्क लिया जाएगा. एसोसिएशन का कहना है कि यह 'जख्म पर मरहम नहीं, बल्कि औपचारिकता' भर है।

बैठक के दौरान ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि जिले में टोल प्लाजा के नाम पर 'खुली लूट' हो रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि वाहन स्वामियों से नियमों के खिलाफ जबरन वसूली की जा रही है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है. उन्होंने बैठक में सवाल उठाया कि आखिर एक ही जिले में दो-दो टोल वसूली कैसे जायज हो सकती है।

बस्ती में इन वाहनों के लिए जरूरी खबर, प्रशासन चलाएगा अभियान यह भी पढ़ेः बस्ती में इन वाहनों के लिए जरूरी खबर, प्रशासन चलाएगा अभियान राजकुमार सिंह ने कहा कि महज 30 किलोमीटर के अंदर दो टोल प्लाजा स्थापित कर दिए गए हैं, जो कि पूरी तरह नियमों के विपरीत है. इससे ट्रांसपोर्टरों और व्यापारियों पर दोहरा आर्थिक बोझ पड़ रहा है. एसोसिएशन ने यह भी आरोप लगाया कि टोल प्रशासन ने सभी वैकल्पिक रास्तों और कटों पर बैरिकेडिंग कर दी है, जिससे वाहनों को जबरन टोल प्लाजा से होकर गुजरने के लिए मजबूर किया जा रहा है. उन्होंने इसे 'जबरन वसूली की साजिश' बताते हुए कहा कि यह सीधे- सीधे नियमों और जनता के अधिकारों का उल्लंघन है।

ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस गंभीर मुद्दे को लेकर वे कई जनप्रतिनिधियों के पास भी जा चुके हैं. सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव, पूर्व विधायक रुधौली संजय प्रताप जायसवाल और सांसद राम प्रसाद चौधरी को भी पूरी स्थिति से अवगत कराया गया है. सभी ने समर्थन और समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन अब तक जमीन पर कोई असर नहीं दिख रहा है. उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि पिछले 15 दिनों से वे लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिलता है। इससे ट्रांसपोर्टरों में भारी रोष है और वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

**बस्ती में 200 रुपये की वसूली पड़ी भारी, टोल प्लाजा को देना होगा 2.45 लाख रुपये जुर्माना यह भी पढ़ेः बस्ती में 200 रुपये की वसूली पड़ी भारी, टोल प्लाजा को देना होगा 2.45 लाख रुपये जुर्माना**

ट्रक एसोसिएशन ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे. उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल ट्रक संचालकों की नहीं, बल्कि पूरे व्यापारी वर्ग और आम जनता की है। बैठक में दीपक सिंह अरविन्द कुमार गुप्ता अनुरोध सिंह महेश सिंह दीपक सिंह ठेकेदार प्रमोद यादव, संजय यादव, सुमित चौधरी, अवधेश कुमार, आशीष कुमार गुप्ता, विपुल त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अज्ञात कारणों से पशुचर पर लगी आग, ग्रामीणों की भारी मशकत के बाद आग पर पाए काबू



**सिद्धार्थनगर-** शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के तौलिहवा ग्राम पंचायत के इटहिया टोले में पशुचर में मंगलवार को दोपहर में आग लग गई। जिससे आसपास के किसानों के होश उड़ गए। ग्रामीणों ने दमकल की सहायता से आग पर काबू पाया। मौके पर तहसीलदार व लेखपाल भी मौजूद रहे। इटहिया के सीवान में स्थित 250 बीघे के पशुचर में अचानक मंगलवार को लगभग साढ़े 11 बजे आग लग गई। जिससे ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। लोगों को पशुचर के बगल अपने-अपने गेहूं की खड़ी फसल की चिंता सताने लगी।लोग सामूहिक प्रयास से आग बुझाने का प्रयास करने लगे लेकिन पछुवा हवा के कारण आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। लोगों ने अग्निशमन,डायल 112 व तहसील प्रशासन को फोन किया। जिसके बाद दमकल वाहन भी पहुंच गया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार प्रकाश सिंह के नेतृत्व में तहसील प्रशासन की देखरेख में आग पर काबू पाया गया।फसल का कोई नुकसान नहीं हुआ। इस दौरान लेखपाल योगेश कुमार,प्रविन्दर,पंचम पटेल,ऋषभ सिंह सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे।

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी को भेजा गया जेल

स्वतंत्र प्रभात पुलिस 112 आपात सेवाएं

**कोंच(जालौन)-** पिता के साथ बाजार जा रही किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। घटना दो दिन पूर्व की है, जब किशोरी अपने पिता के साथ बाजार जा रही थी। इसी दौरान एक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। विरोध करने पर आरोपी युवक ने पिता से भी अभद्रता की। आसपास मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी देवेंद्र कुमार के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर-** ढेबरुआ थाना परिसर में मंगलवार को पुलिस द्वारा मिशन शक्ति व साइबर क्राइम कार्यक्रम के तहत चौपाल लगाकर क्षेत्र की दर्जनों महिलाओं जागरूक किया गया। कार्यक्रम में एसएचओ दुर्गा प्रसाद,मिशन शक्ति प्रभारी सोमनाथ शर्मा, आरक्षी बृजेश कुमार, महिला आरक्षी श्रद्धा त्रिपाठी व मीरा रानी ने चौपाल में मौजूद महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्हें उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, आत्मरक्षा के तरीकों, घरेलू हिंसा से बचाव और कानून द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई। इनमें महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं।पुलिस टीम ने महिला हेल्प डेस्क की भूमिका, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और गोपनीयता बनाए रखने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। पुलिस ने महिलाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या अपराध की सूचना बिना किसी भय के तत्काल पुलिस को दें। एसएचओ दुर्गा प्रसाद ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त, सुरक्षित और जागरूक बनाना था। इसके अलावा तीन नये कानून के बारे में और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजना जैसे कि सुमंगला कन्या योजना, वृद्धा पेंशन योजना, किसान सम्मान निधि योजना, विधवा पेंशन योजना, शहरी व ग्रामीण आवासीय योजनाओं के बारे में भी बताया गया।

# प्रयागराज में अवैध प्लाटिंग पर बड़ा एक्शन तय, बक्शी-भीटी में दो हफ्ते में चलेगा अभियान




**प्रयागराज।** बक्शी और भीटी क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विकास प्राधिकरण ने बड़े स्तर पर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। प्राधिकरण के जोनल अधिकारी सूरज पटेल ने बताया कि अगले दो हफ्तों के भीतर अवैध प्लाटिंग करने वालों को चिन्हित कर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, इन इलाकों से अवैध प्लाटिंग को लेकर बड़ी संख्या में शिकायतें उच्च स्तर तक पहुंची थीं। लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण ने अभियान तेज करने का निर्णय लिया है। इसके तहत पहले चरण में अवैध कॉलोनियों और प्लॉटिंग नेटवर्क की पहचान की जाएगी, उसके बाद नोटिस और फिर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**छोटे खरीदार सबसे ज्यादा प्रभावित**

जमीनी स्तर पर देखा जाए तो अवैध प्लाटिंग का सबसे बड़ा नुकसान छोटे और मध्यम वर्ग के खरीदारों को उठाना पड़ता है। 100 से 250 वर्ग गज के प्लॉट खरीदने वाले लोग अक्सर बिना वैध स्वीकृति वाली जमीन खरीद लेते हैं। बाद में जब प्राधिकरण की जांच होती है तो ऐसे लोगों को नोटिस थमा दिया जाता है कि उनका निर्माण अवैध है। कई मामलों में बुलडोजर कार्रवाई भी हो चुकी है, जिससे लोगों की जीवनभर की जमा पूंजी दांव पर लग जाती है।

**बड़े नेटवर्क पर कार्रवाई की मांग**

स्थानीय स्तर पर लंबे समय से यह आरोप लगते रहे हैं कि कार्रवाई का दायरा ज्यादातर छोटे खरीदारों तक सीमित रह जाता है, जबकि अवैध प्लाटिंग करने वाले बड़े नेटवर्क और भूमाफिया पर समय रहते सख्ती नहीं होती। इसको लेकर कई बार शिकायतें भी दर्ज कराई गई, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिले प्राधिकरण का दावा है कि इस बार कार्रवाई केवल छोटे खरीदारों तक सीमित नहीं रहेगी। अवैध प्लाटिंग के पीछे सक्रिय मुख्य लोगों और संगठित नेटवर्क को चिन्हित कर सीधे उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि अवैध कॉलोनियों के विकास, जमीन की खरीद-फरोख्त और फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले पूरे तंत्र को निशाने पर लिया जाएगा।

**लोगों से सतर्क रहने की अपील**

प्राधिकरण ने आम नागरिकों से अपील की है कि प्लॉट खरीदने से पहले जमीन की वैधता और स्वीकृति की जांच अवश्य करें। बिना लेआउट पास और आवश्यक अनुमतियों के जमीन खरीदना भविष्य में बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है।

## सपा नेता मो.तारीख के आवास पहुंचे सांसद उज्जवल रमण सिंह



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के चकदोदी मोहल्ले में समाजवादी पार्टी के नेता मो. तारीख अबताफ के निवास पर सांसद उज्जवल रमण सिंह पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने मो. तारीख अबताफ को ईद की मुबारकबाद दी और क्षेत्रवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की।इस दौरान दोनों नेताओं के बीच आपसी सौहार्द और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में समाजसेवी इशरत सिद्दीकी सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर बधाइयां दीं।

# कोल्ड स्टोरेज हादसे में बड़ा एक्शनः पूर्व मंत्री समेत 12 पर हत्या का मुकदमा, चार मजदूरों की मौत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**ब्यूरो प्रयागराज।** फाफामऊ थाना क्षेत्र स्थित आदर्श कोल्ड स्टोरेज में हुए भीषण हादसे के बाद पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मामले में कोल्ड स्टोरेज के मालिक और समाजवादी पार्टी सरकार में पूर्व मंत्री रहे अंसार अहमद समेत 12 लोगों के खिलाफ हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपितों में कोल्ड स्टोरेज के मैनेजर उस्मान, पूर्व मंत्री के करीबी असलम बाबा, मंजूर, अलाउद्दीन, जावेद, मोहम्मद इरफान तथा पांच अज्ञात लोग शामिल हैं। सभी आरोपी चंद्रपुर, फाफामऊ के निवासी बताए जा रहे हैं।

**अमोनिया टैंक फटने से मचा था हड़कंप**

सोमवार को आदर्श कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया टैंक फटने के बाद पूरी इमारत भरभराकर गिर गई थी। हादसे में चार मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। मृतकों में तीन मजदूर बिहार के निवासी थे, जिससे उनके परिवारों में मातम पसरा हुआ है।

**लापरवाही और अव्यवस्था उजागर**

एफआईआर में कोल्ड स्टोरेज प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जांच में सामने आया किः

- मजदूरों को किसी प्रकार की सुरक्षा प्रशिक्षण नहीं दी गई थी
- भवन जर्जर स्थिति में था
- मरम्मत और निगरानी के लिए कोई तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद नहीं था
- सुरक्षा मानकों की पूरी तरह अनदेखी की गई
- क्षमता से अधिक सामान भरकर मुनाफाखोरी की जा रही थी

इन लापरवाहियों ने मिलकर इस दर्दनाक हादसे को जन्म दिया। पुलिस जांच तेज, कई हिरासत में फाफामऊ थाने के दारोगा कबोद सिंह की तहरीर पर दर्ज मुकदमे के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कुछ नामजद आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एसीपी थरवई अरुण पाराशर ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के दूसरे दिन भी राहत और बचाव कार्य जारी रहा। अमोनिया गैस का असर आसपास के क्षेत्रों तक फैल गया, जिससे स्थानीय लोग दहशत में हैं। इस बीच कुछ लोग कोल्ड स्टोरेज से आलू निकालते हुए भी देखे गए, जिस पर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। पुलिस और प्रशासन की टीमें पूरे मामले की हर पहलू से जांच कर रही हैं। यह हादसा न सिर्फ प्रबंधन की लापरवाही, बल्कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी का बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है।

## तेज रफ्तार का कहरः बीटेक छात्र की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम



**प्रयागराज।** जनपद में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। प्रयागराज के ईश्वरपुर निवासी 20 वर्षीय बीटेक छात्र आकाश यादव की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार, आकाश यादव किसी काम से हंडिया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक एक अज्ञात वाहन सामने आ गया। वाहन से बचने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े नीम के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि आकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना के तुरंत बाद उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# शाहजहांपुर में बुलडोजर से टूटी काकोरी कांड के वीरों की प्रतिमाएं



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में काकोरी केस के अमर बलिदानियों की प्रतिमाएं टूटने का मामला सामने आने के बाद विवाद गहरा गया है। नगर निगम कार्यालय परिसर में स्थापित इन प्रतिमाओं को हटाने के दौरान निर्माण एजेंसी की लापरवाही से नुकसान पहुंचा, जिससे शहर में आक्रोश फैल गया है और मामला राजनीतिक रंग भी लेता नजर आ रहा है। जानकारी के मुताबिक, नगर निगम परिसर के पास स्मार्ट रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी के तहत अमर बलिदानियों की पुरानी प्रतिमाओं को हटाकर नई प्रतिमाएं लगाने की योजना थी। इसके लिए करीब 40 लाख रुपये की निविदा पर एक एजेंसी को ठेका दिया गया था।

नई प्रतिमाओं को पीछे स्थापित किया जाना था, लेकिन संबंधित ठेकेदार ने नगर निगम अधिकारियों को बिना सूचित किए रविवार रात बुलडोजर से प्रतिमाएं हटाने की कोशिश की। इसी दौरान प्रतिमाएं खंडित हो गईं।

घटना की जानकारी सामने आते ही शहर के लोगों में रोष फैल गया। सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव अनीत कुमार त्रिवेदी ने प्रशासन से मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जिन वीरों ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, उनकी प्रतिमाओं के साथ इस तरह की लापरवाही जनभावनाओं को आहत करती है। सोशल मीडिया पर घटना से जुड़े वीडियो वायरल होने के बाद महापौर अर्चना वर्मा मौके पर पहुंचीं और नगर निगम अधिकारियों को तलब कर नाराजगी जताई। वायरल वीडियो में प्रतिमाओं को डंपिंग ग्राउंड में पड़ा हुआ दिखाया जा रहा है, जिससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पांच साल की बच्ची संग दुष्कर्म मामले मे 19 साल का युवक गिरफ्तार



**बस्ती।** बस्ती जिले केपैकोलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में 5 साल की मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी के आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया। आरोपी की पहचान पड़ोसी युवक सुशील वर्मा (19) के रूप मे हुई। आरोप है कि शुक्रवार की शाम करीब 6:30 खेल रही पांच वर्षीय बच्ची को आरोपी उसके घर से 50 मीटर दूर झाड़ी में उठा ले गया था और मुंह दबाकर दुष्कर्म कर रहा था। स्थानीय समाचार कवरेज खोजते हुए बच्ची की मां के पहुंचने पर आरोपी भाग गया था। इस मामले में पुलिस ने शनिवार को मासूम की मां की तहरीर पर आरोपी युवक सुशील वर्मा पर पॉक्सो, एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। सीओ हर्रैया स्वर्णिमा सिंह ने बताया कि रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा की मौत, पीएम रिपोर्ट से खुलेगा राज



**बस्ती।** बस्ती जिले केहरैया थाना क्षेत्र के फरिंदा जागीर गांव में मंगलवार सुबह 16 वर्षीय प्रियांशी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसने औद्योगिक विकास इंटर कॉलेज, बिहरा से हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। पता चला है किसी बात को लेकर मां ने उसे डांट दिया था, जिससे नाराज होकर वह अपने कमरे मे चली गयी

**पुलिस भर्ती प्रशिक्षण**

कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी और मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की सूचना पर डायल 112 और स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और वीडियोग्राफी कराई गई। फील्ड यूनिट ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे किसी बात को लेकर मां ने उसे डांट-फटकार लगाई थी। इससे किशोरी मानसिक रूप से आहत हो गई और अपने कमरे में चली गई। कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई और परिजनों के संभालने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चलेगा।

### रामनवमी को निकाली जाने वाली भव्य शोभा यात्रा 26 मार्च को




**बस्ती।** बस्ती जिले में मंगलवार को हिन्दू युवा वाहिनी की बैठक न्याय मार्ग स्थित जिला कार्यालय पर अध्यक्ष शशिभूषण सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 26 मार्च को चैत्र रामनवमी को निकाली जाने वाली भव्य शोभा यात्रा की तैयारियों पर चर्चा हुई। जिला महामंत्री विनय सिंह ने बताया कि 26 मार्च के सायं 5 बजे कम्पनीबाग स्थित शिवमंदिर के निकट कमल टेण्ट हाउस पर लोग इकट्ठा होंगे।

यहां से शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुये मारवाडी मंदिर पुरानी बस्ती तक जायेगी। गांधीनगर स्थित श्री हनुमान मंदिर पर विशेष अनुष्ठान आयोजित किया गया है। शोभा यात्रा में रथ, घोडा, देवी देवताओं की झांकिया, अखण्ड ज्योति आदि सम्मिलित होंगे। तैयारी बैठक में मुख्य रूप से जिला संयोजक बब्लू निषाद, महामंत्री कन्हैयालाल, जय प्रकाश सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, विजय द्विवेदी, यशवन्त सिंह, रवि सिंह, अनिल मिश्र, दिनेश सिंह, वृजेन्द्र चौधरी, राजेन्द्र निषाद, अजय श्रीवास्तव, विवेक सिंह, अजय कन्नौजिया, प्रवीन सिंह के साथ ही हियुवा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति की समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केउत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति की समीक्षा बैठक अध्यक्ष मा. वित्तीय विलम्ब समिति डा. रतनपाल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में बस्ती मंडल के अंतर्गत जनपद बस्ती एवं संतकबीरनगर के जिलाधिकारी बस्ती श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना, संतकबीर नगर के आलोक कुमार, पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह, संतकबीर नगर के संदीप कुमार मीना, मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, जयकेश त्रिपाठी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और विभागवार बजट आवंटन एवं व्यय की स्थिति की प्रगति रिपोर्ट पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक के दौरान समिति के सदस्यों द्वारा दिसम्बर 2025 तक स्वीकृति बजट के सापेक्ष व्यय धनराशि तथा विभागवार संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों ने समिति को अवगत कराया कि विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कितनी धनराशि आवंटित की गई, उसके सापेक्ष कितना व्यय किया गया तथा किन-किन कार्यों को धरातल पर पूर्ण कराया गया। साथ ही योजनावार एवं वर्षवार शेष धनराशि का भी विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष वित्तीय विलम्ब समिति डा. रतनपाल सिंह, समिति के सदस्य विधान परिषद विजय बहादुर पाठक, हरि प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव एवं समिति अधिकारी सर्वेश चन्द्र




गुप्ता, निजी सचिव सभापति मनोज कुमार, समीक्षा अधिकारी अभय सिंह ने योजनाओं के क्रियान्वयन की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता पर विशेष बल देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित योजनाएं सीधे ग्रामीण जनता से जुड़ी होती हैं, अतः इनका प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, नाली एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की जमीनी हकीकत के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

समिति ने यह भी निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा कार्यों की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय से पहुंचना चाहिए। बैठक में एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, संतकबीर नगर के जय प्रकाश, सीएमओ डा. राजीव निगम, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, डीडीओ अजय कुमार सिंह, पीडी राजेश कुमार, मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, डीएफओ डा. शिरीन, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा, ईओ नगरपालिका अंगद गुप्ता, मत्स्य अधिकारी संदीप वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, डीपीओ राजेश कुमार, गन्ना अधिकारी अंगद सिंह, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी संजीव कुमार, डीएसटीओ मनोज कुमार श्रीवास्तव, एडीआईओएस उदयभान वर्मा, डीएसओ विमल शुक्ला, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत विजय प्रकाश वर्मा, डीएचओ अरूण त्रिपाठी सहित संबंधित दोनों जिलों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## पंचम दिवस पर रामकथा में उमड़ा जनसैलाब, भक्ति रस में डूबे श्रोता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** विकासखंड पचपेड़वा के ग्राम गुरचिहवा स्थित श्री आदिशक्ति समय माता मंदिर परिसर में आयोजित भव्य श्रीराम कथा के पंचम दिवस पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण भगवान श्रीराम के जयकारों तथा भक्ति गीतों से गुंजायमान हो उठा। पंचम दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष अमित कुमार अप्पू उपस्थित रहे। उनके साथ डा. विजय पाल प्रजापति, डा. जानकी प्रसाद पाल, रामनेवास विश्वकर्मा, डा. जितेन्द्र कुमार पासवान एवं राजेश यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए और कथा का श्रवण किया। अयोध्या धाम से पधारे विद्वान कथावाचक ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा और धर्मनिष्ठा का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र मानव जीवन



के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में प्रेम, सद्भाव और शांति स्थापित की जा सकती है।

कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति में लीन नजर आए। महिला, पुरुष एवं बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ कथा का रसपान किया। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत बना रहा। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। यह भव्य रामकथा आयोजन न केवल धार्मिक जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का भी संदेश दे रहा है। इस आयोजन में श्री आदिशक्ति समय माता मंदिर समिति के प्रबंधक सतीश चंद्र मिश्र की भूमिका सराहनीय रही, जिनके कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। इस अवसर पर व्यवस्थापक विनय पाठक, अजय शुक्ला, उपाध्यक्ष हरिराम प्रजापति, रामपाल यादव, सचिव गिरिजेश कुमार पांडे, संरक्षक अरुणदेव पाठक व अरुण कुमार चतुर्वेदी सहित विवेक कुमार, नीलम, रवि गुप्ता, हरीराम प्रजापति, कल्लू नेता, विनय गुप्ता, बुद्धमान पेंटर, रामलौटन मौर्य समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी रमेश कुमार यादव ने बताया कि यह आठ दिवसीय श्रीराम कथा न केवल आध्यात्मिक चेतना को जागृत कर रही है, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता को भी सुदृढ़ बना रही है।

## विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**●टीबी मुक्त भारत का लिया संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस के अवसर पर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम हां, हम टीबी समाप्त कर सकते हैं रही, जिसके माध्यम से टीबी उन्मूलन के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चों में होने वाली टीबी की रोकथाम के लिए उचित पोषण अत्यंत आवश्यक है। साथ ही माताओं को सलाह दी गई कि वह बच्चों को टीबी के दौरान भी स्तनपान कराएं, जिससे उन्हें पर्याप्त पोषण मिल सकें। चिकित्सकों ने जानकारी दी कि टीबी के मरीजों में खांसी दो सप्ताह से अधिक समय तक रहना, बुखार, वजन कम होना और सांस फूलना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। ऐसे लक्षण मिलने पर तुरंत जांच कराना आवश्यक है। अस्पताल में बलगम, एक्स-रे और सीबी-नैट जैसी जांचें निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष ने बताया कि क्षय रोग के अंतर्गत सभी मरीजों को निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं तथा पोषण सहायता राशि भी प्रदान की जाती है, जिससे मरीजों का समुचित उपचार सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारियों एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों ने भी अपने विचार रखे और टीबी उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। महाविद्यालय प्रशासन ने आमजन से अपील की कि टीबी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जांच कराएं और सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों का लाभ उठाएं, ताकि देश को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

## देवरिया कला में देवी भागवत कथा का भव्य आयोजन, नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की महिमा का हुआ विस्तृत वर्णन

**●नवदुर्गा के नौ रूपों की पूजा करने से तथा कन्या पूजन करने से होती है मनवांछित फल की प्राप्तिः राजन जी महाराज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** विकासखंड रुपईडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरिया कला स्थित प्राचीन समय माता मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित देवी भागवत महापुराण कथा इन दिनों पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बनी हुई है। नवरात्रि के प्रथम दिवस से प्रारंभ हुई इस दिव्य कथा में दूर-दराज से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।कथा व्यास पूज्य राजन जी महाराज ने अपने मधुर वाणी और प्रभावशाली प्रवचनों के माध्यम से देवी भागवत महापुराण की महिमा का विस्तार से



वर्णन करते हुए बताया कि मां भगवती ही सम्पूर्ण सृष्टि की अधिष्ठात्री शक्ति हैं। उन्होंने नवदुर्गा के नौ स्वरूपों–शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री–की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक रूप मानव जीवन के अलग-अलग आयामों को संतुलित करता है।कथा के छठवें दिन विशेष रूप से मां कात्यायनी की महिमा का वर्णन किया गया। महाराज जी ने बताया कि मां कात्यायनी का स्वरूप साहस, शक्ति और न्याय का प्रतीक है। उनकी उपासना से भक्तों के जीवन से भय और संकट दूर होते हैं तथा मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।

उन्होंने यह भी कहा कि नवरात्रि के दौरान श्रद्धापूर्वक व्रत, पूजन और विशेष रूप से कन्या पूजन करने से मां भगवती अत्यंत प्रसन्न होती हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। कथा के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है, जहां भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है।इस अवसर पर मंदिर के पुजारी प्रेम कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि देवी भागवत महापुराण कथा की पूर्णाहुति 27 मार्च को विधि-विधान के साथ संपन्न होगी। इसके उपरांत 28 मार्च को कुडूम धाम में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है।ग्रामवासियों क्षेत्र वासियों के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र में आस्था और एकता का अद्भुत संदेश दिया है। श्रद्धालुओं का मानना है कि इस प्रकार के आयोजन न केवल आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे को भी मजबूत करते हैं।

## गौरीगंज पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार




**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर विभिन्न धाराओं सहित गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम थाना गौरीगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त एजाज उर्फ राजन राईन पुत्र मोहम्मद अली निवासी पोस्ट आफिस के पीछे कटरालालगंज थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।


## डॉ. निशांत पांडेय की किताब ने रचा इतिहास

**●तीन कैटेगरी में 'इंटरनेशनल बेस्टसेलर' बनकर युवाओं को किया प्रेरित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर ।** लखनऊ चारबाग रबिंद्रालय परिसर में आयोजित लखनऊ पुस्तक मेले में इस बार नये लेखकों के लिए सुनहरा अवसर रहा है। बलरामपुर के डॉ. निशांत पांडेय ने एआई जैसे जटिल विषय को हर किसी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर केंद्रित उनकी किताब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन वैरियस फील्ड्स, फ्यूचर आफ एआई एंड रोबोटिक्स इस समय बौद्धिक समाज में न केवल व्यावहारिक अंतर्दृष्टि के लिए चर्चा में है, बल्कि इसने तीन अलग-अलग श्रेणियों में शीर्ष स्थान हासिल कर 'इंटरनेशनल बेस्टसेलर' होने का गौरव भी प्राप्त किया है।

आईटी,फार्मेसी और समाज सेवा में अपने कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले डॉ. पांडेय का हमेशा से मानना रहा है कि ज्ञान समाज को सशक्त बनाने के लिए होना चाहिए। इस किताब के माध्यम से उन्होंने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन जैसे क्षेत्रों में एआई के प्रभाव को बेहद सरल और सटीक उदाहरणों के साथ समझाया है।




इस पुस्तक की सबसे बड़ी विशेषता इसका संतुलित दृष्टिकोण है। जहाँ एक ओर डॉ. पांडेय एआई के सुनहरे अवसरों पर प्रकाश डालते हैं, वहीं दूसरी ओर वे नैतिक जिम्मेदारियों और सामाजिक कल्याण के लिए तकनीक के उपयोग पर भी जोर देते हैं। उनकी इस वैश्विक सफलता पर उन्हें 'इंटरनेशनल बेस्टसेलर ऑथर' बनने के लिए ढेरों बधाइयाँ मिल रही हैं।

उल्लेखनीय है कि डॉ. पांडेय को समाज सेवा और सामुदायिक विकास में उनके सराहनीय कार्यों के लिए इंटरनेशनल आइकन अवार्ड 2025 से भी सम्मानित किया जा चुका है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली यह नई कामयाबी यह साबित करती है कि जब तकनीक को उद्देश्य के साथ जोड़ा जाता है, तो वह सामाजिक परिवर्तन का एक शक्तिशाली माध्यम बन जाती है।यह किताब आज के युवाओं, छात्रों और तकनीक प्रेमियों के लिए न केवल एक मार्गदर्शक है, बल्कि एक बड़ी प्रेरणा भी है।

## बलरामपुर में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को कैबिनेट की मंजूरीः परियोजना पर 292 करोड़ रुपए होंगे खर्च, जाम से मिलेगी राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रदेश सरकार ने बलरामपुर जिले में लंबे समय से प्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण को मंजूरी दे दी है। राष्ट्रीय राजमार्ग-730 पर गोंडा-बलरामपुर रेलखंड के समपार संख्या-136 पर दो लेन का रेल उपरिगामी सेतु बनाया जाएगा। इस परियोजना पर कुल 292.21 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिसका पूरा वहन राज्य सरकार करेगी।यह प्रस्ताव पहले वित्त समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था, जिसके बाद मंत्रिपरिषद ने इसे अंतिम स्वीकृति प्रदान की। इस निर्णय से स्थानीय निवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है।रेलवे क्रॉसिंग के कारण बलरामपुर शहर में अक्सर भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। गोंडा-गोरखपुर रेलखंड शहर को दो हिस्सों में बांटता है, जिससे एक ओर बाजार और अस्पताल हैं, तो दूसरी ओर जिलाधिकारी कार्यालय, विकास भवन, न्यायालय और पुलिस अधीक्षक



कार्यालय स्थित हैं।दिनभर में लगभग 8 यात्री और मालगाड़ियां इस रेलखंड से गुजरती हैं, जिसके चलते फाटक 10 से 12 बार बंद होता है। क्रॉसिंग बंद होने पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और जाम वीर विनय चौराहा तथा पीपल तिराहा तक फैल जाता है। यह मार्ग गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, तुलसीपुर और देवीपाटन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ता है।इस ओवरब्रिज के निर्माण से लगभग सवा लाख लोगों को जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही, मरीजों, छात्रों और व्यापारिक गतिविधियों में भी आवागमन सुगम हो जाएगा। जिलाधिकारी ने दिसंबर 2025 में इस परियोजना के संबंध में शासन को एक प्रस्ताव भेजा था, जिसमें सदर विधायक पल्टूराम के सुझाव का उल्लेख किया गया था। शासन ने भी अपने आदेश में इस प्रस्ताव का हवाला दिया है।निर्माण कार्य की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अप्रैल से काम शुरू होने की संभावना है। निर्माण अवधि के दौरान यातायात को सुचारु रखने के लिए पीपल तिराहा से संतोषी माता मंदिर तक जाने वाले मार्ग को चौड़ा किया जा रहा है।

## स्कूल चलो अभियान की सफलता के लिए शुरू हों ठोस प्रयास : खंड शिक्षा अधिकारी

**●माह मार्च की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** विकास खंड गौरीगंज में खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह की अध्यक्षता में माह मार्च की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज में किया गया। बैठक में बेसिक शिक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी सत्र 2026-27 की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी ने विशेष रूप से 'स्कूल चलो अभियान' को सफल बनाने पर जोर देते हुए सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें और ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ने के लिए सक्रिय प्रयास करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में 25 मार्च को आयोजित होने वाले नवारंभ उत्सव को व्यवस्थित ढंग से दिए गए निर्देशों के क्रम में भव्य शानदार तरीके से मनाने के लिए



निर्देश दिए गए। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत छात्रों के आकलन परिणामों की समीक्षा की गई तथा शिक्षण गुणवत्ता में सुधार हेतु आवश्यक रणनीतियों पर चर्चा हुई।

साथ ही कक्षा 1 से 8 तक की परीक्षाओं, मूल्यांकन और अंकपत्र वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। आगामी शैक्षिक सत्र के लिए स्कूल चलो अभियान, समर कैंप, बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त मिड-डे मील, छात्र उपस्थिति, आधार सत्यापन, स्मार्ट क्लास, ऑपरेशन कायाकल्प एवं अन्य शैक्षिक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे अपने विद्यालयों में नवाचार एवं गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा दें, ताकि बच्चों की सीखने की क्षमता में गुणात्मक सुधार हो सके। बैठक में उपस्थित समस्त शिक्षकों ने दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया। बैठक में प्रमुख रूप से बद्री विशाल सिंह अरविंद विष्णु कांत पाठक हरिकेश यादव प्रमोद तिवारी विवेक शुक्ला आलोक तिवारी प्रमोद पांडे अश्विनी रविकांत महेश श्रीराम सुरेश कन्नौजिया प्रशांत आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## व्यापारी से मारपीट मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जाखलौन पुलिस ने व्यापारी के साथ मारपीट के मामले में वांछित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस के अनुसार, वादी द्वारा 24 मार्च को दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पांचों अभियुक्तों ने एक राय होकर



उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर थाना जाखलौन में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुराग रजक, अरुण रजक, युवराज तिवारी, शेरू उर्फ नितिन तथा सोहिल पठान को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। सभी आरोपी जाखलौन कस्बे के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आरोपियों द्वारा असलहे के साथ डराने-धमकाने के लगाए गए आरोप असत्य और निराधार हैं। गिरफ्तारी की कार्रवाई थाना प्रभारी अर्जुन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### 26 मार्च को जिला न्यायालय रहेगा खुला: जिला जज

27 मार्च को जिला न्यायालय रहेगा बंद

**रायबरेली:-** 24 मार्च 2026 जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह ने बताया है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार जिला न्यायालय में राम नवमी के उपलक्ष्य में 26 मार्च 2026 (गुरुवार) के स्थान पर 27 मार्च 2026 (शुक्रवार) को अवकाश घोषित किया जाता है। जिला न्यायालय 26 मार्च 2026 (गुरुवार) को भी कार्य के लिए खुला रहेगा। उन्होंने बताया है कि उपरोक्त के अनुपालन में इस न्यायपालिका के सभी न्यायालय 26 मार्च 2026 (गुरुवार) को न्यायिक कार्य के लिए खुले रहेंगे और राम नवमी के कारण 27 मार्च 2026 (शुक्रवार) को इस न्यायपालिका के सभी न्यायालय बंद रहेंगे।

### फैक्ट्री की छत से गिरकर श्रमिक की मौत

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बछरावां रोड स्थित बड़े नहर के पास मेरुई गांव में एक टोस्ट फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिक की छत से गिरकर मौत हो गई। हादसे से फैक्ट्री परिसर में अफरा तफरी मच गई और परिवार में मातम छा गया। ऊंचाहार थाना क्षेत्र के बाबूगंज पूरे द्वारिका मजरे नतरौला गांव निवासी बबलू (28) पुत्र रामसेवक फैक्ट्री में काम करता था। वह अन्य श्रमिकों के साथ वहीं पर रहता था। सोमवार रात करीब 9 बजे वह छत पर खाना खाने के बाद टहल रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे जमीन गिर पड़ा। गंभीर हालत में साथियों ने उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक पांच भाइयों में तीसरे नंबर का था। वह अविवाहित था। घटना के बाद मां रामपति, भाई जितेंद्र, मनोज, बब्बू और उमेश का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### शहीद दिवस के अवसर पर हिंदू जागरण मंच द्वारा देश की अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दीपदान कर अर्पित की गई श्रद्धांजलि



**बिसवां (सीतापुर)** शहीद दिवस के अवसर पर नगर के जोशी टोला मोहल्ले में सोमवार की देर शाम हिंदू जागरण मंच, सीतापुर द्वारा देश के अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दीपदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीदों के चित्र दीप दान कर शहीदों को नमन किया और उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक शिवांशु पांडे रोहित ने कहा कि आज ही के दिन अमर शहीदों को अंग्रेजों द्वारा फांसी दी गई थी। उन्होंने कहा कि इनका जीवन संघर्ष, त्याग और देशभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है, जो आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के जीवन चरित्र को आत्मसात करें और देशहित में कार्य करने की भावना विकसित करें। कार्यक्रम में जिला सहसंयोजक सौरभ जोशी, सुधांशु मिश्रा, विभव अवस्थी, ऋषभ अवस्थी, बबलू अवस्थी, दीपक दीक्षित सहित बड़ी संख्या में मंच के कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति के नारों और शहीदों को दीप दान कर श्रद्धांजलि के साथ किया गया।

## मुकेश द्विवेदी बने भारतीय किसान क्रांति यूनियन के प्रदेश मीडिया प्रभारी, किसानों की समस्याओं को मिलेगी नई धार

**● .......संगठन विस्तार: ऋषि मिश्रा ने मुकेश द्विवेदी पर जताया भरोसा, मोहनलालगंज में जश्न का माहौल, व्यापारियों और पत्रकारों ने दी बधाई।**



स्वतंत्र प्रभात

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र के प्रमुख किसान नेता ऋषि मिश्रा द्वारा नवगठित भारतीय किसान क्रांति यूनियन ने अपने संगठन विस्तार की दिशा में पहला बड़ा कदम उठाते हुए मंगलवार को मुकेश द्विवेदी (महराज) को प्रदेश मीडिया प्रभारी के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है। संगठन के गठन के प्रथम दिन ही इस अहम जिम्मेदारी की घोषणा से जहाँ एक ओर संगठन की सक्रियता का संदेश गया है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के किसानों और समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। मुकेश द्विवेदी की नियुक्ति को आगामी समय में किसानों की आवाज को प्रदेश स्तर पर और अधिक प्रखर और प्रभावी बनाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है।

संगठन के संस्थापक और किसान नेता ऋषि मिश्रा ने इस नियुक्ति की घोषणा करते हुए कहा कि मुकेश द्विवेदी लंबे समय से धरातल पर किसानों के हितों के लिए संघर्षरत रहे हैं। वे केवल एक नाम नहीं बल्कि किसानों के सुख-दुख के साथी रहे हैं और हर आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर चलते आए हैं। ऋषि मिश्रा ने विश्वास व्यक्त किया कि मुकेश द्विवेदी के पास जो अनुभव और मीडिया जगत के प्रति जो सक्रियता है, उससे संगठन को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी।

उनकी इस नई भूमिका से अब किसानों की छोटी से छोटी समस्याएं भी प्रदेश सरकार और संबंधित जिम्मेदारों तक बेहद प्रभावी ढंग से पहुँच सकेंगी।

इस घोषणा के बाद मोहनलालगंज क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उनकी नियुक्ति पर मोहनलालगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष सत्यम पांडेय और प्रेस क्लब अध्यक्ष विमल सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया। सैकड़ों की संख्या में मौजूद समर्थकों ने मुकेश द्विवेदी का फूल-मालाओं से स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। स्थानीय लोगों और समर्थकों का मानना है कि मुकेश द्विवेदी के नेतृत्व में किसान यूनियन की मीडिया सेल न केवल सशक्त होगी, बल्कि यह संगठन किसानों के हक की लड़ाई को एक नई दिशा प्रदान करेगा।

## बिना विनियमन शुल्क जमा किये भट्ठे के संचालन करने पर मेसर्स एवन ईट उद्योग की ट्रैक्टर और ट्रॉली जब्त

**प्रतापगढ़।** मुख्य राजस्व अधिकारी/प्रभारी अधिकारी खनन अजय कुमार तिवारी ने बताया है कि जनपद प्रतापगढ़ में बिना विनियमन शुल्क जमा किये भट्ठे के संचालन करने पर उनके विरूद्ध लगातार नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में 24 मार्च को तहसील रानीगंज ग्राम गारापुर में मे0 एवन ईट उद्योग प्रो0 अंसार अहमद द्वारा विगत 03 वर्षो से बिना विनियमन शुल्क जमा किये ईट बनाने हेतु प्रयोग में लायी जाने वाली मिट्टी का खनन करते हुये भट्ठे का संचालन किया जा रहा था जिससे राजस्व की क्षति हो रही थी। भट्ठा स्वामी को बकाया विनियमन शुल्क जमा किये जाने हेतु भट्ठे पर जाकर खनन विभाग द्वारा कई बार नोटिस दिया गया परन्तु भट्ठा स्वामी द्वारा विनियमन शुल्क की धनराशि जमा नहीं करायी गयी जिस कारण खनन विभाग, राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुये भट्ठे पर कार्यरत 01ट्रैक्टर मय ट्राली को पकड़ कर थाना फतनपुर की अभिरक्षा में दिया गया है। खान निरीक्षक द्वारा बताया गया है कि जनपद में बिना विनियमन शुल्क जमा किये गये समस्त ईट भट्ठो को चिन्हित कर उस पर कार्यवाही की जा रही है।

## कैंसर पीड़िता की मदद के लिए भाजपा नगर संयोजक डा.बाबू तिवारी ने बढ़ाया मदद का हाथ



**● पीड़िता को 10000 देकर की आर्थिक मदद**

स्वतंत्र प्रभात

संवाददाता राजेश कुमार

**रायबरेली** सतांव क्षेत्र की रहने वाली एक अत्यंत गरीबों की हालत से सफर कर रही कैंसर पीड़ित महिला कि आज लालगंज भाजपा नगर संयोजक डॉक्टर बाबू तिवारी ने परिवार से मिलकर हर संभव इलाज तथा आर्थिक मदद का आश्वासन दिया साथ ही आर्थिक मदद के रूप में रुपए 10000 परिवार को इलाज के करने के लिए दिए जानकारी के मुताबिक सतांव क्षेत्र के शहजाद पुर गांव की रहने वाली पीड़िता गुड्डी प्रजापति पत्नी गुड्डू प्रजापति जो कि लगभग 6 माह से कैंसर की पीड़ित है जिसका कई जगह इलाज हुआ लेकिन गरीबों के चलते इलाज करवाने में असमर्थ थी इसकी सूचना पाकर लालगंज भाजपा के नगर संयोजक व बजरंग दल के सक्रिय कार्यकर्ता डॉक्टर बाबू तिवारी ने पीड़ित के घर जाकर पूरा हाल जाना और घर वालों तथा कैंसर पीडिता को जल्द स्वस्थ होने के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए कहां की हम हर संभव मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे वहीं गांव के बूढ़े बुजुर्ग लोग काफी संख्या में उपस्थित रहे डॉक्टर बाबू तिवारी ने यह भी बताया कि हम अपने संगठन से कहकर आगे और भी सहायता करेंगे जिससे भविष्य में और किसी अच्छे अस्पताल में इलाज कराया जा सके।

## मलिहाबाद-मोहान मार्ग पर हुए हादसे में बाइक चालक बेटे की हुई मौत, माँ-बेटी की हालत नाजुक

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** तेज रफ्तार कार की टक्कर में बाइक चला रहे बेटे की मौत हो गई, जबकि उसकी माँ और बहन गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक, उन्नाव जनपद के औरास थाना क्षेत्र के नेवरा घाट निवासी साहिल अपनी माँ निर्मला और बहन चाहत के साथ बाइक से मां चंद्रिका देवी मंदिर से दर्शन कर घर लौट रहे थे। रविवार देर रात जब वे मलिहाबाद के पुरवा गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसा इतना भीषण था कि तीनों सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया था, जहां से हालत गंभीर होने पर



उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया था।

इलाज के दौरान साहिल की मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। वहीं उसकी माँ और बहन की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने हादसे में शामिल कार को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार और अव्यवस्थित यातायात के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## वृद्धाश्रम में बुजुर्ग सीख रहे हैं स्वरोजगार के तरीके

**प्रतापगढ़।** वृद्धाश्रम महुली में बुजुर्गों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नई पहल शुरू की गई है। इसके तहत अटल अभ्युदय योजना के तहत बुजुर्गों को लिफाफे, पंखे, रुई बत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वृद्धाश्रम में इस समय 78 बुजुर्ग निवास कर रहे हैं। इन बुजुर्गों को चिंता मुक्त व स्वस्थ रखने व तनाव से दूर रखकर व्यस्त रखने के साथ ही उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्यक्रम की शुरुआत शिवा ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र मौर्य ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती मां के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा की वृद्धजनों को विभिन्न प्रकार के रोजगार की दिशा में यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसी के साथ वृद्धजनों को भजन व योग भी कराएं जा रहे हैं। जिससे उनके स्वास्थ्य से लेकर के दिन चर्या में सुधार आए और इन्हें कभी किसी प्रकार की निराशा ना हो।

## तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत, महिला गंभीर घायल

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 232 पर मधुकरपुर गांव के निकट मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। खेत से सब्जी लेकर लालगंज कृषि मंडी ले रहे ई-रिक्शा को तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई, जबकि बगल में खड़ी एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मधुकरपुर निवासी देवा (17) पुत्र संतोष अपने ई-रिक्शा में सब्जी लादकर नवीन कृषि मंडी लालगंज जा रहा था। जैसे ही वह गांव के निकट सड़क पर चढ़ा रायबरेली की ओर से रहे एक तेज रफ्तार बेकाबू डंपर ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्ती की ई रिक्शा दूर जाकर गिरा। इससे वहां खड़ी मधुकरपुर निवासिनी



महिला सुनीता (40) व देवा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर में ई रिक्शा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि रिक्शा पर लदा सारा सामान सड़क पर बिखर गया। हादसे में घायल देवा और सुनीता को फौरन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां दोनों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान देवा की मौत हो गई। घटना के बाद डंपर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा है। बेटे की मौत से मां शशिकला दादी सुखरानी, बहने विनीता, प्रियंका अंतिमां का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के गांव वालों ने बताया कि एक मां पहले ही उसके पिता का निधन हो चुका है। घर की जिम्मेदारी मृतक पर थी। सब्जी और ई रिक्शा चलाकर वह घर का खर्च चला रहा था। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## अरीशा फाउंडेशन ने आयोजित किया ईद मिलन समारोह और कवि सम्मेलन यह कार्यक्रम एक दूसरे को आपस में जोड़ने का मुख्य साधन हैं:- सलमान सीतापुरी

स्वतंत्र प्रभात

**ऐलिया सीतापुर** स्थानीय सहादत नगर में साहित्यिक संस्था अरीशा फाउंडेशन के तत्वावधान में ईद मिलन समारोह के पावन अवसर पर एक भव्य एवं यादगार कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजक जनपद के प्रसिद्ध युवा शायर सलमान सीतापुरी रहे, जिनके संयोजन में यह आयोजन अत्यंत सफल एवं आकर्षक बना। आयोजक सलमान ने कहा कि यह कार्यक्रम एक दूसरे को आपस में जोड़ने का अच्छा साधन हैं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागर गुप्ता (प्रदेश मंत्री, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन) की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने संबोधन में साहित्यिक आयोजनों की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को समाज में सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत बताया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं माल्यार्पण से हुई, जहां आयोजक सलमान सीतापुरी द्वारा सभी आमंत्रित कवियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार रजनीश मिश्र ने की, जबकि मंच संचालन अमित कैथवार द्वारा




प्रभावशाली ढंग से किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने अपने उत्कृष्ट काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर मंज़र यासीन, अम्बरीष श्रीवास्तव, कार्तिकेय शुक्ल, यासीन इब्ने उमर, सुमन मनीष मिश्रा, पिंकी प्रजापति, तुषार मिश्र, रोहित विश्वकर्मा, विकास मौर्य, आयुष आयु, सूरज सीतापुरी, देवेंद्र चौहान सहित आज़म जी ने अपनी-अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रोताओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति और तालियों की गूंज ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। अंत में कार्यक्रम व्यवस्थापक मुख्तार अंसारी ने सभी अतिथियों, कवियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ गरिमापूर्ण ढंग से किया गया। यह आयोजन ईद मिलन के अवसर पर आपसी भाईचारे, सौहार्द और सांस्कृतिक एकता का संदेश देने के साथ-साथ साहित्यिक परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

## पीड़ित परिवार को मिली आर्थिक मदद, कार्रवाई का भरोसा, न्याय की उठी मांग

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** बंथरा क्षेत्र के नीवां गांव में हुए हृदयविदारक ट्रिपल सुसाइड मामले के बाद पीड़ित परिवार की सहायता के लिए समाजसेवी लगातार आगे आ रहे हैं। मंगलवार को समाजसेवी सुंदर लाल रावत गांव पहुंचे और मृतक रूपनारायण के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और गहरा शोक व्यक्त किया। समाज सेवी सुंदर लाल रावत ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। ऐसे कठिन समय में समाज का कर्तव्य है कि पीड़ित परिवार के साथ खड़ा रहे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि परिवार को हर संभव आर्थिक और सामाजिक मदद दिलाने के लिए वे प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मामले में यदि किसी प्रकार का उत्पीड़न या दबाव सामने आता है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जाएगी। इसके लिए वे प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित कराने का प्रयास करेंगे।

गांव में घटना के बाद से शोक के साथ-



साथ आक्रोश का माहौल बना हुआ है। बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर संवेदना जता रहे हैं। परिजनों का कहना है कि परिवार आर्थिक तंगी और मानसिक दबाव से जूझ रहा था, ऐसे में अब समाज से मिल रही मदद ही उनके लिए सहारा बन रही है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को सरकारी स्तर पर भी आर्थिक सहायता और सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि वे इस कठिन परिस्थिति से उबर सकें। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम उठाना बेहद जरूरी है। इस दौरान राजू रावत,गोविंद आदि अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## देवानंद गुप्ता बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष: बलरामपुर में नई जिला कार्यसमिति की घोषणा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बलरामपुर जिले के लिए अपनी नई जिला कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। इस सूची में देवानंद गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह सूची प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के अनुमोदन के बाद जारी की गई। देवानंद गुप्ता को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। बलरामपुर भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर भी कार्यकर्ता एक-दूसरे को शुभकामनाएं दे रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष देवानंद गुप्ता के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल माला और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष फरिंदर गुप्ता, रोहित राज गुप्ता, सीबी माथुर, चरन सिंह, राजेश कुमार, आयुष जायसवाल, मनीष कौशल, राजेश सोनी, अंकुर गुप्ता, ओम प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट, सभासद राजकुमार पाण्डेय, विष्णु गुप्ता, बबलू श्रीवास्तव, बलराम गुप्ता, निरंकार कोली, गोपाल मोदनवाल, दीपक चौधरी, विशाल गुप्ता, सरनजीत सैनी, अमित गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, सुरेश सोनी, हरिओम पंडित, अमित सोनी, दुर्गा प्रसाद, विजय गुप्ता, राहुल राज गुप्ता, पवन कसौधन और नीरज गुप्ता सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नवनिर्माण के 09 वर्ष- विकास प्रदर्शनी

**मुख्य विकास अधिकारी ने युवाओं को दिया तकनीकी शिक्षा और आत्मनिर्भरता का मंत्र**

**भदोही** 24 मार्च 2026:- जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल निर्देशन में नवनिर्माण के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद भदोही में आयोजित विकास प्रदर्शनी सातवें दिन मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला ने प्रदर्शनी स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया और विभिन्न विभागीय स्टालों का अवलोकन कर प्रगति की समीक्षा की।

**कुशलता और तकनीकी शिक्षा पर जोर**

प्रदर्शनी के दौरान युवाओं और आमजन को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने 'हुनर' की महत्ता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा आज के युग में आत्मनिर्भर बनने के लिए हर व्यक्ति के पास किसी न किसी कौशल (Skill) का होना अनिवार्य है। युवाओं को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा को अपनाना चाहिए ताकि वे केवल नौकरी खोजने वाले न बनकर, रोजगार देने वाले बन सकें। '

मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जागरूकता ही विकास की पहली सीढ़ी है। योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े



व्यक्ति तक तभी पहुँचेगा जब वह उनके प्रति सचेत होगा। बेरोजगारी पर प्रहार: स्वरोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता से जुड़ी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर युवा बेरोजगारी की समस्या को जड़ से समाप्त कर सकते हैं। उन्होंने स्टालों पर तैनात अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में दी जाए और मौके पर ही पात्र लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शनी में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जन कल्याणकारी योजनाओं और पिछले 09 वर्षों की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा वितरित प्रचार सामग्री के माध्यम से भी लोग शासन की मंशा और उपलब्धियों से रूबरू हो रहे हैं। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और भारी संख्या में स्थानीय।

## मिश्रिख लॉयर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी निर्विरोध घोषित

स्वतंत्र प्रभात

**मिश्रिख।** तहसील मिश्रिख में अधिवक्ताओं के वार्षिक चुनाव प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच एवं वापसी का अंतिम दिन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सभी पदों के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों की विधिवत जांच की गई। जांच एवं नामांकन वापसी के उपरांत प्रत्येक पद पर केवल एक-एक प्रत्याशी के शेष रहने के कारण पूरी कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन घोषित कर दिया गया। निर्वाचन अधिकारी सौरभ सक्सेना एडवोकेट ने औपचारिक घोषणा करते हुए बताया कि मिश्रिख लॉयर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चुनी गई है। अध्यक्ष पद पर बृजलाल, महासचिव पद पर सुधीर शुक्ल राना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद अकरम खान तथा कोषाध्यक्ष पद पर नरेंद्र प्रताप सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

उपाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार त्रिपाठी, गौरव वाजपेयी और भास्कर पांडेय चुने गए हैं। वहीं संयुक्त सचिव प्रशासनिक के पद पर ठाकुर प्रसाद, संयुक्त सचिव प्रकाशन के



पद पर रजनीश कुमार तथा संयुक्त सचिव लाइब्रेरी के पद पर प्रेम प्रकाश राजवंशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके अलावा वरिष्ठ कार्यकारिणी में पुष्पेंद्र गुप्ता, सुनील प्रताप सिंह, अभिषेक कुमार विमल, कमलेश कुमार मधुकर, जलालुद्दीन और अमीर अहमद को शामिल किया गया है। कनिष्ठ कार्यकारिणी में अजय पांडेय, विमलेंद्र कुमार त्रिपाठी, प्रशांत त्रिपाठी, आनंद यादव, इमरान अहमद और सचिन अवस्थी को निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सभी ने नई कार्यकारिणी से संगठन के हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई है।

## शुभम रस्तोगी को युवा जिला अध्यक्ष सीतापुर पद की सौपी गई जिम्मेदारी

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां/सीतापुर।** ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन (रजि.) ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए युवा चेहरे शुभम रस्तोगी को युवा जिला अध्यक्ष, सीतापुर (उत्तर प्रदेश) पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मुकुल वर्मा की संस्तुति एवं पदाधिकारियों की सहमति से की गई।

इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि शुभम रस्तोगी एक सक्रिय, कर्मठ एवं समाज के प्रति समर्पित युवा हैं, जिनकी कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें यह अहम दायित्व सौंपा गया है। उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई है। नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष शुभम रस्तोगी ने कहा कि वे संगठन द्वारा दिए गए इस सम्मान और जिम्मेदारी के लिए आभारी हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे संगठन की नीतियों, सिद्धांतों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे तथा समाज के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि युवाओं को जोड़कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाना उनकी प्राथमिकता होगी, साथ ही समाज के उत्थान एवं एकता के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।संगठन ने उनके



उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में सीतापुर में स्वर्णकार समाज और अधिक संगठित एवं सशक्त होगा।

## साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा पीड़ित के खाते में 39,000/- रु0 धनराशि को कराया गया वापस

जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना/साइबर हेल्प डेस्क को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में आवेदिका सृष्टि यादव पुत्री विनोद यादव निवासी ग्राम बसवापुर थाना सुरियावां जनपद भदोही के साथ टेलीग्राम के माध्यम से पढाई के नाम पर साईबर फ्राड हुआ था आवेदिका के द्वारा आनलाईन साईबर शिकायत किया गया था। साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र तथा NCRP पोर्टल का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़िता सृष्टि




यादव पुत्री विनोद यादव के 39000/-रुपये की धनराशि को पीड़िता के खाते में वापस कराया गया। पीड़िता के खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

# चुनावी घमासान में तीखे आरोप और बदलते समीकरण

देश के पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों ने राजनीतिक तापमान को चरम पर पहुंचा दिया है। पश्चिम बंगाल से लेकर केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी तक हर राज्य में राजनीतिक दल अपनी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर चुके हैं। आरोप-प्रत्यारोप, बयानबाजी और रणनीतिक गठबंधनों के बीच यह चुनाव केवल सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि विचारधाराओं और जनसमर्थन की भी बड़ी परीक्षा बन गया है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए उन्हें सबसे बड़ा घुसपैठिया तक कह दिया। कोलकाता में ईद की नमाज के बाद दिए गए उनके भाषण ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बंगाल में अघोषित रूप से राष्ट्रपति शासन जैसा माहौल बना रही है और लोगों को बांटने की कोशिश कर रही है। ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि वोटर सूची में बदलाव के जरिए नागरिकों के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे उनकी पार्टी किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। ममता के इस बयान को भारतीय राजनीति में बढ़ती तीखी भाषा और ध्रुवीकरण का प्रतीक माना जा रहा है। चुनावी मौसम में इस तरह के आरोप अक्सर मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से लगाए जाते हैं, लेकिन इनके दूरगामी प्रभाव भी होते हैं। इससे न केवल राजनीतिक माहौल गरमाता है, बल्कि सामाजिक सौहार्द पर भी असर पड़ सकता है।

दूसरी ओर केरल में भी सियासी बयानबाजी अपने चरम पर है। वहां के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी पार्टी पर भाजपा की बी टीम की तरह काम करने का आरोप लगाया। यह बयान उस समय आया जब राहुल गांधी ने सवाल उठाया था कि केंद्रीय एजेंसियां अन्य विपक्षी नेताओं पर कार्रवाई कर रही हैं, लेकिन केरल के मुख्यमंत्री पर ऐसा कोई दबाव क्यों नहीं दिखता। इस पर पलटवार करते हुए विजयन ने कांग्रेस की मंशा पर ही सवाल खड़े कर दिए। केरल की राजनीति परंपरागत रूप से वामपंथी और कांग्रेस गठबंधन के बीच घूमती रही है, लेकिन इस बार भाजपा भी अपनी उपस्थिति मजबूत करने की कोशिश में है। हालांकि राज्य में अब तक भाजपा को उल्लेखनीय सफलता नहीं मिली है, फिर भी वह अपने संगठन और रणनीति के जरिए नई जमीन तलाश रही है। ऐसे में आरोपों का यह दौर चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा बन गया है।

असम में भी चुनावी समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। कांग्रेस ने कई क्षेत्रीय और वामपंथी दलों के साथ गठबंधन कर भाजपा को चुनौती देने की रणनीति अपनाई है। यहां बांग्लादेशी घुसपैठ, असमिया पहचान और विकास जैसे मुद्दे प्रमुख बने हुए हैं। भाजपा जहां अपनी उपलब्धियों और नेतृत्व के दम पर सत्ता में वापसी का दावा कर रही है, वहीं विपक्ष एकजुटता के जरिए उसे रोकने की कोशिश कर रहा है।

तमिलनाडु में स्थिति कुछ अलग है, जहां लंबे समय से क्षेत्रीय दलों का दबदबा रहा है। यहां एम के स्टालिन के नेतृत्व में द्रविड़ मुनेत्र कषगम की सरकार है और कांग्रेस उसके साथ गठबंधन में है। भाजपा यहां अपने संगठन को मजबूत करने में लगी है, लेकिन राज्य की राजनीति में उसकी भूमिका अभी सीमित मानी जाती है। इसके बावजूद वह इस चुनाव को भविष्य की संभावनाओं के रूप में देख रही है।

पुडुचेरी में भी मुकाबला रोचक होता जा रहा है। यहां सत्ता में मौजूद गठबंधन अपनी स्थिति बचाने की कोशिश में है, जबकि कांग्रेस और उसके सहयोगी वापसी की राह तलाश रहे हैं। छोटे राज्य होने के बावजूद यहां के चुनाव का राष्ट्रीय राजनीति पर असर पड़ सकता है, क्योंकि यह गठबंधन की राजनीति का एक अहम उदाहरण है। चुनाव आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार पांचों राज्यों में अलग-अलग चरणों में मतदान होगा और चार मई को नतीजे घोषित किए जाएंगे। कुल मिलाकर यह पूरी चुनाव प्रक्रिया लगभग पचास दिनों तक चलेगी, जिसमें राजनीतिक दलों को जनता तक अपनी बात पहुंचाने का पर्याप्त समय मिलेगा।

इस दौरान कई जगहों पर तनाव और झड़प की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। पश्चिम बंगाल के बारानगर में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस समर्थकों के बीच हुई झड़प इस बात का संकेत है कि चुनावी माहौल कितना संवेदनशील हो चुका है। ऐसी घटनाएं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए चिंता का विषय हैं और प्रशासन के लिए चुनौती भी। इन चुनावों का महत्व केवल राज्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी तय कर सकते हैं। आगामी लोकसभा चुनावों से पहले यह एक बड़ा संकेत होगा कि जनता किस दिशा में सोच रही है और किस नेतृत्व पर भरोसा कर रही है।

कुल मिलाकर देखा जाए तो पांच राज्यों के ये चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि देश के राजनीतिक विमर्श का आईना भी हैं। नेताओं के बयान, गठबंधनों की रणनीति और जनता के मुद्दे मिलकर एक ऐसा परिदृश्य बना रहे हैं, जो आने वाले समय में भारतीय राजनीति की दिशा तय करेगा।

**कांतिलाल मांडोत**

# तैयारी ही विजय है: वैश्विक संकट में भारत का नेतृत्व मंत्र

**[ जब हालात विकट हों, तब नेतृत्व गढ़ता है इतिहास— भारत इसका प्रमाण ]**

**[ वैश्विक उथल-पुथल के बीच अडिग भारत का अटूट आत्मविश्वास ]**

जब वैश्विक क्षितिज पर युद्ध और अनिश्चितता के काले बादल मंडराने लगते हैं, तब किसी राष्ट्र की असली पहचान उसके साहस, तैयारी और दूरदर्शी नेतृत्व से होती है। लोकसभा में प्रधानमंत्री द्वारा पश्चिम एशिया की गंभीर स्थिति पर दिया गया संदेश इसी शक्ति और संकल्प का जीवंत उदाहरण है। उनका संबोधन केवल एक सामान्य चेतावनी नहीं था, बल्कि पूरे राष्ट्र को सतर्क, संगठित और सशक्त बनाने वाला दृढ़ आह्वान था। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में संकेत दिया कि यह संघर्ष सीमाओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके प्रभाव पूरी दुनिया को प्रभावित करेंगे। ऐसे निर्णायक समय में भारत को कोविड काल जैसी अनुशासित एकजुटता, सजगता और मजबूत तैयारी के साथ आगे बढ़ना होगा, ताकि हर चुनौती को अवसर में बदला जा सके और राष्ट्र की प्रगति अविरल बनी रहे। पश्चिम एशिया का यह संघर्ष महज़ राजनीतिक टकराव नहीं, बल्कि एक गहराते वैश्विक आर्थिक और ऊर्जा संकट की चेतावनी भी है। भारत जैसे तेजी से उभरते राष्ट्र के लिए यह स्थिति अत्यंत निर्णायक बन जाती है, क्योंकि ऊर्जा ही विकास की धुरी है। ऐसे संवेदनशील समय में प्रधानमंत्री ने जिस आत्मविश्वास के साथ देश को आश्वस्त किया, वह सरकार की दूरदर्शिता और ठोस रणनीति का प्रमाण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीते वर्षों में उठाए गए मजबूत और समयोचित कदम आज भारत को इस वैश्विक संकट के प्रभाव से सुरक्षित रखने में सक्षम हैं। ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर और सुरक्षित बनाए रखने के लिए अपनाई गई नीतियां अब अपनी प्रभावशीलता सिद्ध कर रही हैं, जो यह दर्शाती हैं कि सही समय पर लिए गए निर्णय भविष्य की बड़ी चुनौतियों को काफी हद तक नियंत्रित कर सकते हैं।

ऊर्जा क्षेत्र में भारत की प्रगति आज उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है। आयात के स्रोतों का विस्तार कर उन्हें अनेक देशों तक फैलाना एक ऐसी रणनीति रही है, जिसने देश को किसी एक क्षेत्र पर निर्भर रहने से मुक्त कर दिया है। वैश्विक अस्थिरता के इस दौर में यह नीति भारत के लिए सुरक्षा कवच सिद्ध हो रही है। इसके साथ ही, देश की रिफाइनरियां पूरी क्षमता से संचालित हो रही हैं और पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है। सामरिक पेट्रोलियम भंडार का निर्माण इस दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरगामी कदम है, जिसने आपातकालीन परिस्थितियों में भारत को आत्मनिर्भर और मजबूत बनने की नई शक्ति प्रदान की है। घरेलू स्तर पर एलपीजी और अन्य आवश्यक ईंधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों के उतार-चढ़ाव के बावजूद आम नागरिकों को राहत पहुंचाना एक बड़ी उपलब्धि है, जो सरकार की जनहितकारी सोच को दर्शाता है। कोविड काल के कठिन समय में जिस प्रकार आवश्यक वस्तुओं को नियंत्रित कीमतों पर उपलब्ध कराया गया था, उसी संवेदनशील और जिम्मेदार नीति को आज भी प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। किसानों और आम परिवारों को आर्थिक दबाव से बचाना केवल एक नीति नहीं, बल्कि सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह स्पष्ट करता है कि देश के विकास के साथ-साथ जनकल्याण को भी समान और सर्वोच्च महत्व दिया जा रहा है।

नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां आज केवल प्रगति की कहानी नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर एक प्रेरणादायक उदाहरण बन चुकी हैं। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जैव ईंधन के तीव्र विस्तार ने देश को पारंपरिक ईंधनों की निर्भरता से बड़ी हद तक मुक्त कर दिया है। इथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देने की नीति ने एक ओर जहां विदेशी मुद्रा की भारी बचत सुनिश्चित की है, वहीं दूसरी ओर किसानों को आय के नए और स्थायी स्रोत प्रदान किए हैं। इसके साथ ही, रेलवे के तीव्र विद्युतीकरण और इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन ने ऊर्जा के वैकल्पिक साधनों को नई गति दी है। ये सभी दूरदर्शी प्रयास आज के वैश्विक संकट के बीच भारत को मजबूती, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जिस स्पष्टता और दृढ़ता के साथ देश को सचेत किया, वह नेतृत्व की गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने रेखांकित किया कि किसी भी संकट में सबसे बड़ा खतरा बाहरी नहीं, बल्कि भीतर की घबराहट और अफवाहें होती हैं। ऐसे समय में संयम, जागरूकता और जिम्मेदारी ही सबसे बड़ी ताकत बनती है। अपील की कि वे सतर्क रहें, परंतु विचलित न हों। सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह मुस्तैद हैं और विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही, कूटनीतिक स्तर पर भारत शांति, संतुलन और स्थिरता की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है, जो उसकी वैश्विक जिम्मेदारी और बढ़ते प्रभाव का सशक्त प्रमाण है।

पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऊर्जा सुरक्षा को केवल एक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में स्थापित किया है। रणनीतिक भंडारण, ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण और नवीकरणीय विकल्पों पर निरंतर जोर ने देश को एक मजबूत और स्थायी आधार प्रदान किया है। आज जब विश्व अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है, तब भारत की स्थिरता, आत्मविश्वास और मजबूती उसकी दूरदर्शी नीतियों की सफलता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। यह इस बात का प्रमाण है कि सुनियोजित रणनीति और दृढ़ संकल्प किसी भी बड़े संकट का सामना करने में सबसे प्रभावी हथियार होते हैं। भविष्य की चुनौतियों को भांपते हुए भारत जिस तीव्र गति से नई ऊर्जा तकनीकों और संसाधनों की दिशा में आगे बढ़ रहा है, वह उसकी दूरदर्शिता और संकल्प का प्रमाण है। ग्रीन हाइड्रोजन, उन्नत परमाणु ऊर्जा और उच्च इथेनॉल मिश्रण जैसी महत्वाकांक्षी पहलें देश को न केवल आत्मनिर्भर बना रही हैं, बल्कि उसे ऊर्जा स्वतंत्रता की ओर निर्णायक रूप से अग्रसर कर रही हैं। प्रधानमंत्री का यह आह्वान कि कोविड काल जैसी एकजुटता आज भी उतनी ही आवश्यक है, केवल वर्तमान संकट तक सीमित नहीं, बल्कि भविष्य की हर चुनौती के लिए एक स्पष्ट मार्गदर्शन है। यह सत्य और भी सशक्त होकर सामने आता है कि जब पूरा राष्ट्र एकजुट होकर आगे बढ़ता है और नेतृत्व दृढ़ एवं दूरदर्शी होता है, तब कोई भी संकट भारत की प्रगति की गति को थाम नहीं सकता।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# संपादकीय

## नारी शक्ति का नया अध्याय लोकसभा में बढ़ेगा महिलाओं का प्रतिनिधित्व और बदलेगी लोकतंत्र की दिशा



भारत का लोकतंत्र एक नए मोड़ पर खड़ा है जहां महिलाओं की भागीदारी को लेकर ऐतिहासिक परिवर्तन की तैयारी हो रही है। लंबे समय से चली आ रही मांग अब एक ठोस रूप लेती दिखाई दे रही है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने का विचार अब केवल एक कानून तक सीमित नहीं रह गया है बल्कि इसे प्रभावी रूप से लागू करने के लिए बड़े संवैधानिक बदलावों पर विचार किया जा रहा है। प्रस्तावित योजना के अनुसार लोकसभा की सीटों की संख्या में लगभग पचास प्रतिशत तक वृद्धि कर महिलाओं के लिए पर्याप्त स्थान सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है।

यह परिवर्तन केवल संख्या का विस्तार नहीं है बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र के चरित्र में गहराई से बदलाव लाने वाला कदम साबित हो सकता है। जब संसद में महिलाओं की संख्या बढ़ेगी तो निर्णय लेने की प्रक्रिया में विविधता और संतुलन दोनों आएंगे। अब तक राजनीति में पुरुषों का वर्चस्व रहा है जिसके कारण कई सामाजिक मुद्दे अपेक्षित प्राथमिकता नहीं पा सके। महिलाओं की बढ़ी हुई भागीदारी से शिक्षा स्वास्थ्य पोषण सुरक्षा और समानता जैसे विषय अधिक गंभीरता से उठेंगे।

महिला आरक्षण को लागू करने की प्रक्रिया में अब तक सबसे बड़ी बाधा परिसीमन से जुड़ी शर्त रही है। परिसीमन के बिना आरक्षण लागू करना संभव नहीं माना जा रहा था। लेकिन अब सरकार इस शर्त को अलग कर आरक्षण को पहले लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। यह कदम इस बात का संकेत है कि नीति निर्माण में तेजी और इच्छाशक्ति दोनों मौजूद हैं। यदि यह योजना सफल होती है तो वर्ष 2027 से ही महिलाओं को वास्तविक प्रतिनिधित्व मिलने लगेगा।

लोकसभा की सीटों में वृद्धि का प्रस्ताव अपने आप में महत्वपूर्ण है। वर्तमान में लोकसभा में 543 सदस्य हैं लेकिन इस संख्या को बढ़ाकर लगभग 816 तक करने का विचार है। इससे न केवल महिलाओं को आरक्षण देना आसान होगा बल्कि जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व भी अधिक संतुलित होगा। बढ़ी हुई सीटों का मतलब यह भी है कि अधिक क्षेत्रीय आवाजें संसद तक पहुंच सकेंगी और लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होंगी। महिलाओं के लिए लगभग 273 सीटें आरक्षित करने की योजना एक बड़ा कदम है। यह संख्या केवल एक आंकड़ा नहीं है बल्कि यह उन लाखों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है जो अब तक राजनीतिक मंच से दूर रही हैं। जब महिलाएं बड़ी संख्या में संसद में पहुंचेंगी तो नीति निर्माण में संवेदनशीलता और व्यावहारिकता दोनों का समावेश होगा। इससे समाज के उन वर्गों की समस्याएं भी सामने आएंगी जो अक्सर हाशिये पर रह जाते हैं। इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इससे संसद की कार्यप्रणाली में भी बदलाव आएगा। महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से बहस का स्तर अधिक समावेशी होगा। निर्णय लेने की प्रक्रिया में संवाद और सहमति का महत्व बढ़ेगा। कई शोध यह बताते हैं कि जहां महिलाओं की भागीदारी अधिक होती है वहां शासन अधिक पारदर्शी और जवाबदेह होता है। ऐसे में यह उम्मीद की जा सकती है कि भारतीय संसद भी अधिक प्रभावी और जनोन्मुखी बनेगी।

राजनीतिक दृष्टि से यह कदम कई चुनौतियों के साथ भी आता है। विभिन्न राज्यों के बीच सीटों के वितरण को लेकर पहले से ही असंतुलन की चर्चा होती रही है। दक्षिण भारत के कुछ राज्यों ने यह चिंता जताई है कि जनसंख्या के आधार पर सीटों का पुनर्वितरण उन्हें नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में सीटों की संख्या बढ़ाकर इस असंतुलन को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। यह एक संतुलित दृष्टिकोण है जो सभी राज्यों को साथ लेकर चलने की कोशिश करता है।

महिला आरक्षण के लागू होने से राजनीतिक दलों की रणनीति में भी बड़ा बदलाव आएगा। अब उन्हें अधिक संख्या में महिला उम्मीदवारों को तैयार करना होगा। इससे राजनीति में नए चेहरे और नई सोच का प्रवेश होगा। युवतियों और महिलाओं के लिए राजनीति एक आकर्षक और सशक्त विकल्प बन सकती है। इससे समाज में लैंगिक समानता को भी बढ़ावा मिलेगा।

सामाजिक दृष्टि से यह परिवर्तन और भी महत्वपूर्ण है। जब महिलाएं संसद में अधिक संख्या में होंगी तो समाज में उनकी स्थिति और सम्मान दोनों बढ़ेंगे। यह बदलाव केवल राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक क्रांति का रूप ले सकता है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की महिलाएं इससे प्रेरित होंगी और अपने अधिकारों के प्रति अधिक जागरूक बनेंगी।

आर्थिक दृष्टि से भी इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकता है। महिलाएं जब नीति निर्माण में भाग लेंगी तो वे रोजगार शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में अधिक ध्यान देंगी। इससे देश के समग्र विकास को गति मिलेगी। महिला सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक मुद्दा नहीं है बल्कि यह आर्थिक विकास का भी एक महत्वपूर्ण आधार है।

हालांकि इस पूरी प्रक्रिया में सहमति बनाना एक बड़ी चुनौती है। सभी राजनीतिक दलों को साथ लेकर चलना जरूरी है ताकि यह बदलाव बिना किसी बाधा के लागू हो सके। विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों को मिलकर इस दिशा में काम करना होगा। यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं है बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा हुआ विषय है। अंततः यह कहा जा सकता है कि महिला आरक्षण और लोकसभा सीटों में वृद्धि का यह प्रस्ताव भारतीय लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। यदि इसे सही तरीके से लागू किया गया तो यह आने वाले वर्षों में देश की राजनीति और समाज दोनों को नई दिशा देगा। महिलाओं की बढ़ी हुई भागीदारी से लोकतंत्र अधिक समावेशी मजबूत और संवेदनशील बनेगा। यह केवल एक कानून नहीं बल्कि एक नई शुरुआत है जो भारत को एक अधिक न्यायपूर्ण और संतुलित समाज की ओर ले जाएगी।

**कांतिलाल मांडोत**

# भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास केवल राजनीतिक आंदोलनों और सशस्त्र क्रांतियों का इतिहास नहीं है, बल्कि यह उस 'चौथे स्तंभ' के जागरण की भी गाथा है, जिसने ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ जनमत बनाने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में जब भी 'कलम के सिपाहियों' का जिक्र होता है, तो गणेश शंकर विद्यार्थी का नाम सबसे ऊपर चमकता है। वे केवल एक पत्रकार नहीं थे, बल्कि एक ऐसी संस्था थे जिन्होंने पत्रकारिता को 'मिशन' बनाया और अपनी लेखनी से ब्रिटिश साम्राज्य की चूलें हिला दीं। गणेश शंकर विद्यार्थी का जन्म 26 अक्टूबर, 1890 को इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में हुआ था। उनके व्यक्तित्व में एक अजीब सी कशिश थी एक तरफ वे गांधीजी के अहिंसात्मक आंदोलनों के समर्थक थे, तो दूसरी तरफ क्रांतिकारी भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद के मददगार और मार्गदर्शक भी थे। उनकी पत्रकारिता इन दोनों धाराओं का संगम थी।

गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता की यात्रा का केंद्र बिंदु उनका साप्ताहिक पत्र 'प्रताप' था। 1913 में, केवल 23 वर्ष की आयु में, उन्होंने कानपुर से 'प्रताप' का प्रकाशन शुरू किया। उस दौरान देश में असंतोष की लहर थी, लेकिन साथ ही साम्प्रदायिकता के बीज भी बोए जा रहे थे। कानपुर उस समय व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र था और यहां उदारवादी और प्रगतिशील विचारों की सख्त जरूरत थी।

'प्रताप' का उद्देश्य साफ था सत्य का प्रचार और अन्याय का प्रतिकार। उस समय के अधिकांश समाचार पत्र या तो अंग्रेजों की तारीफ में लिखते थे या फिर बहुत ही सीमित बौद्धिक वर्ग तक सीमित थे। विद्यार्थी जी ने 'प्रताप' को जनता की आवाज बनाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पत्र निर्देशित नहीं होगा, बल्कि स्वयं एक निर्देशक बनेगा। उनके संपादकीयों में एक तीक्ष्णता थी, एक आक्रोश था, लेकिन साथ ही एक गहरा दर्द भी था। वे केवल खबरें देने वाले पत्रकार नहीं थे, वे समाज के मार्गदर्शक थे। विद्यार्थी जी की पत्रकारिता की सबसे बड़ी विशेषता उनकी लेखन शैली थी। उनकी भाषा सीधी-साधी, ठेठ देशज और बेबाक थी। वे कठिन शब्दों का प्रयोग नहीं करते थे, बल्कि ऐसे शब्दों का चयन करते थे जो सीधे पाठक के दिल पर चोट करें। उनका लेखन 'जनवादी' था। वे जानते थे कि स्वतंत्रता का सपना तभी साकार होगा जब किसान, मजदूर और आम जनता इसे अपना मानेगी।

ब्रिटिश शासन के दमन के खिलाफ लिखते समय उनकी कलम से आग झरती थी। वे कभी भी अलंकारों में बात नहीं कहते थे। जब भी कोई अन्याय होता, चाहे वह ब्रिटिश सरकार द्वारा किसानों पर लगाया गया अत्याचार हो या किसी रियासत में प्रजा का शोषण, विद्यार्थी जी उसे बेधड़क उठाते थे। उनके संपादकीय न केवल सरकार की नीतियों की आलोचना करते थे, बल्कि जनता को झकझोर कर जगाते थे। उनकी पत्रकारिता में 'कर्तव्य' का भाव था। वे मानते थे कि पत्रकार का कर्तव्य है कि वह सत्य को प्रकाश में लाए, चाहे इसके लिए उसे कितनी भी कीमत चुकानी पड़े।

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश सरकार ने प्रेस पर कड़े प्रतिबंध लगाए हुए थे। 'वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट' जैसे काले कानूनों के तहत सरकार पत्रकारों को जेल भेज सकती थी और पत्रों का जमानत बंद कर सकती थी। ऐसे में अधिकांश पत्रकार डरकर सरकार की खुशामद में लग गए थे, लेकिन गणेश शंकर विद्यार्थी झुकने वालों में से नहीं थे। उन्होंने ब्रिटिश नीतियों, विशेषकर 'रोलेट एक्ट' के विरोध में ऐसे तीखे लेख लिखे कि सरकार हमेशा उनके पीछे पड़ी रहती थी। उन पर मुकदमे चलाए गए, जुर्माने लगाए गए, और कई बार उन्हें जेल जाना पड़ा। लेकिन जेल जाना उनके लिए वीरता का पदक था। जब भी वे जेल से लौटते, 'प्रताप' को और अधिक तेजी से लिखना शुरू करते। उन्होंने यह दिखाया कि सच्ची पत्रकारिता भय से परे होती है। वे कहा करते थे कि 'अगर सच बोलने के लिए जेल जाना पड़े, तो वह जेल स्वर्ग से कम नहीं।' उनके इस निडर रवैये ने कानपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को प्रेरित किया और स्वतंत्रता आंदोलन में भारी जनसहभागिता बढ़ी।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रारंभिक दौर में राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व मुख्य रूप से शिक्षित मध्यम वर्ग के हाथों में था। किसान और मजदूर वर्ग इसके किनारे खड़े थे। गणेश शंकर विद्यार्थी शायद पहले उन पत्रकारों में से थे जिन्होंने समझा कि आजादी की लड़ाई को तभी जीता जा सकता है जब यह लड़ाई आम आदमी की लड़ाई बन जाए।

'प्रताप' ने किसानों की पीड़ा को व्यक्त किया। विद्यार्थी जी ने किसानों पर हो रहे शोषण, लगान की मनमानी व्यवस्था और पुलिस के अत्याचारों को बड़े ही विस्तार से उजागर किया। उन्होंने मजदूरों के अधिकारों के लिए भी आवाज उठाई। कानपुर उस समय एक बड़ा औद्योगिक शहर था और यहां मजदूरों की स्थिति दयनीय थी। विद्यार्थी जी ने 'प्रताप' के माध्यम से मजदूरों में जागरूकता फैलाई और उन्हें संगठित होने की सलाह दी।

इस प्रकार की पत्रकारिता उस समय के लिए अभूतपूर्व थी। यह 'राजनीतिक पत्रकारिता' से आगे बढ़कर 'सामाजिक पत्रकारिता' थी। उन्होंने दिखाया कि स्वतंत्रता का अर्थ है- भूखे को रोटी मिलना और नंगे को कपड़ा। उनके पत्र में किसानों और मजदूरों की खबरें प्रमुखता से छापी जाती थीं, जिससे वे वर्ग अपने आपको राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़ा हुआ महसूस करने लगा। यह एक रणनीतिक सफलता थी जिसने आंदोलन को व्यापक बनाया।

गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता का एक महत्वपूर्ण पक्ष उनका क्रांतिकारियों के प्रति समर्थन था। यद्यपि वे स्वयं महात्मा गांधी के अहिंसक आंदोलन से प्रभावित थे और कांग्रेस के कार्यकर्ता थे, लेकिन उन्होंने क्रांतिकारियों के साहस की भी सराहना की। जब भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने अपनी कार्रवाई की, तो मुख्यधारा के मीडिया ने उन्हें 'आतंकवादी' कहा, लेकिन 'प्रताप' ने उन्हें 'देशभक्त' और 'स्वतंत्रता सेनानी' कहा।

विद्यार्थी जी ने अपने संपादकीयों में क्रांतिकारियों के बलिदान को जनता तक पहुंचाया। उन्होंने लिखा कि ये नौजवान देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर रहे हैं और उनका त्याग महान है। उन्होंने काकोरी कांड के अभियुक्तों के समर्थन में भी कई लेख लिखे। इसके लिए ब्रिटिश सरकार ने उन पर कड़ी नजर रखी और कई बार उन्हें 'देशद्रोह' का आरोप लगाया, लेकिन उन्होंने अपनी नीति नहीं बदली। उनकी पत्रकारिता ने जनता को यह समझने में मदद की कि स्वतंत्रता के लिए कई रास्ते हो सकते हैं और हर रास्ते पर चलने वाला देशभक्त है। उन्होंने क्रांतिकारी विचारों को मानसिक रूप से समर्थन देकर युवाओं के बीच देशभक्ति की जो लहर पैदा की, वह इतिहास में दर्ज है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' की नीति के कारण देश में सांप्रदायिकता तेजी से फैल रही थी। ऐसे में गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता एक सेतु की तरह थी। 'प्रताप' ने हिंदू-मुस्लिम एकता को बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए।

विद्यार्थी जी का मानना था कि अगर देश बंटा तो आजादी व्यर्थ है। उन्होंने अपने अखबार के माध्यम से सांप्रदायिक दंगों की निंदा की और लोगों से अपील की कि वे एक-दूसरे के घरों का सम्मान करें। उन्होंने उन अफवाहों का पर्दाफाश किया जो समुदायों के बीच नफरत फैला रही थीं। उनकी पत्रकारिता का यह पक्ष बहुत संवेदनशील था। वे कभी भी ऐसी खबरें नहीं छापते थे जो सांप्रदायिक तनाव बढ़ाए। इसके विपरीत, वे उन घटनाओं को प्रमुखता से प्रकाशित करते थे जिनमें हिंदू और मुस्लिम एक-दूसरे की मदद करते थे।

इसी सांप्रदायिक सद्भाव के प्रति समर्पण के कारण उन्हें अपने जीवन की कीमत चुकानी पड़ी। उन्होंने केवल लिखकर ही नहीं, बल्कि अपने कर्मों से भी यह सिद्ध किया कि पत्रकारिता सिर्फ दफ्तर में बैठकर नहीं की जाती, बल्कि मैदान में उतरकर होती है। जब 1931 में कानपुर में भीषण दंगे हुए, तो वे अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना जनता के बीच गए और शांति स्थापित करते हुए शहीद हो गए। उनकी मृत्यु ने यह संदेश दिया कि एक सच्चा पत्रकार अपने सिद्धांतों के लिए मर भी सकता है।

यदि हम इतिहास के पन्नों को पलटें, तो पाएंगे कि 'प्रताप' अखबार ने कानपुर क्षेत्र में स्वतंत्रता आंदोलन को न केवल दिशा दी, बल्कि इसे गति भी प्रदान की। 1920 के दशक में जब महात्मा गांधी का असहयोग आंदोलन चल रहा था, तो 'प्रताप' ने इसे आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यार्थी जी ने लोगों को विदेशी वस्तुओं का त्याग करने और खादी को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ब्रिटिश प्रशासन की नाकामियों, भ्रष्टाचार और जुल्म को बेनकाब किया। उनके लेखों ने जनता के मन में शासन के प्रति विद्रोह की भावना भरी, जो कानून तोड़ने से नहीं, बल्कि एक नैतिक जीत की इच्छा से उपजी थी। विद्यार्थी जी कांग्रेस के अंदरूनी मामलों से भी वाकिफ थे। उन्होंने पार्टी की नीतियों की आलोचना भी की जब उन्हें लगा कि जनता के हितों की अनदेखी हो रही है। इससे यह स्पष्ट हुआ कि उनकी पत्रकारिता किसी दल या व्यक्ति की ज़िम्मेदार नहीं थी, बल्कि वह 'राष्ट्र' की थी।

गणेश शंकर विद्यार्थी अपने नाम के सच्चे अर्थों में विद्यार्थी थे। वे जीवन पर्यन्त सीखते रहे। उन्होंने पत्रकारिता के जो मानक स्थापित किए, वे आज भी प्रासंगिक हैं। वे किसी भी राजनीतिक दल या विचारधारा के कैदी नहीं थे। उन्होंने कांग्रेस की गलतियों को भी बेबाक होकर उजागर किया। वे स्वयं बड़े सादगीपूर्ण जीवन जीते थे। पत्रकारिता को उन्होंने कमाई का जरिया नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम बनाया। 'प्रताप' के कार्यालय में सादगी ही समृद्धि थी। उन्होंने सिखाया कि पत्रकार को भयमुक्त होना चाहिए। चाहे सत्ता हो या समाज के शक्तिशाली तत्व, पत्रकार को सत्य के साथ खड़ा रहना होता है।

गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता उस युग का दर्पण थी, जिसमें देश गुलामी की अंधेरी रात में रोशनी की तलाश में था। उन्होंने अपनी कलम से वह रोशनी फैलाई। उनका जीवन और उनका अखबार 'प्रताप' स्वतंत्रता संग्राम का एक अभिन्न अंग था। उन्होंने पत्रकारिता को एक व्यवसाय से उठकर एक 'मिशन' बनाया।

आज जब भारत स्वतंत्र है और पत्रकारिता एक सशक्त संस्था के रूप में विकसित हो चुकी है, तब विद्यार्थी जी के मूल्यों को याद करना और भी अधिक आवश्यक हो जाता है। वर्तमान समय में जब पत्रकारिता पर वाणिज्यिकरण और पक्षपात के आरोप लगते हैं, विद्यार्थी जी का जीवन हमें याद दिलाता है कि पत्रकारिता का धर्म क्या है।

उन्होंने अपने द्वारा स्थापित मानकों के अनुसार जीवन और मृत्यु दोनों को निभाया। 25 मार्च 1931 को दंगा प्रभावित क्षेत्र में जाकर शांति स्थापित करने का प्रयास, वास्तव में उनकी पत्रकारिता की अंतिम और सबसे बड़ी कहानी थी–एक कहानी जो बिना शब्दों के लिखी गई थी, खून से लिखी गई थी। गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता हमें सिखाती है कि शब्दों की ताकत अनंत है, और यदि उनका उपयोग सत्य, न्याय और मानवता के लिए किया जाए, तो वे साम्राज्यों को भी गिरा सकते हैं। वे हमेशा एक आदर्श के रूप में प्रेरित करते रहेंगे, एक ऐसे 'विद्यार्थी' के रूप में जिसने जीवन भर सत्य की परीक्षा में उत्तीर्ण होते रहने का प्रयास किया।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रशिक्षण महा अभियान में कवि सम्मेलन आयोजित




बरेली/में भा ज पा मंडल प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत फरीदापुर सद्भावना मंडप सभागार में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें ऋषि कुमार शर्मा च्यवन,कमलकांत तिवारी, मिलन कुमार मिलन, राजीव गोस्वामी एवं किरण प्रजापति आदि कवि कवयित्रियों ने अपने श्रृंगार ओज,हास्य एवं समसामयिक कविताओं के माध्यम से बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया गया। उपस्थित श्रोताओं द्वारा अपनी तालियों से सभागार को देर तक गुंजायमान किया जाता रहा। कार्यक्रम में वीर सिंह पाल पूर्व जिला अध्यक्ष, मुकेश शर्मा सदस्य जिला पंचायत एवं गौरव मिश्रा मंडल अध्यक्ष आदि के अतिरिक्त अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल और सुंदर संचालन ओज के सशक्त हस्ताक्षर कमलकांत तिवारी द्वारा किया गया।

### कम्पोजिट स्कूल गोठानी वार्षिकोत्सव समारोह व शिक्षा चौपाल आयोजन



चोपन (जुगैल)/ सोनभद्र- आदिवासी क्षेत्र के रेणुका नदी पार ग्राम पंचायत गोठानी में न्याय पंचायत सिन्दूरीया द्वारा कम्पोजिट स्कूल गोठानी वार्षिकोत्सव समारोह व शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष चोपन संजय केशरी मौजूद रहे। कार्यक्रम के संचालक मनीष श्रीवास्तव ने किया इस दौरान मां सरस्वती पुजन कर शुभारंभ कराया गया। कम्पोजिट स्कूल के बच्चों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से नृत्य करते दिखी बच्चे और आदिवासी क्षेत्र कि सरकारी स्कूल के बच्चों का बहुत अच्छा कला देखने को मिला जिसमें बच्चों ने भक्ति गाना व देश भक्ति,बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के गाना पर बच्चों डांस प्रस्तुत किए। देखा जा रहा है कि आदिवासी क्षेत्र मे शिक्षा मे अब छात्र छात्राएं किसी भी मामले में कम नहीं है शिक्षा के क्षेत्र में आगे देखने को मिल रहा है। और एक बच्ची ने छात्र वित्तीय परिक्षा में पास हो गई उस बच्ची को इंटर शिक्षा के लिए सरकार द्वारा प्रतिमाह 1000 हजार रूपया मिले गा यह बहुत हि गर्व कि बात है आदिवासी क्षेत्र की बेटी के लिए। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान गोठानी धरमू सहीत समस्त एआरपी ब्लाक चोपन अध्यापक संतोष अंजू जायसवाल, मीरा सिंह, सत्य प्रकाश, रीना शर्मा, नीतू, संगीता सिंह, अजीत सिंह, सुशील वर्मा, नितिन कुमार, अर्चना सहर्ष सिंह, सिंदुरिया न्याय पंचायत के समस्त शिक्षक शिक्षामित्र और अनुदेशक के साथ सैकड़ों ग्रामीण बच्चे मौजूद रहे।

### फिरोजाबाद में दर्दनाक हादसा, नेजा चढ़ाने जा रहे ट्रैक्टर सवारों को कैंटर ने मारी टक्कर; चालक फरार




टूंडला (फिरोजाबाद)। नायरा पेट्रोल पंप के पास नेजा चढ़ाने के लिए जा रहे ट्रैक्टर सवारों को कैंटर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में ट्रैक्टर सवार कुछ लोग घायल हुए हैं। गांव मोहम्मदाबाद निवासी धर्मेंद्र ट्रैक्टर-ट्राली लेकर ग्रामीण और स्वजनों के साथ उसायनी स्थित मंदिर पर नेजा चढ़ाने के लिए जा रहा था। रात आठ बजे जैसे ही वह फिरोजाबाद रोड स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार आ रहे कैंटर सवार ने ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर मार दी। दुर्घटना होते ही मौके पर चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना पर एनएचएआइ के इंसीडेंट मैनेजर सुमित चौहान टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एनएचएआई एम्बुलेंस के जरिए घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। राजा का ताल चौकी प्रभारी शैलेंद्र कुमार शर्मा का कहना है कि घटना की जानकारी देरी से पुलिस को मिली थी। जब तक घायलों को एंबुलेंस ले जा चुकी थी। मामले की जांच की जा रही है।

## आजाद हिंद सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित राठौर द्वारा उत्तर प्रदेश में गोकशी व गो तस्करी के अपराध निरंतर बढ़ने पर कड़ा रोष व्यक्त किया

### ● जिलाधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा विरोध प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बरेली/ इस संबंध में आजाद हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित राठौर के नेतृत्व में सेठ दामोदर पार्क पर एकत्र होकर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी कर जिला मुख्यालय पर पहुंचकर मुख्यमंत्री संबोधित में एक ज्ञापन जिला अधिकारी बरेली को सोपा जिसमें स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस प्रशासन गौ तस्करी व गो हत्या रोकने में पूर्णता विफल रही है।

हालिया घटनाक्रम में मथुरा में फरसे वाले बाबा की हत्या पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है पुलिस द्वारा अपराधियों को ना पकड़ कर गौ रक्षों को ही निशाना बनाकर छोटे मुकदमे में फंसने का कार्य कर रही है इसी क्रम में दिनांक 21 व 22 मार्च को बरेली में थाना इज्जत नगर के अंतर्गत परतापुर ग्राम में बड़ी मात्रा गोवंशीयो के अवशेष नाले में मिले है परंतु थाना पुलिस द्वारा मात्र खाना पूर्ति कर मामले को रफा दफा करने के प्रयास में लगी हुई है यदि ऐसा ही रहा तो उत्तर प्रदेश में अराजकता का माहौल कायम हो जाएगा। और गोतस्कर आसानी से गो तस्करी व गोकशी का कार्य कर सकेंगे जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

आजाद हिंदू सेना द्वारा निम्न मांगों की ओर ध्यान केंद्रित कराया जिसमें निम्न मंगो की मांग की है1/मथुरा में हुई फरसे वाले बाबा की हत्या का 48 घंटे के अन्दर खुलासा कर अपराधियों को तत्काल प्रभाव से उनका एनकाउंटर किया जाए 2/ मथुरा पुलिस द्वारा निर्दोष गौ रक्षों को तत्काल रिहा कर उनके ऊपर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। 3/बरेली में थाना इज्जत नगर के ग्राम परतापुर में मिले गो अवशेषों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। 5/ उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा हिंदुओं गौ रक्षा को पर ही मुकदमा पंजीकृत कर गौ रक्षों को विलुप्त करने का कार्य कर रही है।

यदि ऐसा रहा तो गौ तस्करी चरम सीमा पर पहुंच जाएगी और कोई भी गो तस्करों के खिलाफ बोलने से बचेगा ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुलिस प्रशासन को सख्त हिदायत व चेतावनी के साथ निष्पक्ष जांच के आदेश दिए जाएं 4/गो रक्षा करते समय शहीद हुए गौ रक्षों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक-एक करोड रुपए की धन राशि व परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाई जावे।

5/गौ तस्कर व गऊकशी करने वालों पर रासुका के अंतर्गत कार्रवाई की जाए।

6/ गो तस्करों व गोकशी करने वालों को संरक्षण देने वाले पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से चिन्हित कर उन पर शख्स से सख्त कार्रवाई की जाए। आजाद हिंदू सेना की मांगे पूरी न होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित राठौर ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है इस मौके पर रवि शंकर खटीक धनराज शंखदार सोनू यादव करन सिंह चौधरी गौतम कश्यप पवन जुनेजा अरुण मौर्य अमन यादव विशाल बाबा लहरी महराज सुमित शांत गोयल जोनी दीपू दिवाकर मोना श्रीवास्तव रानू शर्मा आदि दर्जनों सैनिक उपस्थित रहे।

### मोतीपुर पुल पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, तीन गंभीर घायल



सिंगाही-खीरी। सिंगाही-बेलरायां रोड स्थित मोतीपुर पुल पर मंगलवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों और पुलिस की मदद से घायलों को एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे भगौती प्रसाद (50) पुत्र गोबरे और दमोदर (35) पुत्र गुलबक्सराम निवासी बनबीरपुर एक मोटरसाइकिल से निघासन तहसील की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दूसरी ओर से आ रहे अंकित (32) पुत्र मनोहरलाल शाह निवासी निम्बोरिया, सिंगाही से अपने घर लौट रहे थे। मोतीपुर पुल पर दोनों मोटरसाइकिलें आमने-सामने टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की सहायता से घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी निघासन भिजवाया। चिकित्सकों के अनुसार घायलों का इलाज प्रारम्भ है।

## मामूली टक्कर पर भड़का बवालः ई-रिक्शा चालक के विवाद में अछनिया गांव मैं पुलिस बल तैनात

### ● महिला- बच्ची से मारपीट का आरोप, दूसरे दिन भी बाजार बंद; पुलिस ने संभाला मोर्चा, कई हिरासत में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



मितौली खीरी नीमगांव थाना क्षेत्र के अछनिया गांव में एक मामूली टक्कर ने बड़ा बवाल खड़ा कर दिया। ई-रिक्शा और बाइक की हल्की भिड़ंत के बाद शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें महिला और बच्ची के साथ भी मारपीट के आरोप लगे हैं। घटना के बाद गांव में तनाव इतना बढ़ गया कि दूसरे दिन भी पूरा बाजार बंद रहा और इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील करना पड़ा।

सोमवार को बेहजम क्षेत्र के पिपरझला निवासी पंकज अपनी पत्नी कोमल और बेटी मान्या के साथ बाइक से लौट रहे थे। अछनिया गांव के पास उनकी बाइक एक स्थानीय व्यक्ति से टकरा गई। पहले कहासुनी हुई, लेकिन कुछ ही देर में मामला हाथापाई में बदल गया। आरोप है कि स्थानीय लोगों ने पंकज और उनके परिवार को घेरकर पीटा। घटना की खबर फैलते ही दोनों पक्षों के लोग सड़क पर उतर आए और जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे हालात और बिगड़ गए।

सूचना मिलते ही मितौली क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र यादव भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने खुद कमान संभालते हुए भीड़ को खदेड़ा और हालात पर काबू पाया। पूरे गांव में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

पीड़ित पंकज सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बवाल के बाद पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए दर्जनों संदिग्ध उपद्रवियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बेहजम पुलिस चौकी प्रभारी संदीप यादव के नेतृत्व में लगातार दबिश दी जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू भी मौके पर पहुंचे और दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। फिलहाल गांव में तनावपूर्ण शांति है, लेकिन हालात को देखते हुए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।

## गौशाला में गोवंशीय पशुओं के नाम पर खुली लूट, सामूहिक कब्रें मिलने से मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश सरकार के सख्त निर्देशों के बावजूद गौशालाओं की स्थिति बदहाल होती नजर आ रही है। ताजा मामला जनपद के रोशन नगर ग्राम पंचायत से सामने आया है, जहां गोवंशीय पशुओं के नाम पर खुलेआम लूट और लापरवाही का गंभीर आरोप लगा है।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गौशाला में पशुओं को न तो हरा चारा उपलब्ध कराया जा रहा है और न ही पीने के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था है। भूख और प्यास से तड़पते गोवंशीय पशुओं की हालत बेहद दयनीय बनी हुई है।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि गौशाला के पास ही गोवंशीय पशुओं की सामूहिक कब्रें पाई गई हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बड़ी संख्या में पशुओं की मौत के बाद उन्हें चुपचाप दफनाया जा रहा है।ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों (वीडीओ) पर सांठगांठ का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मामले से अनजान बने हुए हैं।शासन प्रशासन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर पाएगा, या गौशालाओं में रह रहे गोवंशीय पशुओं को उचित देखभाल और संरक्षण मिल पाएगाअब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है और कब तक इन बेजुबान पशुओं को न्याय मिल पाता है।

रोशन नगर ग्राम प्रधान से जानकारी लेने की कोशिश गई तो उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया वीडियो साहब जाने वीडियो से फोन पर जानकारी लेने पर उन्होंने यह बताया कि इस बारे में ग्राम प्रधान ही जानकारी दे पाएंगे।

### चुरई पुरवा में बुद्ध कथा का शुभारंभ, पूर्व प्रधान ने फीता काटकर किया उद्घाटन



नीमगांव खीरी। विकासखंड मितौली की ग्राम पंचायत भिरावाँ ग्रंट के अंतर्गत ग्राम चुरई पुरवा में भव्य 'जय भीम बौद्ध कथा' का आयोजन शुरू हो गया है। सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान राम प्रसाद ने फीता काटकर किया। इस दौरान आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि को माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत व सम्मान किया। यह कथा 23 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च 2026 तक चलेगी। कथा वाचिका मीना बौद्ध अपनी मधुर वाणी से डॉ. भीमराव अंबेडकर, तथागत गौतम बुद्ध और संत शिरोमणि जैसे महान महापुरुषों के जीवन दर्शन और संघर्षों पर प्रकाश डालेंगी। कथा के साथ-साथ महापुरुषों के जीवन पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष खीरी गुफरान अहमद ने मदद का हाथ आगे बढ़ा कर पेश की मानवता की मिशाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश) समाजसेवा और आपसी भाईचारे की एक खूबसूरत तस्वीर आज खीरी टाउन में देखने को मिली। नगर पंचायत खीरी के पूर्व अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी के जिला सचिव गुफरान अहमद ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक बेसहारा बुजुर्ग महिला की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है।

इस नेक कार्य की शुरुआत सोशल मीडिया के माध्यम से हुई। पत्रकार शाहनवाज गौरी ने मोहल्ला बुखारी टोला (मकबरे के पास) रहने वाली एक अत्यंत गरीब और बेसहारा बुजुर्ग महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया था। वीडियो में महिला की दयनीय स्थिति को देखकर गुफरान अहमद ने तत्काल संज्ञान लिया।

गुफरान अहमद ने अपने लोकप्रिय व्हाट्सएप ग्रुप 'खीरी.कॉम' के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित किया। ग्रुप के सदस्यों के सक्रिय आर्थिक सहयोग से राहत सामग्री और आर्थिक सहायता जुटाई गई। आज मौके पर पहुँचकर पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत खीरी गुफरान अहमद ने बुजुर्ग महिला को जरूरी खाद्य सामग्री (राशन) उपलब्ध कराया और दैनिक खर्चों के लिए नकद धनराशि भी भेंट की।

इस अवसर पर गुफरान अहमद ने पत्रकार शाहनवाज गौरी का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहाः'पत्रकारिता का असली मकसद समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की आवाज बनना है। शाहनवाज गौरी ने महिला का वीडियो डालकर जो जागरूकता दिखाई, उसी की वजह से हम आज यहाँ मदद पहुँचाने में सफल रहे। '



उन्होंने आगे कहा कि 'खीरी.कॉम' व्हाट्सएप ग्रुप का उद्देश्य भी यही है कि कस्बे की समस्याओं को मिल-जुलकर हल किया जाए और जरूरतमंदों की सेवा की जाए। बुखारी टोला के निवासियों ने गुफरान अहमद और उनके सहयोगियों के इस मानवीय व्यवहार की सराहना की।

## लखीमपुर खीरी में अवैध मिट्टी खनन का खेल, माफियाओं के हौसले बुलंद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले के सिकंदराबाद, नीमगांव, मितौली, गोला मोहम्मदी, फरधान और फूलबेहड़ क्षेत्रों में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार तेजी से फल- फूल रहा है। सूत्रों के अनुसार, खनन माफिया खुलेआम प्रशासनिक नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए दिन- रात मिट्टी का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इन खनन माफियाओं को सत्ता पक्ष से जुड़े कुछ सफेदपोश छोटे नेताओं का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते इनके हौसले इतने बुलंद हैं कि कार्रवाई का कोई डर नहीं दिखता। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। सूत्रों की मानें तो कुछ खनन माफिया ऐसे भी हैं, जिनकी नजदीकियां विभागीय कर्मचारियों, खासकर खनन विभाग से जुड़े कुछ अधिकारियों से बताई जा रही हैं। यही वजह है कि अवैध खनन का यह खेल बिना रोक- टोक जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रहे खनन से खेतों की उर्वरता प्रभावित हो रही है और पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। कई जगहों पर गहरे गड्ढे हो जाने से हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है और क्या खनन माफियाओं पर लगाम लग पाती है या नहीं।

### 1200 में मिलती थीं लड़कियां, दो महीने से चल रहा था फिरोजाबाद के पारस होटल में देह व्यापार

फिरोजाबाद। मक्खनपुर में सांती पुल के समीप पारस होटल में देह व्यापार दो महीने से चल रहीं थीं, लेकिन पुलिस ने को भनक तक नहीं लगी। वीडियो सामने आने के बाद शनिवार की शाम पुलिस और तहसील प्रशासन ने मिलकर छापेमारी की तो चार युवतियों सहित 15 लोगों को गिरफ्तार कर किया गया। रविवार को उन्हें जेल भेज दिया। होटल मालिक और संचालक अब भी गिरफ्त से दूर हैं। 1000 से 1200 रुपये में सौदा तय होने के बाद लड़कियां उपलब्ध कराई जाती थीं। पुलिस के अनुसार पहले संचालक पारस के पास युवक सौदा तय करते थे। इसके बाद मालिक कश्मीर सिंह की अनुमति पर लड़कियां बुलाई जाती थीं। आसपास के लोगों ने कई बार इलाका पुलिस को सूचना देकर विरोध जताया था, मगर सुनवाई नहीं हुई। होटल पर कार्रवाई कराने में दो यू-ट्यूबर शामिल हैं। बताया जा रहा है कि यू-ट्यूबरों ने होली पर होटल संचालक से शराब की मांग की थी, संचालक द्वारा मना करने पर वीडियो बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा। इसके बाद मक्खनपुर पुलिस सक्रिय हुई। छापेमारी में पुलिस ने चार युवतियां और 11 युवकों को पकड़ा। इनमें से तीन युवतियां आगरा और एक रामगढ़ क्षेत्र की है।

## अवैध रूप से चभाल फार्म पर विद्यालय की मान्यता

### ● शिक्षा विभाग भी सहयोगी बना भूमाफियाओं का

### रोक के बावजूद कौन कर रहा खेती?

### कब्जा बनाए रखने के लिए नित नए प्रयास जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




लखीमपुर खीरी। ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम बसैगापुर में भू माफियाओं ने पहले चभाल कृषि सहकारी समिति की 258 एकड़ जमीन का खुर्द बुर्द करके बैनामा करवा कर जमीन पर कब्जा कर लिया फिर इस विवादित भूमि पर शायद सदा के लिए कब्जा बनाए रखने के लिए स्कूल खोलकर बच्चों को पढ़ाने लगे और उसकी सरकारी तौर पर बेसिक शिक्षा विभाग से मान्यता भी ले ली। बताया जाता है कि विवादित भूमि पर विद्यालय की मान्यता नहीं मिल सकती है। मिली जानकारी के अनुसार भू माफियाओं ने 2017 में तेज रसीला पब्लिक स्कूल नाम से स्कूल खोलकर कक्षा 5 तक मान्यता करा ली लेकिन बताते हैं कि पढ़ाई कक्षा 8 तक की जा रही है। एक तरफ शिक्षा विभाग कहता है कि विवादित भूमि पर विद्यालय की मान्यता ना देने का सरकार का प्रावधान है परंतु 2017 में खंड शिक्षा अधिकारी फूलबेहड़ व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्धप्रिय सिंह ने शासनादेश को ताक पर रख कर धता बताते हुए भू माफियाओं के स्कूल को मान्यता दे दी जिसको वह माफिया चला रहे हैं। बताते हैं कि इस विवादित भूमि की जांच व कार्रवाई तेज होने के बाद एक भूमाफिया चंद्र प्रकाश अरोड़ा अब उस जमीन पर गुरु कृपा आश्रम खोलकर जमीन को अपने कब्जे में बनाए रखने का प्रयास कर रहा है क्योंकि सन 2024 अप्रैल में सहायक निबंधक सहकारिता ने उक्त जमीन पर गेहूं की फसल काटे जाने व भूमाफियों के प्रवेश पर रोक लगाई थी। यह बात दीगर है कि रोक के बावजूद भी भूमि पर निरंतर खेती बाड़ी जारी है और निरन्तर फसलें उगाई जा रही हैं कोई यह बताने को तैयार नहीं है कि यह फसल माफियाओं की है या सहकारिता विभाग की है।मामला सब गोलमाल जैसा दिखाई देता है असलियत क्या है यह भी एक विशुद्ध निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच का विषय है।

## ईसानगर में शहीद दिवस पर उमड़ा जनसैलाब, अमर बलिदानियों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

23 मार्च 2026 को शहीद दिवस के अवसर पर ईसानगर स्थित राजा साहब कोठी में अमर बलिदानी स्मृति दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिंदा शहीद एम.एस. बिट्टा जी (पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं अध्यक्ष, अखिल भारतीय आतंकवाद विरोधी मोर्चा) मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सूबेदार मेजर रवि प्रताप सिंह जी (सेवानिवृत्त), शहीद अंशुमान सिंह जी (कीर्ति चक्र) के पिता उपस्थित रहे। वहीं मुख्य वक्ता के तौर पर मनोज कांत (सह क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, पूर्वी उत्तर प्रदेश, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, राहुल तिवारी सनातन एड0 (राष्ट्रीय अध्यक्ष, तक्षशिला परियोजना), असीम विक्रम सिंह (प्रांत सह-संयोजक, अवध प्रांत हिंदू जागरण मंच) सहित हजारों लोगों ने पहुंचकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजन शुभम मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

### तेंदुए पर भारी पड़ा लोटा- दो मिनट तक संघर्ष कर बचाई अपनी जान, चेहरे और बांह पर गहरे जख्म

बहराइच। यह घटना एक महिला की विवशता के साथ ही उसके साहस का प्रत्यक्ष उदाहरण है। घर में शौचालय न होने के कारण महिला उपमा प्रतिदिन की तरह सोमवार सुबह शौच के लिए खेत पर जा रही थी। रास्ते में तेंदुए ने हमला कर दिया, तेंदुआ उसकी गर्दन दबोच पाता कि उपमा ने अपने हाथ में पकड़े लोटे से उसके मुंह पर प्रहार करके शोर मचाना शुरू कर दिया। तेंदुए से वह करीब दो मिनट तक संघर्ष करती रही। महिला के अप्रत्याशित प्रतिकार और मुंह पर लोटे के लगतार प्रहार तथा ग्रामीणों के शोर के चलते तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। दलजीतपुरवा गांव निवासी उपमा देवी का खेत जंगल के मुहाने पर है। सोमवार सुबह करीब छह बजे वह नित्यक्रिया के लिए खेत की ओर जा रही थीं। घर से कुछ ही दूरी पर घात लगाकर बैठे तेंदुए ने उपमा पर जानलेवा हमला कर दिया। तेंदुए ने सीधे उनके चेहरे को निशाना बनाया और झपट्टा मारकर दबोच लिया। लहूलुहान हालत में परिजनों ने उपमा को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## बलिया में 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026' लागू, गांव-गांव तक पहुंचेगी बस सेवा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलिया जनपद में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026' लागू की जा रही है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों को सुदृढ़ परिवहन नेटवर्क से जोड़ते हुए लोगों को ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय तक सुरक्षित व सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरुण कुमार राय ने बताया कि ऐसे दूरस्थ और असंबद्ध ग्राम पंचायत, जहां परिवहन निगम की बस सेवाएं सीमित हैं, वहां निजी बस संचालकों के माध्यम से परिवहन सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। योजना का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक भी परिवहन सेवा पहुंचाना है।

योजना के तहत 15 से 28 सीट क्षमता वाले डीजल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहन निर्धारित रूटों पर संचालित किए जाएंगे। इनका संचालन प्रारंभिक रूप से 10 वर्षों के लिए होगा, जिसे 5 वर्ष तक बढ़ाया जा






सकता है। खास बात यह है कि इन वाहनों को मोटर यान अधिनियम 1988 के तहत परमिट की आवश्यकता से छूट दी गई है।

आवेदन के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को 2000 रुपये शुल्क और प्रति वाहन 5000 रुपये की प्रतिभूति राशि जमा करनी होगी, जो अवधि पूरी होने पर वापस कर दी जाएगी। साथ ही वाहन स्वामी को प्रति माह 1500 रुपये संरक्षण शुल्क देना होगा।

प्रत्येक वाहन ग्राम पंचायत से ब्लॉक तक निर्धारित रूट पर संचालित होगा, जिससे रास्ते में आने वाले सभी गांवों को लाभ मिलेगा। आगे इस सेवा को तहसील और जिला मुख्यालय तक भी विस्तारित किया जा सकता है। हर ब्लॉक में कम से कम दो वाहन चलाए जाएंगे और प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्रतिदिन कम से कम दो बार सेवा मिलेगी।

योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया समाचार पत्रों में विज्ञापन के माध्यम से शुरू होगी, जिसमें 15 दिनों की समय सीमा तय की गई है। चयन प्रक्रिया जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा पूरी की जाएगी। परिवहन विभाग के अनुसार, आवेदन से लेकर संचालन तक की पूरी प्रक्रिया लगभग 45 दिनों में पूरी कर ली जाएगी। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन आसान होने के साथ-साथ स्थानीय विकास को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

# संक्षिप्त खबरें

## वरिष्ठ पत्रकार की माता के निधन पर उमड़ा शोक,अंतिम यात्रा में जुटे जनप्रतिनिधि व नागरिक

**गोपीगंज।** प्रिंट मीडिया से गोपीगंज रिपोर्टर अरुण सोनी की माता उर्मिला देवी 75 वर्ष का स्वर्गवास सोमवार को प्रयागराज में एक निजी नर्सिंग होम में हृदयगति रुकने से हो गया,जिनका अंतिम संस्कार दिन मंगलवार को प्रातः रामपुर गंगा घाट पर किया गया,मुखाग्नि उनके पुत्र अरुण सोनी ने दी। उनकी मौत की खबर से गोपीगंज के पत्रकारों राजनेताओं व्यापारियों में शोक की लहर रही,उनकी अंतिम यात्रा में मुख्य रूप से पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, सुधीर सिंह, अफरोज अली,अफसर अली,अब्दुल माबूद खान, अताउल अंसारी,कृष्ण कुमार खटाई, ज्ञानेश्वर अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में पत्रकार,व्यापारी,संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

## चैत्र नवरात्र राम नवमी शुरु हुई शोभा यात्रा निकालने की तैयारी

**केसरिया मय हुआ नगर व गांव सज गई पूजन सामग्री की अस्थाई दुकानें**

**सड़क,गली और मकानों पर लहराने लगे केसरिया ध्वज**

**गोपीगंज।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र मे चैत्र रामनवमी का पर्व पूरे सज धज के साथ मनाया जाएगा इसकी तैयारी पूरी हो गई है।पूरे नगर मे सड़क गली और मकानों पर जहा केसरिया ध्वज लहराने लगे है वही आकर्षक ढंग से तोरण द्वारा सजाए गये हैंद्य सुप्रभातम् प्रचार समिति गोपीगंज द्वारा इस बार भी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान प्रभु श्री राम की भव्य शोभा यात्रा 27 मार्च शुक्रवार को निकाली जाएगी। इसकी तैयारी शुरु हो गई है। पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। केसरिया मय हुए नगर मे प्रमुख देवी मंदिरो से भजन कीर्तन, दुर्गा सप्तशती पाठ आयोजित किया जा रहा है। नगर के सभी गली मुहल्लो को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। शोभा यात्रा के पूर्व नगर के सदर मोहाल मे प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव की भव्य झांकी सजाई जाएगी।प्राचीन दुर्गा माता मंदिर सदर मोहाल, चौरा माता,बंबा देवी,काली माता,शक्ति माता के साथ डेरवा मे गंगा तट पर विराजमान मां शीतला, तिलंगा के शक्ति माता का जहा प्रतिदिन नये रुप मे श्रृंगार किया जा रहा है वही फूल माला और झालरों से सजावट की गई है।

## भाई व भतीजे पर पेट्रोल डालकर जलाने का आरोप

**भदोही।** कोतवाली भदोही क्षेत्र के मोढ़ चौकी अंतर्गत मकनपुर गांव में सोमवार की रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई। गांव निवासी राजबली यादव (54) ने अपने सगे भाई और भतीजे पर पेट्रोल डालकर जलाने का आरोप लगाया है। घटना में राजबली यादव करीब 30 प्रतिशत तक झुलस गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल, महाराजा बलवंत सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना के हर पहलू की जाँच की जा रही हैं।

## सपा लोहिया वाहिनी में संदीप यादव मंकी बने राष्ट्रीय सचिव

**भदोही।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने चकवा निवासी संदीप यादव मंकी को संगठन का राष्ट्रीय सचिव नामित किया है। इस नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। संदीप यादव मंकी के राष्ट्रीय सचिव बनने पर नारायण यादव, प्रदीप वियोगी, राजन यादव, डॉ. नेब्बू लाल यादव, हिमांशु यादव, सूबेदार विश्वकर्मा, दिलीप भीम कनौजिया सहित अन्य लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत करने और युवाओं को जोड़ने का संकल्प लिया।

## शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक भदोही व अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा किया गया पैदल गश्त/ फ्लैग मार्च

जनपद में सुदृढ़ कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से आज दिनांक 24.03.2026 को अभिनव त्यागी पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के साथ थाना भदोही क्षेत्रांतर्गत पर्याप्त पुलिस बल के साथ लिप्पन तिराहे से एकमां तिराहे तक पैदल गश्त/फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान महोदय ने मार्ग में पड़ने वाले व्यापारियों, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों से संवाद किया तथा उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग करने तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में निरंतर गश्त करने के कड़े निर्देश दिए।

# राजमणि पांडेय बने प्रदेश महासचिव व मनु यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

**● ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन की नई कार्यकारिणी घोषित**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन की नई कार्यकारिणी की घोषणा मंगलवार को कर दी गई है। संगठन के संस्थापक व अध्यक्ष विवेक चन्द्र अवस्थी के नेतृत्व में पूरी टीम का गठन किया गया है, जिसमें विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। घोषित सूची के अनुसार अमरोहा जनपद की ग्राम प्रधान मनु यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष,भदोही जनपद के ग्राम प्रधान

राजमणि पाण्डेय को महासचिव,कानपुर से विद्यासागर यादव को उपाध्यक्ष,आजमगढ़ के मो. असलम खान को उपाध्यक्ष तथा राजेश कुमार निषाद को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसी क्रम में मो. इकबाल को सचिव प्रभारी पश्चिमी क्षेत्र, अनिल कुमार जोशी को सचिव प्रभारी पूर्वी क्षेत्र, सपना चतुर्वेदी को सचिव प्रभारी मध्य क्षेत्र तथा दिनकर तिवारी को सचिव प्रभारी बुंदेलखंड क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है।

संगठन में ज्योति यादव व अखिलेश कुमार को सचिव प्रवक्ता, धनराज यादव को सचिव संगठन, नीलमणि राजे को सचिव मीडिया प्रभारी, अमरुंन निशा को सचिव सोशल मीडिया तथा गीता वर्मा को सचिव प्रशासन बनाया गया है। इसके अलावा शौबीर सिंह को सचिव अनुशासन, डॉ. अनामिका को सचिव प्रशिक्षण नेहा अवस्थी को सचिव कार्यक्रम, नगमा को सचिव प्रोत्साहन, सोनी सिंह को सचिव जनसुनवाई, मो. शमशेर खान को सचिव प्रचार प्रसार, रेनू शर्मा को सचिव मंडल युवा, कमलेश कुमार को सचिव जिला सूचना,निहारिका को सचिव ब्लॉक सूचना बनाया गया है।

सदस्य पद पर विकास कठेरिया को सदस्य आईटी, राजेन्द्र धमाका एडवोकेट को सदस्य विधि एवं न्याय, एडवोकेट विश्वजीत सिंह एडवोकेट को सदस्य उच्च न्यायालय, रमाकांत पाल को सदस्य पत्राचार,मुदमंगल सिंह को सदस्य मतदाता सूची,राम प्रकाश शुक्ला को सदस्य परसीमन , विद्यासागर गौड़ को सदस्य स्वागत व प्रोटोकॉल तथा गीतांजलि अवस्थी को सदस्य कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।इनके अलावा अठारह लोगो को मंडल प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई हैं।उच्च



न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश चन्द्र भूषण पांडेय ,रविशंकर अग्निहोत्री,मजाहिर हुसैन, रामफल बाल्मीकि व नानक चन्द्र शर्मा को संगठन के संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई हैं।इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 'नई कार्यकारिणी में युवाओं, अनुभवी और जमीनी कार्यकर्ताओं को स्थान दिया गया है। इससे संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और ग्रामीण स्तर तक मजबूती के साथ काम किया जाएगा। हमारा लक्ष्य पंचायत स्तर पर विकास, पारदर्शिता और जनसेवा को बढ़ावा देना है। 'नई कार्यकारिणी के गठन पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और सभी ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया है।

## डायट भदोही में शिक्षकों का दो दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण सम्पन्न

**भदोही।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) भदोही में नवगठित शोध एवं नवाचार प्रकोष्ठ के अंतर्गत उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के लिए दो दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 23 एवं 24 मार्च को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य विकास चौधरी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। संयोजक डॉ. सुलभ श्रीवास्तव ने मुख्य सन्दर्भदाताओं आर्य कन्या डिग्री कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अवधेश कुमार एवं सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज के भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रणयकांत विश्वास का परिचय कराया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. अवधेश कुमार ने शिक्षण प्रक्रिया में आईसीटी के प्रयोग, संविधान के मूल्य, मौलिक अधिकार, नीति निदेशक तत्व एवं मौलिक कर्तव्यों पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं डॉ. प्रणयकांत विश्वास ने प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं, आपदा प्रबंधन, महासागरीय विज्ञान, ज्वार-भाटा एवं समुद्री तरंगों के विषय में शिक्षकों को विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक डॉ. अनामिका तिवारी ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों की दक्षता एवं नवाचार क्षमता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

# नवरात्रि में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस ने कसी कमर, अभियान तेज



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद भदोही में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण की शुरुआत की गई है। उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर चल रहे इस अभियान को महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से जिले में प्रभावी रूप से लागू किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में यह अभियान संचालित हो रहा है। इसके तहत सभी थानों पर महिला बीट अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो महिलाओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगी और उन्हें कानूनी अधिकारों व सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगी।

नवरात्रि के दौरान मंदिरों, मेलों और सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। एंटी-रोमियो स्क्वॉड को भी सक्रिय किया गया है, ताकि छेड़छाड़ जैसी घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई हो सके। महिला पुलिसकर्मियों द्वारा बाइक रैली और जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

साथ ही महिला हेल्पलाइन 1090, 181, 112, 1930, 1076 और 1098 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विभिन्न विभागों के समन्वय से चल रहे इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना है।

# नवरात्रि में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस ने कसी कमर, अभियान तेज



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद भदोही में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण की शुरुआत की गई है। उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर चल रहे इस अभियान को महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से जिले में प्रभावी रूप से लागू किया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में यह अभियान संचालित हो रहा है। इसके तहत सभी थानों पर महिला बीट अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो महिलाओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगी और उन्हें कानूनी अधिकारों व सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगी।

नवरात्रि के दौरान मंदिरों, मेलों और सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। एंटी-रोमियो स्क्वॉड को भी सक्रिय किया गया है, ताकि छेड़छाड़ जैसी घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई हो सके। महिला पुलिसकर्मियों द्वारा बाइक रैली और जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही महिला हेल्पलाइन 1090, 181, 112, 1930, 1076 और 1098 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विभिन्न विभागों के समन्वय से चल रहे इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना है।

## पूर्व ग्राम प्रधान नरेंद्र शंकर सिंह का 79 वर्ष की आयु में वाराणसी में निधन हो गया




**सीखड़** क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता विवेक सिंह के पिता, पूर्व ग्राम प्रधान नरेंद्र शंकर सिंह का 79 वर्ष की आयु में वाराणसी में निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। नरेंद्र शंकर सिंह वर्ष 1971 में बगहा ग्राम सभा के ग्राम प्रधान रह चुके थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके कारण वे लोगों के बीच काफी सम्मानित थे। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सामाजिक, राजनीतिक और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का किया गया निरीक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर चकसुन्दरपुर आज दिनांक 24.03.2026 को अपरान्ह 2.15 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही डॉ संतोष कुमार चक द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर चकसुन्दरपुर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुला नहीं था। वर्तमान में तैनात सी0एच0ओ0 नीलम पटेल मातृत्व अवकाश पर है। उनके जगह श्रीमती वन्दना यादव ए0एन0एम0 द्वारा गोपीपुर में 21 आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी0 कार्ड बनाया गया था। उक्त के क्रम में निर्देशित किया गया 70 वर्ष से अधिक व सूची लिस्ट के आधार पर पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी0 कार्ड बनाना सुनिश्चित करें।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर नथईपुर आज दिनांक 24.03.2026 को अपरान्ह 2.25 पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर नथईपुर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में ए0एन0एम0 सरोजा देवी व सी0एच0ओ0 सरोज मार्जी उपस्थित थी। सी0 एच0 ओ0/ए0 एन0एम0 द्वारा एच0डब्लू0सी0 सेन्टर में 06 मरीजो को देख गया व उनके द्वारा आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी0 कार्ड बनाया गया था। उक्त के क्रम में एच0डब्लू0सी0 के बाउन्ड्री वाल कराने के लिये चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया तथा 70 वर्ष से अधिक व सूची लिस्ट के आधार पर पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी0 कार्ड बनाने हेतु



आदेश किया गया। समस्त चिकित्सा अधीक्षक जनपद भदोही को निर्देशित किया गया है कि अपने अपने क्षेत्र में जहाँ बिजली की सप्लाई नहीं है उससे अधोहस्ताक्षरी को 07 दिवस के अन्दर अवगत कराना सुनिश्चित करे जिससे कार्यवाही की जा सके। तथा ओ0पी0डी0 के समय आभा आईडी0 कार्ड बनाने के उपरान्त ही मरीजो को पर्चा दिया जाये।

## भदोही पुलिस का खुलासा, मोबाइल छिनैती करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** कोतवाली भदोही पुलिस ने मोबाइल छिनैती की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग मामलों में छीने गए तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी मोबाइल बेचने की फिराक में थे। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देश एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन भदोही के प्लेटफार्म नंबर-1 के पास खाली मैदान से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। बरामदगी में वीवो वाई-29, ओप्पो ए9 और पोको सी-55 मोबाइल शामिल हैं। साथ ही घटनाओं में प्रयुक्त स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल को भी सीज किया गया है।




गिरफ्तार आरोपियों में विशाल गौतम पुत्र ओम प्रकाश गौतम (20 वर्ष), हैप्पी बिंद पुत्र सुरेन्द्र बिंद (21 वर्ष) तथा विशाल गौतम पुत्र विजयी (21 वर्ष), सभी निवासी हरियांव थाना भदोही शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने विभिन्न स्थानों पर झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है।

मामले में पूर्व में राजकुमार गुप्ता, आफताब तथा आर्यन पाल द्वारा मोबाइल छिनैती की शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिनके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हरिकेश सिंह, आफताब आलम, जितेन्द्र कुमार यादव, कांस्टेबल गोलू कुमार एवं रवि आसरे पाठक शामिल रहे।

# रामनवमीके उपलक्ष्य में निकली शोभा यात्रा में उमड़ा राम भक्तों का जन सैलाब

**● जय श्रीराम के उदघोष से राम मय हुआ वातावरण**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चुनार, मीरजापुर।** हिंदू नव वर्ष, चैत्र नवरात्रि व रामनवमी के उपलक्ष में विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में नगर में मंगलवार को नगर में श्री राम जन्मोत्सव की भव्य शोभा यात्रा विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष दिनेश प्रकाश सिंह के नेतृत्व में निकाली गई।यात्रा में सबसे आगे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का पताका लिए घुड़सवार चल रहे थे। इसके बाद भगवान गजानंद यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। डीजे, बैंड बाजे पर जय श्री राम का उदघोष से रामभक्त नाचते गाते चल रहे थे। यात्रा रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित श्री राम दरबार मंदिर



से प्रारंभ होकर दरगाह मोड़, सराय टेकउर, भरपूर, लाल दरवाजा, सद्दूपुर मुहाना, सर्राफा बाजार, चौक, रस्तोगी तिराहा, तहसील, नगर पालिका, कार्यालय, कोतवाली होते हुए बालू घाट पर समाप्त हुई। इस दौरान आलोक सिंह, जगदीश गुप्ता, ज्योति प्रकाश सिंह, विजय बहादुर सिंह, चंद्रहास गुप्ता, अजय शेखर पांडेय, किशन कुमार मोदनवाल, विकास कश्यप, आलोक श्रीवास्तव, अभिलाष राय, मगरू साहनी, सौरभ पुजारी, दीपक मिश्रा, विवेक दुबे, शक्ति सिंह, राजेंद्र प्रजापति, संतोष गुप्ता, रामप्रसाद बिंद, पवन बिंद,रिंकू चौधरी, राजू गुप्ता, रामबृक्ष पाल, मनीष राय, अंशु राय, रतन साहनी, सुशील सिंह पटेल बाबा, योगेंद्र पाल सिंह, श्यामजी निषाद सहित बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था में कोतवाल विजय शंकर सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी अखिलेश कुमार यादव अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

# जगत जननी मां शीतला के दरबार में हजारों श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीखड़ मीरजापुर,** चैत्र नवरात्र के छठे दिन अदलपुरा शीतला धाम में करीब पचास हजार से ऊपर श्रद्धालुओं ने पहुंच कर मां के श्री चरणों में शीश नवाया और मन्नते मांगी। क्षेत्र में स्थित अदलपुरा शीतला धाम में नवरात्र के दिनों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। मां शीतला का दर्शन करने के लिए श्रद्धालु रात्रि में ही धाम में पहुंच कर विश्राम कर रहे हैं और जैसे ही भोर होने वाली होती है श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा स्नान करने निकल पड़ रही है। हालांकि इस साल अदलपुरा शीतला धाम में गंगा स्नान करने में श्रद्धालुओं को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है, क्योंकि घाट से पांच सौ मीटर दूर बालू की रेत में पैदल चलकर स्नान करना पड़ रहा है। उम्रदराज श्रद्धालुओं को गंगा स्नान करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिससे श्रद्धालुओं को काफी दूर बालू के रेत में पैदल चलकर स्नान करना पड़ रहा है। आगे धाम पर जाने वाले मार्गो की नियमित साफ सफाई कराई जा रही है।धाम में लगे नोडल अधिकारी उमेश यादव, मुकेश मिश्रा



तथा सुधीर दूबे सतेन्द्र यादव, अर्चना सिंह, रश्मि सिंह,सफाई कर्मचारियों के साथ स्वच्छता का विशेष ध्यान रख रहे हैं। वही धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। चौकी प्रभारी कुमार संतोष ने बताया कि उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश में पुख्ता इंतजाम किया गया है। उपजिलाधिकारी चुनार राजेश कुमार वर्मा तथा क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव चुनार थाना प्रभारी विजय शंकर सिंह कंट्रोल रूम से मेला क्षेत्र की पल पल जानकारी लेते रहे। वहीं उपनिरीक्षक सरोज कुमार चौबे, कांस्टेबल रामजी सिंह, संजय सिंह मय पुलिस पीएसी बल के साथ गर्भ गृह से लेकर मेला क्षेत्र में तैनात रहे।

## राशन कार्ड निरस्त करने का लगाया आरोप

**लाभार्थी के पास 12विश्वा भूमि को दिखा दिया 5 एकड़**

**चुनार, मीरजापुर।** राशन कार्ड निरस्त करने का आरोप लगाते हुए उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई कि मांग किया है।क्षेत्र के सीखड़ विकास खंड के ग्राम सभा लरछूट निवासिनी पूजा देवी पत्नी भूपेंद्र नाथ व प्रतिमा मिश्रा पत्नी हरेंद्र नाथ ने उप जिलाधिकारी कार्यालय व पोर्टल पर आईजीआरएस देकर आरोप लगाई की आपूर्ति विभाग द्वारा बिना सूचना के गलत तथ्य के आधार पर राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया। लाभार्थी पूजा ने प्रार्थना पत्र देकर कहा कि मेरा चार यूनिट का पात्र गृहस्थी का राशन कार्ड था जो गलत एवं मनमानी तरीके से 5 एकड़ खेत दिखा कर काट दिया गया जबकि मेरे पति के पास सिर्फ 12 विश्वा खेत है। इसी तरह प्रतिमा मिश्रा ने कहा कि मेरा छ यूनिट का पात्र गृहस्थी का राशन कार्ड था जिसे 22 फरवरी को बिना नोटिस और कारण बताए राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया। जिसके बारे में आपूर्ति विभाग से जानकारी किया गया तो बताया गया कि आप के परिवार में पांच एकड़ से अधिक खेत है इस लिए राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया है। जब कि मेरे पति के नाम से लगभग 12 विश्वा खेत है। इसी तरह मालती देवी पत्नी स्व भोलानाथ का राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया।एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर मामले कि जांच करवा कर विभागीय कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाई किए जाने कि मांग किया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामगढ़ कलां, विकासखंड सीखड़, जनपद- मीरजापुर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु जी राम जी (मनरेगा)/ राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना फेज 2 के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय/ नाली, सड़क, भवन निर्माण व मरम्मत/ पेयजलापूर्ति /ऑफिस स्टेशनरी / ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों कार्यालयों, विद्यालयों में कायाकल्प हेतु फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान की आपूर्ति एवं अन्य कार्य के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराए जाने वाले कार्य के लिए निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेंट, बालू, लाल बालू, सरिया, ह्यूम पाइप, डाला गिट्टी मिट्टी धुलाई, सहित हैंडपंप मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्कूल एवं आफिस फर्नीचर, आफिस स्टेशनरी, हैंडपंप रिबोर, डस्टबिन, सफाई कर्मी की किट, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, लाल ईट इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 25-03-2026 से दिनांक 27-03-2026 तक अपनी दरअपने लेटर पैड पर संलग्नक बंद लिफाफे में अधो हस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 28-03-2026 को प्रातः 02:00 बजे ग्राम समिति सदस्यों और टेंडर दाताओं की उपस्थिति में जो उपस्थित रहना चाहते हैं उनके समक्ष खोली जाएगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर कार्य अवधि समय में 28-03-2026 को दोपहर 02:00 तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा सबसे कम दर की स्वीकृत की जाएगी।

ग्राम प्रधान- हरिओम सिंह
ग्राम पंचायत- रामगढ़ कलां,
जनपद मीरजापुर

ग्राम विकास अधिकारी- उमेश कुमार यादव
ग्राम पंचायत- रामगढ़ कलां,
जनपद मीरजापुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत गौरैया विकासखंड सीखड़, जनपद- मीरजापुर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु जी राम जी (मनरेगा)/ राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग / स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना फेज 2 के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय/ नाली, सड़क, भवन निर्माण व मरम्मत / पेयजलापूर्ति /ऑफिस स्टेशनरी / ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों कार्यालयों, विद्यालयों में कायाकल्प हेतु फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान की आपूर्ति एवं अन्य कार्य के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराए जाने वाले कार्य के लिए निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेंट, बालू, लाल बालू, सरिया, ह्यूम पाइप, डाला गिट्टी मिट्टी धुलाई, सहित हैंडपंप मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्कूल एवं आफिस फर्नीचर, आफिस स्टेशनरी, हैंडपंप रिबोर, डस्टबिन, सफाई कर्मी की किट, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, लाल ईट इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 25-03-2026 से दिनांक 27-03-2026 तक अपनी दरअपने लेटर पैड पर संलग्नक बंद लिफाफे में अधो हस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 28-03-2026 को प्रातः 10:00 बजे ग्राम समिति सदस्यों और टेंडर दाताओं की उपस्थिति में जो उपस्थित रहना चाहते हैं उनके समक्ष खोली जाएगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर कार्य अवधि समय में 28-03-2026 को प्रातः 10:00 तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा सबसे कम दर की स्वीकृत की जाएगी।

ग्राम प्रधान-
अश्वनी मिश्रा
ग्राम पंचायत- गौरैया जनपद
मीरजापुर

ग्राम विकास अधिकारी-
उमेश कुमार यादव
ग्राम पंचायत- गौरैया जनपद
मीरजापुर

## संक्षिप्त खबरें

### प्रयागराज कमिश्नरेट में बड़ा फेरबदल, तीन एसीपी के कार्यक्षेत्र बदले

**प्रयागराज।** कमिश्नरेट में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर जोगेन्द्र कुमार ने तीन एसीपी के कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इस प्रशासनिक फेरबदल को पुलिस व्यवस्था में कसावट लाने के तौर पर देखा जा रहा है। जारी आदेश के अनुसार, अपराध शाखा में तैनात रही एसीपी कुंजलता को अब झूसी क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। झूसी क्षेत्र में बढ़ते आपराधिक मामलों और जन शिकायतों को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव किया गया है, ताकि वहां कानून-व्यवस्था को और बेहतर ढंग से नियंत्रित किया जा सके। वहीं, एसीपी विमल किशोर मिश्रा को कर्नलगंज का एसीपी नियुक्त किया गया है। कर्नलगंज क्षेत्र शहर का व्यस्त और संवेदनशील इलाका माना जाता है, जहां अपराध नियंत्रण के साथ-साथ यातायात व्यवस्था भी एक बड़ी चुनौती रहती है। इसके अलावा, एसीपी वेद व्यास मिश्रा को बारा क्षेत्र का दायित्व सौंपा गया है। बारा क्षेत्र ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों का मिश्रण है, जहां कानून-व्यवस्था के साथ-साथ स्थानीय विवादों के समाधान की भी बड़ी जिम्मेदारी होती है। पुलिस कमिश्नर द्वारा किए गए इस फेरबदल को प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि नए दायित्व मिलने के बाद सभी एसीपी अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करेंगे और अपराध पर प्रभावी।

### नैनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 33.66 ग्राम स्मैक, तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध स्मैक, देशी तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नकदी और मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को सूचना मिली कि एक युवक नए यमुना पुल के नीचे अंडरपास के पास मादक पदार्थ बेचने की तैयारी में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और अभियुक्त भोला भारतीया (उम्र करीब 19 वर्ष), निवासी मऊहारी, थाना औद्योगिक क्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया।तलाशी के दौरान उसके पास से 171 पुड़ियों में रखी गई अवैध स्मैक तथा अलग से रखी स्मैक समेत कुल 33.66 ग्राम मादक पदार्थ बरामद हुआ। इसके अलावा एक अवैध देशी तमंचा (.315 बोर), एक जिंदा कारतूस, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन (स्न्नद्धड्डह्यद्वह्यठ्ठद्द श्चस्त्रद्दद्ध 40) और 2650 रुपये नकद भी बरामद किए गए।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्मैक को छोटी-छोटी पुड़ियों में बांटकर आने-जाने वाले लोगों को बेचता था और इसी से अपनी जरूरतें पूरी करता था। उसने यह भी स्वीकार किया कि बरामद मोबाइल फोन से वह ग्राहकों से संपर्क करता था तथा तमंचे का उपयोग लोगों को डराने-धमकाने के लिए करता था।इस मामले में थाना नैनी पर मु0अ0सं0 147/2026 के तहत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट व 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### एक दिवसीय पशुपालक प्रशिक्षण संपन्न

**वैज्ञानिक तरीकों से पशुपालन करना अत्यंत आवश्यक: डॉ दिग्विजय**

**देवरिया।** जनपद के विकास खंड बैतालपुर अन्तर्गत एक दिवसीय पशुपालक प्रशिक्षण का आयोजन पशु चिकित्सालय प्रांगण में आयोजित किया गया। पशु चिकित्साधिकारी डॉ दिग्विजय यादव ने प्रशिक्षण में बताया कि भारत के ग्रामीण जीवन और कृषि व्यवस्था में पशुपालन का विशेष महत्व है। गाय,भैंस,बकरी,कुक्कुट तथा अन्य पालतू पशु न केवल दूध,मांस,अंडे और अन्य उत्पाद प्रदान करते हैं बल्कि किसानों की आय बढ़ाने,रोजगार सृजन करने और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आज के समय में वैज्ञानिक तरीकों से पशुपालन करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। यदि पशुपालक सही नस्ल का चयन,संतुलित आहार,उचित देखभाल,रोगों की रोकथाम और प्रबंधन के आधुनिक तरीकों को अपनाएं तो कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने विभाग की विभिन्न योजनाओं को विस्तार से जानकारी दिया जिसमें सहभागिता योजना,पशुधन बीमा,पशुपालन के लिए किसान क्रेडिट कार्ड,नंद बाबा दुग्ध मिशन,राष्ट्रीय पशुधन मिशन आदि प्रमुख रहे। मोबाइल वेटनरी यूनिट की आपातकालीन सेवा टोल फ्री नंबर 1962 द्वारा पशुपालक के द्वार पर दिया जा रहा है। आज वैश्विक हलचल में पशुपालक बायो गैस प्लांट लगवाकर घरेलू ईंधन में भी आत्मनिर्भर हो सकता है। प्रशिक्षण में सभी पशुपालकों को पशुपालन प्रशिक्षिका का वितरण किया गया जो उनके आय बढ़ाने में मदद करेगी। प्रशिक्षण में सुभाष चंद्र, धर्मेंद्र यादव, अनुराग मणि, सुनील कुमार, दुष्यंत तिवारी, अरविंद प्रजापति, राजकुमार यादव, अभिषेक मणि, पंकज मणि, जय प्रकाश यादव, सीताराम आदि पशुपालक शामिल रहे।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने लगायी जंतर-मंतर प्रदर्शन केस में ट्रायल पर रोक, राहुल-अखिलेश समेत कई नेताओं को राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी है, जिसमें चार्जशीट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, अखिलेश यादव, डीएमके नेताओं कनिमोझी, ए. राजा, सीवीएमपी एझिलारासन समेत अन्य के नाम शामिल हैं। यह मामला फरवरी 2025 में जंतर-मंतर पर यूजीसी के ड्राफ्ट दिशानिर्देशों के खिलाफ कथित रूप से बिना अनुमति आयोजित किए गए प्रदर्शन से जुड़ा है। डीएमके नेता सीवीएमपी एझिलारासन ने एफआईआर रद्द करने की मांग की है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद मामला राउज एवेन्यू कोर्ट में लंबित है, हालांकि अभी तक अदालत ने संज्ञान नहीं लिया है।

**अनिल अंबानी समूह मामला: 73000 करोड़ घोटाले की जांच पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, CBI-ED को दिये ये आदेश**

बड़े बैंकिंग घोटाले के आरोपों में फंसे अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख दिखाया है। कोर्ट ने सीबीआई और ईडी की जांच में दिखाई गई अनिच्छा पर नाराजगी जताते हुए साफ कहा कि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी होनी चाहिए। अदालत ने संकेत दिया कि इतने बड़े मामले में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सच्चाई सामने आनी ही चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसियों का रवैया भरोसा पैदा करने वाला होना चाहिए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि एसआईटी का गठन किया गया है। इसमें ईडी के वरिष्ठ अधिकारी और बैंकिंग क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हैं। अब तक करीब 15,000 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी है और चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट ने सभी वित्तीय संस्थानों को ईडी को पूरा सहयोग देने का निर्देश भी दिया।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि SEBI रिपोर्ट में साफ संकेत हैं कि पैसे को व्यवस्थित तरीके से इधर-उधर किया गया, लेकिन CBI ने अब तक कोई बड़ी गिरफ्तारी नहीं की।

## फाफामऊ कोल्ड स्टोरेज हादसे में बड़ी कार्रवाई: जिला उद्यान अधिकारी सस्पेंड




**ब्यूरो प्रयागराज।** फाफामऊ क्षेत्र के चंदापुर स्थित कोल्ड स्टोरेज हादसे के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मामले में प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के निर्देश पर जिला उद्यान अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा कराई गई प्रारंभिक जांच में हादसे के पीछे गंभीर लापरवाही की बात सामने आई है। इसी आधार पर यह कार्रवाई की गई है। अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी और निगरानी में कमी के कारण यह घटना हुई, जिसकी जिम्मेदारी तय की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, कोल्ड स्टोरेज में रख-रखाव और तकनीकी व्यवस्थाओं में कई खामियां पाई गई हैं। हादसे के समय मौजूद कर्मचारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दोषी पाए जाने वाले अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## डॉलर के मुक़ाबले रुपया 60 पर था तो ये शोर मचाते थे, अब 94 पर है तो चुप्पी क्यों?



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** डॉलर के मुक़ाबले रुपया हाल में 94 के पार तक पहुंच गया। सोमवार को भी 93.95 से ऊपर है। पर न तो वैसा शोर है और हंगामा है जैसा यूपीए सरकार के दौरान रुपया 60 के पार पहुँचने पर था। आप खुद तुलना कर सकते हैं। याद कीजिए 2013 का समय। तब कांग्रेस की यूपीए सरकार थी। रुपया 60 के ऊपर चला गया था। तब राजनेताओं से लेकर मीडिया तक में शोर था। अख़बारों की हेडलाइंस, टीवी डिबेट्स, राजनीतिक हमले और सोशल मीडिया पर तीखी बहस चलती थी। इसे देश की आर्थिक संकट या रुपये की तबाही जैसा बताया जाता था। अखबारों और टीवी में रोज़ाना बड़े-बड़े फोटो और हेडलाइंस आती थीं- '

नरेंद्र मोदी 2013 में गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने यूपीए सरकार पर जमकर हमला बोला था। 2013 में एक भाषण में मोदी ने कहा था कि रुपया और प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह दोनों 'मौन' हो गए हैं। उन्होंने रुपये को 'डेथबेड' पर बताया था और कहा था कि यह 'टर्मिनल स्टेज' में है, डॉक्टर की ज़रूरत है।

जब रुपया 60 के ऊपर पहुँचा था तब एक अन्य बयान में उन्होंने तंज कसा था कि रुपया मनमोहन सिंह की उम्र से होड़ लगा रहा है। उन्होंने एक अन्य बयान में कहा था कि रुपया 'आईसीयू' में है और सरकार की नीतियों व भ्रष्टाचार से यह स्थिति बनी है।

उन्होंने तंज में कहा था कि रुपया और यूपीए सरकार दोनों की वैल्यू ख़त्म हो गई है। अब रुपया जब 94 के क़रीब है तो प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं। पुराने वीडियो वायरल हो रहे हैं, लेकिन खुद प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं या अर्थव्यवस्था को मजबूत बताते हैं। विपक्ष उन्हें पुरानी बातें याद दिला रहा है, लेकिन सरकार कह रही है- वैश्विक वजहें हैं।

## प्रयागराज में बिल्डिंग का मलबा गिरा, मची अफरा-तफरी; राहत और बचाव कार्य जारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में सोमवार को एक बड़ा हादसा सामने आया, जहां साउथ मलाका इलाके में नवाब की रसोई के पास स्थित एक बिल्डिंग का मलबा अचानक गिर गया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिल्डिंग का हिस्सा अचानक भरभराकर गिर पड़ा, जिससे आसपास मौजूद लोग घबरा गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत एवं बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंच गया और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया।

प्रशासन को आशंका है कि मलबे के नीचे कुछ लोग दबे हो सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए जेसीबी और अन्य उपकरणों की मदद से मलबा हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। मौके पर एंबुलेंस और मेडिकल टीम को भी तैनात किया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। घटना के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गए, जिससे राहत कार्य में बाधाएं भी उत्पन्न हो रही हैं। पुलिस द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं और लोगों से सहयोग की अपील की जा रही है। फिलहाल इस हादसे के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि बिल्डिंग जर्जर स्थिति में थी या निर्माण कार्य के दौरान कोई लापरवाही हुई हो सकती है। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं।

## दबिश देने जा रही पुलिस टीम की कार पलटी, दरोगा समेत कई घायल

**नैनी, प्रयागराज।** मंगलवार की भोर एक बड़ा हादसा हो गया, जब दबिश देने जा रही नैनी पुलिस टीम की कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में दरोगा समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।मिली जानकारी के अनुसार, नैनी कोतवाली में दर्ज एक मुकदमे के अभियुक्त की तलाश में पुलिस टीम लगातार जुटी हुई थी। मंगलवार सुबह अभियुक्त की लोकेशन शिवकुटी थाना क्षेत्र के रसूलाबाद में मिलने पर नैनी थाने के दरोगा बलिराम, हर्ष कुमार, धर्मानंद यादव और महिला सिपाही संगीता एक निजी वाहन से दबिश देने के लिए रवाना हुए थे।इसी दौरान रसूलाबाद के पास अचानक सड़क पर मवेशी आ जाने से वाहन चालक संतुलन खो बैठा। गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को एम्बुलेंस के जरिए स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। सभी की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## चुनाव आयोग के पत्र पर भाजपा की मुहर से बवाल, श्वष्ट ने मानी चूक; विपक्ष ने चुनावी निष्पक्षता पर उठाए सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** चुनाव आयोग के एक पुराने पत्र पर भाजपा केरल की मुहर पाए जाने के बाद सियासी विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले ने चुनावी निष्पक्षता को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। विपक्षी दलों ने इसे गंभीर चूक बताते हुए चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं, जबकि आयोग ने इसे सिर्फ क्लेरिकल एरर यानी लेखन की गलती कहकर तुरंत सुधार करने की बात कही है।

यह विवाद तब सामने आया जब सीपीआईएम ने सोशल मीडिया पर एक दस्तावेज साझा किया, जिसमें 19 मार्च 2019 के चुनाव आयोग के पत्र के साथ लगे हलफनामे पर भाजपा केरल की मुहर दिखाई दी। इस पर कांग्रेस और सीपीआईएम ने तीखी प्रतिक्रिया दी। चुनाव आयोग के केरल कार्यालय ने सफाई देते हुए कहा कि यह गलती अनजाने में हुई और इसे तुरंत ठीक कर लिया गया है।

यह मामला 2019 के एक आधिकारिक पत्र से जुड़ा है, जो राजनीतिक दलों को भेजा गया था। सीपीआईएम ने दावा किया कि इस पत्र के साथ जो दस्तावेज भेजा गया, उस पर चुनाव आयोग की बजाय भाजपा की मुहर थी। पार्टी ने कहा कि यह दस्तावेज कई दलों को मिला और इसकी पुष्टि भी की गई। इससे यह सवाल उठने लगा कि क्या चुनाव आयोग के दस्तावेजों में बाहरी हस्तक्षेप हुआ है।

केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने कहा कि यह पूरी तरह एक क्लेरिकल एरर था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने बताया कि जैसे ही गलती का पता चला, 21 मार्च को एक नया पत्र जारी कर गलत दस्तावेज वापस ले लिया गया। यह सूचना सभी राजनीतिक दलों, जिला चुनाव अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों को भेजी गई। आयोग ने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसी गलती न हो, इसके लिए सावधानी बरती जाएगी।




## केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद के अखिल भारतीय वार्षिक पुरस्कारों में उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज का दबदबा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद द्वारा आयोजित अखिल भारतीय वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मुख्यालय एवं मण्डल ने शानदार सफलता हासिल कर अपना दबदबा कायम किया है। नई दिल्ली के आर.के. पुरम स्थित केन्द्रीय जल आयोग के नए पुस्तकालय भवन सभागार में पुरस्कार समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षत अतुल जैन ( शाखा प्रधान, पूर्व अध्यक्ष-केन्द्रीय जल आयोग एवं पदेन सचिव, भारत सरकार) ने की।

इस प्रतिष्ठित समारोह में प्रयागराज मुख्यालय शाखा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई प्रमुख पुरस्कार अपने नाम किए7 अनूप कुमार बनर्जी (मुख्य कार्यालय अधीक्षक/वाणिज्य) ने अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। प्रवीण नेवालकर (मुख्य तकनीकी सलाहकार/बिजली विभाग) ने अखिल भारतीय टिप्पण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता। मुख्यालय शाखा मंत्री चन्द को 'हिन्दी सेवी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। प्रयागराज मण्डल के शाखा मंत्री शशि भूषण प्रसाद को 'शाखा सक्रियता पुरस्कार' प्रदान किया गया। इंश्योरेंस शाखा प्रयागराज को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अमिताभ खरे (पूर्व प्रधान एवं कार्यकारी निदेशक, रेलवे बोर्ड), रामनरेश तिवारी 'पिण्डीवासा' (नगर प्रधान) सहित केन्द्रीय सचिवालय के समस्त पदाधिकारी, केन्द्रीय कार्य समिति के सदस्य एवं आजीवन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। नई दिल्ली से सम्मानित होकर लौटे इन प्रतिनिधियों के सम्मान में प्रयागराज में एक विशेष बधाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर मध्य रेलवे शाखा के पदाधिकारियों ने मुख्यालय के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपार हर्ष व्यक्त किया एवं सभी विजेताओं को शुभकामनाएँ दीं। इस स्वागत समारोह में रमेश चन्द गौतम (शाखा प्रधान एवं पूर्व सहायक वित्त सलाहकार/पेंशन), सुरेन्द्र तिवारी (उप प्रधान), सुदीप कुमार (कोषाध्यक्ष), सतीश कुमार पटेल और सुनील त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने राजभाषा हिन्दी के व्यापक प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया।

## मध्य पूर्व संघर्ष में अब तक 2,100 से ज्यादा हताहत: संयुक्त राष्ट्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** मध्य पूर्व में बढ़ते सैन्य संघर्ष के बाद से अब तक 2,100 से अधिक बच्चे या तो मारे जा चुके हैं या घायल हुए हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के उप कार्यकारी निदेशक टेड चैबन ने दी। उन्होंने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संघर्ष शुरू हुए 23 दिन हो चुके हैं और इस दौरान पूरे क्षेत्र के बच्चे सबसे ज्यादा नुकसान झेल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह लड़ाई और लंबी चली या बड़े स्तर पर फैल गई, तो लाखों और बच्चों के लिए स्थिति बेहद भयावह हो सकती है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने बताया कि मारे गए लोगों में 206 बच्चे ईरान में, 118 लेबनान में, चार इजरायल में और एक कुवैत में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि युद्ध शुरू होने के बाद से हर दिन औसतन 87 बच्चे या तो मारे जा रहे हैं या घायल हो रहे हैं। मौत और चोटों के अलावा, लगातार हो रही बमबारी और लोगों को जगह खाली करने के आदेशों के कारण कई देशों में बड़ी संख्या में लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं।

ईरान में संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के अनुमान के मुताबिक करीब 32 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, जिनमें लगभग 8 लाख 64 हजार बच्चे शामिल हैं। वहीं लेबनान में 10 लाख से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ चुके हैं, जिनमें करीब 3 लाख 70 हजार बच्चे हैं।

चैबन ने कहा कि इस संघर्ष के बढ़ने से पहले ही मध्य पूर्व में लगभग 4 करोड़ 48 लाख बच्चे ऐसे हालात में रह रहे थे, जो पहले से ही संघर्ष से प्रभावित थे। यूनिसेफ ने अब तक 250 से ज्यादा शिविरों और दूर-दराज के इलाकों में 1 लाख 51 हजार विस्थापित लोगों तक जरूरी सामान पहुंचाया है। साथ ही 188 शिविरों में करीब 46 हजार लोगों को पानी और साफ-सफाई की सुविधा दी जा रही है। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि जरूरतें बहुत तेजी से बढ़ रही हैं और उपलब्ध संसाधन कम पड़ रहे हैं।

## युवक की बाइक चोरी,दी तहरीर




**नैनी, प्रयागराज।** 24 मार्च नैनी क्षेत्र के नई बाजार निवासी दिनेश कुमार केसरवानी की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने अपनी सुपर स्प्लेंडर बाइक मंगलवार सुबह करीब 7:00 बजे अपने घर के बाहर खड़ा किया था। कुछ देर बाद जब वह बाहर आए तो बाइक वहां से गायब थी। दिनेश कुमार ने बताया कि उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने प्राथमिक जांच के बाद बाइक चोरी होने की आशंका जताई और पीड़ित को थाने में एफआईआर दर्ज कराने की सलाह दी।पीड़ित ने पास में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें एक अज्ञात युवक बाइक ले जाते हुए दिखाई दिया है। इस घटना के बाद पीड़ित ने थाना नैनी में शिकायत दर्ज कराई।

## भक्तों ने चतुर्भुजी रुप में मां कात्यायनी का किया अलौकिक दर्शन

**● धैर्य की शक्ति से ही जीवन में भक्ति प्राप्त हो सकती है- डां अनिरुद्ध जी महाराज**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** मां कल्याणी देवी मंदिर धाम में चल रहे नवरात्रि महोत्सव के षष्ठम दिवस पर प्रातःकाल 5 बजे महामंत्री पंडित श्याम जी पाठक ने विधि विधान पूर्वक मां कल्याणी जी का मंगला आरती कर माता कात्यायनी का आह्वान किया। और दोपहर 2 बजे तक अनेकों श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में दर्शन पूजन किया और बच्चों को कर्णछेदन और मुंडन कराया और शतचंडी महायज्ञ में भाग लिया और आहूति डाल कर परिक्रमा किया। और शाम 6 बजे मां कल्याणी देवी का श्रृंगार दर्शन का पट भक्तों के लिए खोला गया और मां कल्याणी साक्षात चतुर्भुज रूप धारण कर माता कात्यायनी के दिव्य स्वरूप में भक्तों को दर्शन दिया मां के अलौकिक रूप का श्रृंगार दर्शन प्राप्त कर भक्तों ने मां कात्यायनी का जोरदार जयकारा लगाते रहे और पूरा मंदिर मां के जयकारे से गूंज उठा। मेले के प्रबंधन अध्यक्ष सुशील कुमार पाठक महामंत्री श्याम जी पाठक संयोजक अनिल पाठक, दिलीप पाठक, सैकड़ो स्वयं सेवक एवं पुलिस के जवान तैनात रहे।

इस अवसर मां कल्याणी देवी मंदिर धाम के अंतर्गत नवसंवत्सर मानस समिति के द्वारा आयोजित श्री राम कथा के षष्ठम दिवस पर भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए कथा व्यास डा अनिरुद्ध जी महाराज ने राम रावण युद्ध का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि मां जानकी भक्ति की प्रतीक है जिन्हें प्राप्त करने के लिए भगवान श्री राम ने अपना धैर्य नहीं खोया और उन्हें विश्वास था ।रावण पर विजय प्राप्त करके मां सीता को मुक्त करेंगे और उन्हें पुनः प्राप्त करेंगे। इसीलिए मनुष्य को अपने जीवन में भक्ति प्राप्त करना है तो अपने लक्ष्य पर ध्यान रखते हुए धैर्य रखना होगा निश्चय ही उसे सफलता प्राप्त होगी।कथा का संचालन प्रवक्ता ओंकार नाथ त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पंडित कृष्ण कुमार पाठक, महामंत्री सुबोध खन्ना, राजेश केसरवानी, मनोज टंडन, कुंवर जी टंडन,राजू यादव सहित सैकड़ों भक्तों ने आरती किया।

## फाफामऊ के चंदापुर स्थित कोल्ड स्टोरेज में हादसे के बाद मलबे से आलू लूटने की मची होड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** जनपद के फाफामऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदापुर स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में हुए हादसे के बाद अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान जहां एक ओर प्रशासन और राहत टीमें मलबे में दबे लोगों को निकालने में जुटी थीं, वहीं दूसरी ओर मौके पर मौजूद कुछ लोगों द्वारा मलबे में पड़े आलुओं को लूटने की होड़ मच गई। बताया जा रहा है कि कोल्ड स्टोरेज का एक हिस्सा अचानक ढह गया, जिससे वहां काम कर रहे कई मजदूर मलबे में दब गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

इसी बीच, मौके पर जुटी भीड़ में से कुछ लोग मलबे से निकलकर बिखरे पड़े आलुओं को बोरों और थैलों में भरकर ले जाते नजर आए। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बार-बार समझाने और चेतावनी देने के बावजूद लोग नहीं माने और मौके पर अव्यवस्था का माहौल बना रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद लोगों की प्राथमिकता मदद करने की बजाय सामान उठाने की हो गई, जो एक चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया और भीड़ को वहां से हटाया। जिला प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। साथ ही कोल्ड स्टोरेज की संरचना और सुरक्षा मानकों की भी जांच की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### करसो में पलटा ट्रक, बाल-बाल बचे चालक व उपचालक



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत करसो में मंगलवार को एक सड़क हादसा हो गया, जहां एक ट्रक संख्या बीआर 21 जीए 3678 अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रक चालक और उपचालक बाल-बाल बच गए, हालांकि चालक को हल्की चोटें आई हैं। मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक करसो क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण वाहन पलट गया। हादसे के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। घायल चालक को प्राथमिक उपचार दिया गया। बताया जा रहा है कि चालक का नाम कारू और खलासी का नाम राजेश है, जो बिहार शरीफ के रहने वाले हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा संभवतः तेज रफ्तार या सड़क की स्थिति के कारण हुआ है, हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### चंदवा के क्रिएटिव अकैडमी में परिणाम दिवस धूमधाम से संपन्न, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए सम्मानित



**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा के क्रिएटिव अकैडमी में परिणाम दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की मेहनत और उपलब्धियों की सराहना करते हुए शिक्षकों ने उन्हें मंच पर सम्मानित किया। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. मनु कुमार गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष विद्यार्थियों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय आगामी सत्र से आधुनिक सुविधाओं से युक्त शिक्षा व्यवस्था लागू करेगा, जिससे विद्यार्थियों का मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि छोटे बच्चों के लिए प्ले-वे मेथड के माध्यम से पढ़ाई की विशेष व्यवस्था की जाएगी, जिससे वे खेल-खेल में बेहतर तरीके से सीख सकें। इस अवसर पर खुशी कुमारी, अमृत कौर, निखिल वर्मा, राखी दास, वर्षा कुमारी, रितु कुमारी, मुस्कान, प्रवीण और दीपक कुमार सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और खुशी से भरा रहा।

### अस्वस्थ चल रहे वरिष्ठ कार्यकर्ता का हालचाल जानने पहुंचे महेशपुर विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी



**पाकुडिया, पाकुड़, झारखंडः-** तलवा बाड़ीटोला के रहने वाले झामुमो पार्टी के वरिष्ठ आंदोलनकारी कार्यकर्ता कुबराज मरांडी बीमारी थे। उनका स्वास्थ्य हाल जानने के लिए स्थानीय विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी उनके तलवा बाड़ीटोला स्थित घर पहुंचे। सोमवार को उनके घर पहुंच, कुबराज मरांडी वर्तमान मे घर पर ही मे स्वस्थ लाभ ले रहे है। विधायक ने स्वास्थ्य की स्थिति का जायजा लिया। उनके परिजनों को ढांढस दिलाया तथा ईश्वर से उनके स्वास्थ्य के जल्द बेहतर होने की कामना किया। मालूम हो कि कुबराज जी समाज के कुरीतियों के खिलाफ हमेशा अपनी आवाज बुलंद करते रहे है। वे आन्दोलन के समय से ही झामुमो के साथ जुड़कर पार्टी को मजबूत बनाने का काम करते रहे है। इस मौके पर स्थानीय विधायक प्रो.मरांडी ने बताया कि कुबराज जी पार्टी के वरिष्ठ कर्मठ कार्यकर्त्ता के रूप में काम किया है। इनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए ईश्वर से कामना करता हूं। इस मौके झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हाँसदा,मोहनलाल समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# नन्हे कदमों का बड़ा उत्सवः चंदवा में यूकेजी छात्रों का भव्य दीक्षांत समारोह सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा स्थित ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल एवं त्रिवेणी कर्नल्स अकैडमी में यूकेजी के नन्हे विद्यार्थियों के लिए संयुक्त रूप से भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। यह खास अवसर उन बच्चों के लिए यादगार बना, जिन्होंने किंडरगार्टन की शिक्षा पूरी कर प्रथम कक्षा में प्रवेश प्राप्त किया। समारोह में विद्यालय की निदेशिका कादंबरी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों को सर्टिफिकेट, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय के निरंतर विकास पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि दोनों संस्थान आने वाले समय में उत्कृष्ट शिक्षा के सभी मानकों पर खरे उतरेंगे। इस अवसर पर ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य हिमांशु सिंह ने बच्चों के समग्र विकास पर बल देते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों पर भी ध्यान दें। वहीं, त्रिवेणी कर्नल्स अकैडमी के प्राचार्य दीपक गुप्ता ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया।

ज्ञात हो कि यह दीक्षांत समारोह दोनों संस्थानों में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जो अभिभावकों के लिए एक सुखद और प्रेरणादायक अनुभव बन चुका है। पिछले दस वर्षों में ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर चंदवा में एक उच्च मानक स्थापित किया है। त्रिवेणी कर्नल्स अकैडमी भी इसका अभिन्न हिस्सा है, जहाँ प्री-नर्सरी से कक्षा दो तक की शिक्षा दी जाती है। कार्यक्रम को लेकर अभिभावकों में खासा उत्साह देखा गया। उन्होंने इस पहल को सराहनीय बताते हुए विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा जताई। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के प्रशासक सुमंत सिंह एवं प्राइमरी विंग की को-ऑर्डिनेटर सुश्री हिना फरीन का विशेष योगदान रहा। सभी शिक्षकों के सहयोग से कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ।

# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए करमा की मुखिया देवंती देवी को मिला 'बेस्ट मुखिया' का अवार्ड

**● यह सम्मान मेरा नहीं, करमा पंचायत की समर्पित जनता का है : देवंती देवी**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** झारखण्ड शिक्षा परियोजना द्वारा हजारीबाग के नगर भवन में मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए करमा पंचायत की मुखिया देवंती देवी को बेस्ट मुखिया के सम्मान से सम्मानित किया गया। हजारीबाग उपायुक्त की अनुपस्थिति में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने मुखिया को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। विभाग द्वारा पंचायत में स्कूलों की स्थिति सुधारने, नामांकन बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुखिया के प्रयासों की सराहना की गई। मुखिया को सम्मानित किए जाने के बाद करमा पंचायत वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव ने कहा कि मुखिया ने अपने कार्यकाल में पूरी ईमानदारी से जनता की सेवा की है। कहा करमा पंचायत में कमीशनखोरी का नामोनिशान नहीं है और विकास योजनाओं का लाभ सीधे जनता को सुगमता पूर्वक मिल रहा है। मुखिया देवंती देवी ने डीसी और शिक्षा विभाग के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा, यह सम्मान मेरा व्यक्तिगत नहीं, बल्कि करमा की जनता का है।

**मुखिया संघ ने दी बधाई**

करमा मुखिया को सम्मान मिलने पर मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, मुखिया पप्पू रजक, मंटू सिंह, सुनीता देवी, रेखा देवी, संतोष सिंह, अन्नपूर्णा देवी, पिंकी देवी, कृष्णा रविदास, सुनीता देवी और प्रवीण सिंह, अर्जुन पांडेय, मंजू देवी, ममता देवी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी है।

# एसपी ने किया तालबेहट थाने का वार्षिक निरीक्षण

**●अपराध नियंत्रण व महिला सुरक्षा पर दिए कड़े निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने मंगलवार को थाना तालबेहट का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गार्द की सलामी ली और पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का निरीक्षण किया। इसके बाद थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, ई-मालखाना, बैरक सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न अभिलेखों जैसे एनसीआर रजिस्टर, टॉप-10 अपराधी रजिस्टर, महिला उत्पीडन् रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर आदि की जांच की गई, जो अद्यावधिक एवं संतोषजनक पाए गए। एसपी ने हिस्ट्रीशीटरों की नियमित निगरानी, अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई तथा एचएस रजिस्टर की साप्ताहिक चेकिंग के निर्देश दिए। ई-मालखाना और शस्त्रागार के निरीक्षण में शस्त्रों की साफ-सफाई व रख-रखाव पर जोर देते हुए लंबित मालों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

वहीं आईजीआरएस प्रकरणों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। आगामी नवरात्र पर्व को देखते हुए धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, पैदल व रात्रि गश्त बढ़ाने तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग के निर्देश दिए गए। साथ ही गुण्डा, गैंगस्टर व 129 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई तेज करने को कहा गया। एसपी ने यक्ष एप के प्रभावी उपयोग पर बल देते हुए अपराधियों की डिजिटल निगरानी और गैंग नेटवर्क की जानकारी जुटाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति केन्द्र के निरीक्षण में महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता व त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया तथा पीड़िताओं की समुचित काउंसलिंग पर जोर दिया गया। साइबर हेल्प डेस्क के निरीक्षण में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ितों की धनराशि वापस कराने, बैंक खातों को फ्रीज कराने तथा विभिन्न पोर्टलों के प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए गए। इसके अलावा लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध शराब व मादक पदार्थों पर नियंत्रण तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिला कर्मी को प्रताड़ित करने व भ्रष्टाचार के आरोप में मुख्य आरक्षी बर्खास्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार और महिला कर्मी के उत्पीडन् के गंभीर मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरक्षी जितेन्द्र यादव को सेवा से पदच्युत (डिसमिस) कर दिया गया है। उन पर महिला पुलिस कर्मी को बार-बार अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, जान से मारने की धमकी देने तथा अफवाहें फैलाकर छवि धूमिल करने जैसे गंभीर आरोप सिद्ध हुए हैं। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2025 में प्रधान लिपिक शाखा में तैनाती के दौरान मुख्य आरक्षी पर अवकाश पत्रावलियों के निस्तारण के नाम पर पुलिसकर्मियों से अवैध धन (उत्कोच) की मांग करने के आरोप लगे थे। इस दौरान एक महिला सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) को मामले की जानकारी होने पर आरोपी ने उसे लगातार फोन कर परेशान किया और धमकियां दीं। प्रकरण की प्रारंभिक जांच एएसपी को सौंपी गई थी, जिसमें आरोपी को दोषी पाया गया। इसके बाद नियमों के तहत विभागीय कार्रवाई करते हुए पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) झांसी द्वारा विस्तृत जांच कराई गई। करीब चार माह चली जांच में आरोप पूरी तरह प्रमाणित पाए गए। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी मुख्य आरक्षी अन्य पुलिसकर्मियों की बातचीत को गुप्त रूप से रिकॉर्ड कर उनका दुरुपयोग करता था और उन्हें ब्लैकमेल करता था। साथ ही, विवादित जमीनों पर अपराधियों के साथ मिलकर कब्जा करने, आपराधिक षडयंत्र रचने और कर्मचारियों पर दबाव बनाने के लिए सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने के भी साक्ष्य मिले हैं। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि आरोपी द्वारा लगाए गए वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार एवं अन्य आरोप पूरी तरह निराधार हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए 24 मार्च 2026 को मुख्य आरक्षी जितेन्द्र यादव को उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

# साजिश रचकर फंसाने व जान से मारने की धमकी का आरोप

**●पीड़ित ने एसपी से की शिकायत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद के कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपने खिलाफ साजिश रचकर झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दिए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। मामले में आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। ग्राम मसौराखुर्द निवासी डा.अखिलेश चौबे ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि वह एक समाचार पत्र से जुड़े होने के साथ सामाजिक व व्यावसायिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। उनके अनुसार कुछ लोग उनसे ईर्ष्या रखते हैं और उनकी छवि खराब करने के उद्देश्य से षडयंत्र रच रहे हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कुछ व्यक्तियों ने कचहरी परिसर में एकत्र होकर उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराने तथा किसी महिला के माध्यम से उन्हें फंसाने की योजना बनाई। साथ ही मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी देने की भी बात कही गई है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित लोग आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और पहले से कई मामलों में संलिप्त रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि उन्हें फोन व सोशल मीडिया के माध्यम से भी धमकियां दी जा रही हैं तथा उनके खिलाफ झूठे प्रार्थना पत्र दिए जा रहे हैं। डा. चौबे ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# शहीदों की स्मृति में गूंजा भगत सिंह चौक, श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाया गया शहीद दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** बीते सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में स्थानीय भगत सिंह चौक पर देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों–भगत सिंह, शिवराम राजगुरु एवं सुखदेव थापर–को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित जनसमूह ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके अदम्य साहस और बलिदान को स्मरण करते हुए एक मिनट का मौन रखकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इन वीर सपूतों का त्याग और बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। उनके आदर्शों पर चलकर ही राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति को सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुदामा यादव सहित दिवाकर कुमार, आशीष कुमार, सोनू झा, रोशन कुमार, आशीष यादव (धोनी), सोनू कुमार, प्रिंस कुमार, पीतांबर मरांडी, विकास दुबे, सोनू गुप्ता, आयुष गुप्ता, राजकुमार, अमित कुमार, ऋषि कुमार, रिशु कुमार, मोहन यादव, प्रेम यादव एवं राम झा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शहीद दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में अमर शहीदों को कोटि-कोटि नमन करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### हजारीबाग रोड ब्लॉक गेट के पास होटल में लगी आग, लाखों का नुकसान

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग रोड ब्लॉक गेट के समीप स्थित सुनील सिंह के झारखंड होटल में बीती रात अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना रात करीब 1 बजे की बताई जा रही है। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। स्थानीय लोगों की तत्परता के कारण आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि इस घटना में होटल मालिक सुनील सिंह को लाखों रुपये का नुकसान होने की बात कही जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों ने मिलकर आग बुझाने में महत्ती भूमिका निभाई, जिससे आसपास के अन्य दुकानों और भवनों को भी सुरक्षित बचा लिया गया।

# लातेहार में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक, कृषि से पशुपालन तक प्रगति पर उपायुक्त की कड़ी नजर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, गव्य विकास एवं उद्यान विभाग से संबंधित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का गहन मूल्यांकन किया गया। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान वर्षापात की स्थिति, रबी 2025-26 के तहत बीज विनिमय एवं वितरण, बिरसा फसल विस्तार योजना, सरसों एवं मक्का बीज वितरण सहित गेहूं और गरमा मूंग के प्रगति कार्यों पर विशेष चर्चा हुई। साथ ही सॉइल हेल्थ, फसल सुरक्षा कार्यक्रम, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं कृषोन्नति योजना जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं की स्थिति का भी आकलन किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) के अंतर्गत e-KYC की प्रगति एवं किसान समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी लाभुकों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने का निर्देश दिया।

बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले हेरहंज, गारू एवं महुआडांड के प्रखंड कृषि पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया। वहीं पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत DBT के माध्यम से परिसंपत्ति वितरण, दुग्ध उपकरण, वर्मी कम्पोस्ट, मिल्किंग मशीन, काउ मैट, जोड़ा बैल वितरण एवं भेड़ पालन योजना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने पशु चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने, टीकाकरण बढ़ाने तथा सभी योजनाओं का पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी नेहा निश्चा, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सुषमा प्रधिया, जिला गव्य विकास पदाधिकारी हरि कृष्ण, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# ललितपुर पुलिस की बर्बरता का खुलासा!

**●वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी, एफआईआर दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** एक वकील को पुलिसवालों ने बुरी तरह पीटा, हवालात में बंद कर जूतों को चाटने के लिए मजबूर किया और वीडियो बनाकर कहा कि साले तूने बहुत परेशान कर रखा है, यह वीडियो वायरल करेंगे कि कैसे एक वकील जूते चाट रहा है। यह चौंकाने वाली घटना ललितपुर के एक थाने में हुई, जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट अब दर्ज कर ली गई है। बाइस मार्च 2026 को रात 9.58 बजे कोतवाली थाने में दर्ज की गई। शिकायतकर्ता हैं बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से पंजीकृत अधिवक्ता ग्राम गनगौरा के मजरा गुजरातन निवासी कृपाल सिंह पुत्र शिवप्रसाद ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के माध्यम से तहरीर देकर पुलिस की इस नृशंसता का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि बीती 7 दिसंबर 2025 को शाम करीब 6 बजे गांव में एक छोटी सी घटना हुई। कृपाल सिंह की भांजी की गाड़ी पर दो युवकों ने कथित तौर पर हमला कर दिया। वकील ने 112 पर फोन कर मदद मांगी। लेकिन मौके पर पहुंचे चौकी दैलवारा के प्रभारी दरोगा ललित उज्जवल और दरोगा दीपक डागर ने उल्टा वकील और उनके चचेरे भाई केहर सिंह को घर से पकड़कर मारा-पीटा। दोनों को 112 की गाड़ी में ठूंसकर कोतवाली थाना ले गए और हवालात में बंद कर दिया। कुछ देर बाद दोनों दरोगा वापस आए और होमगार्ड परमाल सिंह को आदेश दिया कि इस वकील को बाहर निकालो, बहुत परेशान कर रखा है। फिर तीनों ने वकील को एक कमरे में ले जाकर लात-घूंसे और पट्टों से बुरी तरह पीटा। इसके बाद वकील को दोबारा हवालात से निकालकर आरक्षी दीपेंद्र के साथ मिलकर फिर मारा। आरोप है कि दरोगा दीपक डागर ने वकील के जूते चाटने को मजबूर किया और वीडियो रिकॉर्ड किया। वीडियो में कहा गया कि साले तूने बहुत परेशान कर रखा, मेरे जूतों को चाटो हम वायरल करेंगे कि एक वकील कैसे जूते चाट रहा है। वकील के तलवों और हथेलियों पर डंडे-बट्टों से मारपीट की गई, कान पकड़कर पटका गया, गला दबाया गया। धमकी दी गई कि अगर मेडिकल या बाहर किसी को बताया तो 20-20 पट्टे और मारेंगे या जान से मार देंगे। इसके बाद वकील को धारा 126, 136, 170 बीएनएस में फर्जी चालान कर दिया गया।

**मेडिकल रिपोर्ट और अदालत का रोल**

8 दिसंबर 2025 को परगना अधिकारी के सामने पेश किया गया। वकील ने अपनी पूरी पीड़ा बताई। 9 दिसंबर को जब वकील असहनीय दर्द से परेशान होकर ललितपुर अस्पताल गया तो इमरजेंसी में इलाज से इनकार कर दिया गया। बाद में एक्स-रे करवाकर दवाइयां ली गई। वकील ने रजिस्टर्ड डाक और हाथों-हाथ एसएचओ तथा पुलिस अधीक्षक को सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार 14 जनवरी 2026 को न्यायालय में प्रार्थना-पत्र देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई।

**एफआईआर में कौन-कौन आरोपी?**

इस मामले में चौकी दैलवारा के दरोगा दीपक डागर, दरोगा ललित उज्जवल, होमगार्ड परमाल सिंह, आरक्षी दीपेंद्र की कथित तौर पर संलिप्तता बतायी गयी। कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 133, 198, 333, 115(2), 352, 351(3) तथा 67 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# 1008 कलशों से हुआ अभिनंदनाथ भगवान का महामस्तिकाभिषेक, उमडा श्रद्धा का सैलाव

**●प्रभु चरणों में समाहित असीम शक्ति को पहिचानो - मुनि सुधासागर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** अभिनंदनोदय तीर्थ पर आज प्रातःकाल मूलनायक अभिनंदनाथ भगवान का महामस्तिकाभिषेक निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज के ससंघ सानिध्य में 1008 कलशों से श्रद्धालुओं द्वारा किया। प्रथम वार हुए महामस्तिकाभिषेक देखने श्रद्धालुओं की अपार भीड उमड़ी। इस मौके पर मुनि सुधासागर महाराज ने कहा प्रभु हमारे इष्ट हैं इनको स्वीकारो। सुख दुख में प्रभु के चरणों में आओ और इनकी शक्ति को पहिचानों। चिकित्सक जहां शरीर का इलाज करता है तो वहीं प्रभु के चरणों में कर्मो का क्षय होता है जिसको समझो और धर्म से जुडो। मुनि श्री ने कहा जहाँ हम सारी दुनिया को भक्ताम्मर की शक्ति बता रहे वहीं अभिनंदनोदय तीर्थ में अनंतकालीन भक्ताम्मर में पहुंचकर अपना कल्याण करो अनंत पुण्य का संचय होगा।

मूलनायक अभिनंदननाथ भगवान का प्रथम अभिषेक विकास जैन करमई द्वारा किया गया जवकि मुनि श्री के मुखारविन्द से शान्तिधारा का पुर्याजन महेन्द्र कुमार,प्रभात कुमार, संदीप सर्राफ परिवार ने किया। इसके उपरान्त सैकड़ों की संख्या में उपस्थित धर्मालुओं ने कलशाभिषेक किया। मुनि श्री के सानिध्य में मूलनायक जिनालय, चौबीसी एवं नंदीश्वर द्वीप के यज्ञनायक महायज्ञनायक के लिए डा0 अक्षय टडैया, जिनेन्द्रजैन डिस्को, अनिलजैन अंचल, भगवानदास कैलगुवा, सुरेश जैन, आकाश जैन गैस, सनत खजुरिया, प्रसन्न जैन सिमरा, आदेश जैन रोडा, इंजी नेमिचंद सौरया, दीपक मलैया, निर्मल जैन कुम्हैडी, वर्णित जैन विदिशा, शुभम जैन, राहुल जैन चिगलौआ, पंकज जैन सिमिरा, रितिक जैन धौर्रा, सुधीर जैन सिवनी, रवीन्द्र अलया, राजीव कुमार मडावरा, कामरा परिवार को मिला। संचालन महामंत्री आकाश जैन एवी गैस द्वारा किया गया। आयोजन की व्यवस्थाओं को संयोजित करने में मंदिर प्रबंधक मोदी पंकज जैन, अशोक जैन दैलवारा, प्रतीक जैन इमलिया, अक्षय अलया मीडिया प्रभारी , नरेन्द्र जैन छोटे पहलवान,संजय रसिया, संजीव जैन ममता स्पोर्ट, संजीव सौरया, सौरभ जैन पीलू,वैभव जैन आदि सक्रिय हैं। मुनि श्री सुधासागर महाराज की आहारचर्या का पुन्यार्जन जैन पंचायत के अध्यक्ष डा0 अक्षय टडैया को मिला जहां अनेक श्रावकों ने आहारदान कर धर्मलाभ लिया। सायंकाल जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम आलोक जैन शास्त्री के संयोजन में सम्पन्न हुआ जिसमें अनेकों श्रावको ने अपनी शंकाओं का समाधान निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधासागर महाराज द्वारा पाया इसके उपरान्त गुरुभक्ति में श्रावकों ने सम्मलित होकर मुनि श्री की आरती की और भक्ति में झूमे।

# सिर पर ईंट से प्रहार कर धमकाया, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुरा में रात करीब 10.30 बजे एक खौफनाक घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। 18 वर्षीय युवक मनोज आटा चक्की के पास आजादपुरा निवासी शुभ पुत्र पंकज रजक पर उसके मुहल्ले के ही करण ने गाली-गलौज करते हुए ईंट से सिर पर जोरदार वार कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। शिकायतकर्ता शुभ ने लिखित तहरीर में बताया कि घटना 22 मार्च 2026 को रात 10.30 बजे हुई। करण ने पहले गाली-गलौज की, फिर ईंट उठाकर सीधे सिर पर मार दी और कहा कि जान से मार दूंगा। इसके बाद वह भाग निकला। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 115(2), 352 तथा 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में हर घर नल योजना फ्लाप, ग्रामीणों ने किया जगह जगह प्रदर्शन, लोगों में आक्रोश

**●फ्लोराइड युक्त व नदी नाले का पानी पीने को विवश , जल निगम व कार्यदायी संस्था के खिलाफ लगे मुर्दाबाद के नारे**

**ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष ने कार्यदायी संस्था के उपर लगाया सरकारी धन का बंदरबांट करने का आरोप, किया जाँच की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन/ सोनभद्र** - जनपद के नव सृजित विकास खंड कोन अंतर्गत जल जीवन मिशन हर्रा कदरा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत हर घर नल योजना धरातल पर धराशायी साबित हो रहा है ।गौरतलब है कि कई ग्राम पंचायतों में नल कनेक्शन का कार्य पूरा नहीं हुआ महज खानापूर्ति किया गया है। जिसके क्रम में ग्रामीणों ने कई बार प्रदर्शन किया किन्तु कोई सफलता नहीं मिली। बताते चलें कि कार्यदायी संस्था विष्णु प्रकाश आर पुंगलिया लि. के द्वारा खबर प्रकाशित होने के बाद सड़क किनारे किनारे पाईप ढकने और नल कनेक्शन मरम्मत करने का कार्य शुरु तो किया गया था किन्तु पूरा नहीं हो सका । शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि डीआईपाईप लाइन, एचडीपी, एमडीपीई पाईप लाइन की गहराई और कार्य की गुणवत्ता जो जगह जगह देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आधार कार्ड के आधार पर कनेक्शन दिए गए, लेकिन वर्षों से नलों से एक बूंद पानी नहीं आया जबकि फ्लोरोसिस प्रभावित कचनरवा , कुड़वा क्षेत्र में हर घर नल योजना लोगों के लिए वरदान की जगह अभिशाप साबित हो रहा है। बताते चलें कि कचनरवा के टोला असनाबांध लिंक रोड वार्ड नंबर 3 में विगत वर्षो से ऊपर हो गया है किन्तु आज तक जलापूर्ति नहीं हो पायी और न ही समस्या का निस्तारण हुआ। जिसके क्रम में ग्रामीणों ने सी एम हेल्प लाइन पर भी शिकायत किया किन्तु संबंधित विभाग द्वारा महीनों बाद बिना कार्य पूरा किये ही अपनी जाँच आख्या लगा दी गई जो अब मुख्यमंत्री पोर्टल मजाक बन कर रह गया है। जबकि पानी के लिए लोग समय समय पर कई बार ग्रामीण प्रदर्शन कर चुके हैं फिर भी विभाग व संस्था के कान तक जूं तक नहीं रेंगा।

ग्रामीणों का कहना है कि लगभग वर्षों से फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में पानी आपूर्ति नहीं की जा रही है जो गरीब आदिवासियों के लिए बहुत ही पीड़ादायक है यहाँ तक कि लोगों के घरों तक नल कनेक्शन तक नहीं है । जिसके क्रम में वरिष्ठ समाजसेवी बिहारी प्रसाद यादव व जवाहिर उरांव का आरोप है कि क्षेत्र में आज भी लोग लोग नदी नाले, चुहाड़ का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं । जिससे लोग आय दिन फ्लोरोसिस की चपेट में आने से काल के मुँह में समा जा रहे हैं जो लोगों के लिए अभिशाप से कम नहीं है । उन्होंने आगे कहा कि ऐसे भ्रष्ट संस्था को तत्काल ब्लैक लिस्टेड की जाये ताकि सरकार की छवि धूमिल न हो और ग्रामीणों को नियमित पेय जलापूर्ति हो सके।बतादें कि अभी तक बहुतायत में लोगों के घरों में नल कनेक्शन तक नहीं है और शिकायत करने पर भी उसका नतीजा जस का तस मिलता है। मिली जानकारी के अनुसार कुंभकर्णी की निद्रा जगा संस्था बीते दिनों कर्मचारियों के मदद से कचनरवा डब्लूटीपी में लगा 2500 kVA का ट्रांसफार्मर उठाकर अन्यत्र ले जाया गया जिसे संबंधित विभाग अंडर कैपासिटी बता रहा है जो स्थानीय लोगों के समझ से परे है। ग्रामीणों का आरोप है कि फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में वर्षों से जलापूर्ति ठप है और वहीं संबंधित संस्था के द्वारा गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जो न्याय संगत नहीं है। स्थानीय जानकारों का कहना है कि उक्त संस्था द्वारा पूर्व में सड़क तरफ पानी देकर खानापूर्ति किया जाता रहा वहीं गांवों के लिंक रोड तरफ पानी गया ही नहीं । इसी तरह कोन क्षेत्र के चांची खुर्द, नकतवार , मिश्री, खरौंधी, रोरवा, किशुनपुरवा, ललकीदामर, कचनरवा, असनाबांध ,बड़ाप, रोहिनवादामर, नरोईदादामर, मधुरी ,बागेसोती, सिंगा , कुड़वा के धौरवादामर, शिवाखाडी , डीलवाहा, गोबरदाहा , पीपरखाड़, बिछमरवा, धंगरडिहा, कचनरवा मुख्य बाजार, असनाबांध वार्ड -3, बड़ाप, बागेसोती, सिंगा, डुबवा, घौरवादामर, सेमरवादामर, गोबरदाहा, डीलवाहा, शिवाखाड़ी, धीचोरवा, , बिछमरवा , केवाल , डोमा, मिश्री, बहुआरा , सहित कई गांवों में हर घर नल योजना के तहत पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिसका जीता जागता उदाहरण डब्लूटीपी से सटा गाँव बड़ाप है जहाँ आज तक पूरा कनेक्शन नहीं हुआ वहीं असना बांध वार्ड -3 में वर्षो से जलापूर्ति ठप है। सबसे बड़ा सवाल है कि भारत सरकार व प्रधानमंत्री सहित मुख्यमंत्री की सबसे महत्वाकांक्षी योजना नमामि गंगे जल जीवन मिशन के संबंधित कार्यदायी संस्था के उदासिनता व मनमानी पूर्ण कार्य प्रणाली के कारण लोगों तक एक बूंद पानी नशीब नहीं हो रहा है बल्कि उनकी योजना को ठेंगा दिखाया जा रहा है, जो बेहद शर्मनाक है।।ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी कुमार जायसवाल का आरोप है विभाग के ढुलमूल रवैया के चलते जल जीवन मिशन के करोड़ों रुपये की लागत से बना टंकी सिर्फ शो पीस बनकर रह गया और निर्माण कार्य में मानक के अनदेखी करते हुए धन का बंदरबाँट किया गया है।जबकि संबंधित विभाग को पत्र लिखकर बार बार अवगत कराया गया लेकिन विभागीय उदासिनता के कारण जाँच का मामला सिफर निकला। जिसके क्रम में सोमवार को समाजसेवी सोमारु यादव की अगुवाई में कुड़वा में ग्रामीणों ने जल निगम व संबंधित संस्था के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए संस्था को ब्लैक लिस्टेड करने की मांग किया है। जिसके क्रम में समाज सेवी गंगा प्रसाद ने कहा कि मुख्य रूप से फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्र ग्राम पंचायत कचनरवा, कुड़वा में वर्षो से संबंधित संस्था द्वारा जलापूर्ति नहीं किया जा रहा है जबकि फ्लोराइड युक्त पानी पीकर लोग अपनी जान भी गवां चुके हैं और कई लोग खाट पर पड़े हुए हैं इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है जबकि सरकार गरीबों के लिए हर घर नल योजना के तहत हर घर तक जलापूर्ति कराना प्राथमिकता थी किन्तु संबंधित विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण हर घर नल योजना धारासाई साबित हो रहा है जिसकी उच्च स्तरीय जाँच कराना नितांत आवश्यक है। चलाकर नियमित पानी आपूर्ति की मांग किया और उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत कचनरवा के टोला असनाबांध ,वार्ड तीन व कचनरवा मुख्य बाजार में वर्षो से पानी नहीं जा रहा है और संबंधित संस्था द्वारा वर्षो से झूठा अश्वासन दिया जा रहा है।इसी तरह बागेसोती के टोला सिंगा में चार वर्षो से पानी नहीं जा रहा है और पूरे ग्राम पंचायत में पानी आपूर्ति नहीं की जा रही है जो स्थानीय लोगों के लिए चुनौती से कम नहीं है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से रामदेव, कमला देवी, रामेश्वर, सुनील, महावीर, कन्हाई आदि शामिल रहे। इसी तरह ग्राम पंचायत कचनरवा के टोला शिकारीखोली में विजय शर्मा के नेतृत्व में जल निगम व कार्यदायी संस्था के खिलाफ जोरदार नारेबाजी किया और नियमित जलापूर्ति कराने की मांग किया है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से जवाहीर उरांव , चंदू, नरेश, रघुनाथ, रमाशंकर, विजय, अशोक, जगदीश आदि शामिल रहे।जिसके क्रम में स्थानीय लोगों ने सूबे के मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराने व संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग किया है।इस बावत् संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर सुदर्शन विंद ने कहा कि इंटेकवेल( सोर्स) पर पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है प्रस्ताव एस डब्लू यस एफ में डाला गया है वहाँ से स्वीकृति जब तक नहीं मिल जाता है तब तक कुछ कहना मुश्किल है और ट्रांसफार्मर अन्य जगह ले जाने के सवाल के जबाब में उन्होंने कहा कि अंडर रेटिंग होने की वजह से हटाया गया है जल्द ही दूसरा ट्रांसफार्मर लगवा दिया जायेगा। वहीं अधिशासी अभियंता ( जल निगम) अरुण सिंह से सेल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु संपर्क नहीं हो सका। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या लोगों को प्रचंड़ गर्मियों में लोगों को पानी मिल पायेगा या यह योजना संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था की भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जायेगा।





## संक्षिप्त खबरें

### मिशन शक्ति टीम ने एक परिवार बिखरने से बचाया



**कोंच(जालौन)**- कोतवाली कोंच की मिशन शक्ति टीम की संवेदनशीलता, त्वरित कार्यवाही और सरकारी योजना के ठीक प्रकार से क्रियान्वयन से एक पीड़िता को सुरक्षित कर पूरे परिवार को बिखरने से बचाया गया है। इस सराहनीय कार्य में मिशन शक्ति टीम प्रभारी/कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक विमलेश कुमार सहित महिला आरक्षी नैना कुमारी और अर्चना केशरवानी की प्रमुख और अहम भूमिका रही।

मामले के मुताबिक जवाहर नगर कोंच निवासी महिला सायना बानो ने ससुराली जनों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए बीती 23 मार्च को कोतवाली में शिकायती पत्र दिया था। सीओ परमेश्वर प्रसाद एवं कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम प्रभारी विमलेश कुमार ने तत्काल ही शिकायती पत्र को संज्ञान में लेकर महिला आरक्षियों के साथ मिलकर पीड़िता से वार्ता की। तदोपरांत आरोपी ससुराली जनों सहित दोनों पक्षों के कुछ प्रमुख लोगों को कोतवाली बुलाकर समझाया गया जिसके बाद पीड़ित महिला सायना सहित पति सलमान मंसूरी और अन्य ससुराली जनों के बीच सुलह समझौता हो गया। सुलह के उपरांत दोनों पक्ष हंसी खुशी अपने घर को चले गए।

### भजन संध्या में झूम उठे श्रद्धालु



**कोंच(जालौन)**- चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर सोमवार को पंचमी की रात्रि में पटेल नगर स्थित शंकरजी के मंदिर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। बाहर से आए भजन गायकों की स्वर लहरियों से पूरा परिसर श्रद्धा और उत्साह से सराबोर हो उठा। भजन संध्या में अभिषेक तिवारी सहित राजेश्वरी और तनुश्री ने अपनी सुरीली आवाज में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रोता श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भजन गायकों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते हुए नजर आए। ढोलक पर संजय, ऑर्गन पर बीडी शर्मा और पैड पर निर्मल ने शानदार संगत दी। व्यवस्थाओं में मनसुख दुबे, विकास दुबे, रजनीश उर्फ जग्गू, अरविंद, छुट्टन शर्मा, दीपक गर्ग, सौरभ पुरवार, प्रह्लाद सोनी, अंकित अग्रवाल, दीपक तिवारी, विनोद दुबे, कुक्कू तिवारी आदि संलग्न रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या/शिकायत के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद स्तर एंव विकास खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम किये गये स्थापित-जिलाधिकारी



**कन्ट्रोल रूम के माध्यम से पेयजल समस्या का त्वरित गति से किया जायेगा निस्तारण-जिलाधिकारी**

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या /शिकायत के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद स्तर एंव विकास खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किये गये है कन्ट्रोल रूम के माध्यम से पेयजल समस्या का निस्तारण किया जायेगा इस हेतु नोडल अधिकारी नामित गये है। कन्ट्रोल रूम में दैनिक रूप से प्राप्त होने वाली शिकायतों एंव उसके निस्तारण आख्या को निर्धारित प्रारूप पर पंजिका में दर्ज किया जायेगा। शिकायतों एवं उसके निस्तारण की सूचना निर्धारित प्रारूप पर शासन एवं राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के ई-मेल ed.swsmup@rediffmail.com पर उपलब्ध कराया जायेगा, समस्त नोडल अधिकारी को शिकायत एंव उसके निस्तारण की सूचना तथा टैंकर संचालन की सूचना निर्धारित प्रारूप पर प्रत्येक दिन सांय 4.00 बजे तक विकास भवन में स्थित पेयजल कन्ट्रोल रूम में मेल एंव वाट्सअप के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें।

## श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने जुटी भीड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन)**- रामकुंड कॉलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान मंगलवार को कथा व्यास पं. हरिओम थापक ने परमात्मा के अवतारों का हेतु बताते हुए कहा, जब-जब पृथ्वी पर आसुरी प्रवृत्तियों का अत्याचार बढ़ता है तो परमात्मा किसी न किसी रूप में अवतार धारण करते हैं। कथा प्रवाह के दौरान उन्होंने शिव विवाह, समुद्र मंथन, राम और कृष्ण के प्राकट्य का वर्णन बड़े ही सुरुचिपूर्ण ढंग से करते हुए श्रोताओं को मुग्ध कर दिया।

विद्वान कथा प्रवक्ता ने भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के विवाह की मंगलदायक कथा विस्तार से सुनाई। उन्होंने कहा कि प्राणिमात्र को केवल परमात्मा पर ही विश्वास करना चाहिए, सांसारिक बंधन तो स्वार्थपूर्ण होते हैं। अगर पूर्ण समर्पण और विश्वास के साथ परमात्मा का आश्रय लिया जाए तो परमात्मा भी उसे कभी छोड़ते नहीं हैं। उन्होंने समुद्र मंथन में निकले चौदह रत्नों को देवताओं और दैत्यों के बीच हुए बंटवारे का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने राम अवतार की कथा में बताया कि जब पृथ्वी पर रावण जैसे राक्षसों के अत्याचार ज्यादा बढ गए तो श्रीहरि विष्णु ने अयोध्या में राजा दशरथ के यहां अवतार धारण किया। कृष्णावतार की कथा सुनाते हुए कथा व्यास बताते हैं कि कंस के बढते अत्याचारों से पृथ्वी कराहने लगी और देवताओं के साथ उसने परमात्मा की स्तुति की तो भगवान हरि ने सोलह कलाओं के साथ मथुरा स्थित कंस के कारागार में देवकी और वसुदेव के यहां अवतार धारण किया। जैसे ही कृष्ण प्राकट्य होता है लोग आनंदित हो उठते हैं, कथा स्थल पर गोले दाग कर उनके आगमन का स्वागत किया गया महिलाओं ने बधाइयां गाईं। धूमधाम के साथ नंदोत्सव मनाया गया। कथा परीक्षित विनोद पांडे व उनकी पत्नी अर्चना ने भागवतजी की आरती उतारी और फिर प्रसाद वितरित किया गया।

## चैत्र नवरात्र: पंचमी पर जबारों की झांकी के दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच (जालौन)**- चैत्र नवरात्र की पंचमी पर कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में जवारों की झांकियां श्रद्धा और उत्साह के साथ दर्शनार्थ खोली गई। सुबह से ही मंदिरों और घरों में पूजन-अर्चन का दौर शुरू हो गया, जहां श्रद्धालुओं ने माता रानी की विधि-विधान से पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। नवरात्र में घरों में स्थापित किए गए जवारों की पंचमी पर झांकियां खोली गई। जिनके दर्शनों के लिए देर रात तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े रहे। सजाई गई झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा और हर ओर जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक देवीगीत गाकर कार्यक्रम में विशेष रंग भर दिया। मैया को रिझाने के लिए इन पारंपरिक देवी गीतों की मधुर धुन पर महिलाएं झूमती नजर आई। समूह में गाए गए इन गीतों ने पूरे माहौल को आध्यात्मिक और भावपूर्ण बना दिया। श्रद्धालुओं का मानना है कि नवरात्र में जवारों की स्थापना और पूजन से घर-परिवार में सुख-शांति और समृद्धि आती है। पंचमी के दिन झांकियां खुलने के साथ ही नवरात्र उत्सव अपने चरम की ओर बढ़ने लगता है, जिसे लेकर लोगों में खास उत्साह देखा जा रहा है। नईबस्ती में रामशंकर कुशवाहा के यहां पुराने दिवाले पर परंपरागत तरीके से बोए गए जवारों की सुंदर झांकी का दर्शन करने के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। प्रतापनगर में रामस्वरूप मिश्रा के यहां पंचमी की झांकी का दर्शन करने के लिए भक्तों की कतार लगी रही। उधर, चंदकुआं स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर के पार्श्व में रामनवमी शोभायात्रा समिति द्वारा बोए गए राम जवारों का दर्शन करने के लिए भी भारी संख्या में भक्त पहुंचे। ग्राम परैथा में भी आनंद स्वरूप पटेल मुखिया के यहां बोए गए जबारों के दर्शन करने भारी संख्या में ग्रामीण जुटे।

## जिलाधिकारी ने किया जनसुनवाई समाधान पोर्टल पर जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु अधिकारियों के साथ बैठक

**●आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप ससमय किया जाये-सुनिश्चित-जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** - जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ही अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के उपस्थिति में बैठक की गयी। बैठक में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अधिक से संख्या में असंतुष्ट फिडबैक पाये जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अभियन्ता नगरीय अधिशासी अभियन्ता विद्युत पिपरी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, खाद्य विपणन अधिकारी, ज्येष्ठ खान अधिकारी को आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किये जाने पर वेतन भुगतान पर रोक व स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये।

इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा है कि जनता दर्शन, तहसील दिवस, आई0जी0आर0एस0, थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि जन मानस की समस्याओं का ससमय निस्तारण हो सकें। उन्होंने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायातों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी स्थल पर जाकर शिकायतकर्ता का फीडबैक प्राप्त करते हुए शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें, निस्तारण के दौरान स्थल पर कार्यवाही सम्बन्धी जी0पी0एस0 फोटोग्राफ्स अपलोड करना सुनिश्चित करें, सम्बन्धित अधिकारी प्रतिदिन आई0जी0आर0एस0 पोर्टल को लागिन करते हुए प्राप्त होने वाली शिकायतों का फीडबैक भी प्राप्त करते रहें और प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी ससमय कराना सुनिश्चित करें, अंतिम दिवस में शिकायतों के निस्तारण करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश चनद्र, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, डी0सी0 मनरेगा रविन्द्र वीर सिंह, समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण महासभा 19 अप्रैल को मनाएगी परशुराम जयंती

**●समाज के तीन लोगों को किया गया सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- आगामी 19 अप्रैल को भगवान परशुराम की जयंती एवं शोभायात्रा को भव्यता प्रदान किए जाने को लेकर ब्राह्मण महासभा की बैठक आयोजित की गई जिसमें उपस्थित विप्र बंधुओं को अलग अलग जिम्मेवारियां बांटी गई। इसी दौरान विविध क्षेत्रों में समाज के लोगों का मनोनयन होने पर उन्हें सम्मानित भी किया गया।

गोखलेनगर स्थित ब्राह्मण महासभा के भवन में गंगाचरण वाजपेई की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में परशुराम जयंती महोत्सव को भव्य बनाने पर विस्तृत रूप से परस्पर चर्चा की गई। नगर में निकाली जाने वाली शोभायात्रा सहित महासभा भवन में आयोजित जयंती समारोह में समाज के लोगों की सहभागिता पर बैठक में विशेष जोर दिया गया। समाज के वरिष्ठ जनों ने कहा कि जयंती समारोह से समाज की एकजुटता एवं सांस्कृतिक वैभव की झलक दिखनी चाहिए इसलिए अभी से तैयारियों में सभी विप्र बंधु जुट जाएं। बैठक के अंत में सामाजिक संगठन भारत विकास परिषद शाखा कोंच के हाल ही में कोषाध्यक्ष नियुक्त हुए नरेंद्र द्विवेदी लल्लन भेंड़ सहित शासन द्वारा मनोनीत नामित सभासद सुनील शर्मा और भाजपा की जिला कार्यसमिति में शामिल किए गए सुशील दूरबार मिरकू महाराज का विप्र बंधुओं ने माल्यार्पण और तिलक कर स्वागत सम्मान किया। समाज के उक्त तीनों बंधुओं के मनोनयन को उनका सामाजिक समर्पण बताते हुए विप्र बंधुओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। बैठक में आनंद द्विवेदी, ब्रजकिशोर पिपरैया, रामजी दास नायक, राहुल तिवारी, भास्कर दुबे, राजेंद्र भारद्वाज, अमरेंद्र दुवे, रंजन गोस्वामी, विशाल नायक, श्रीनारायण दीक्षित, राघवेंद्र तिवारी, साकेत शांडिल्य, आशुतोष रावत, अर्जुन वैद, अंचल गोस्वामी, गौरव तिवारी, मृदुल गौतम, विनय तिवारी, अश्वनी दुबे, राजकुमार मिश्रा, देवेंद्र बबेले, प्रतीक महंत, विवेक द्विवेदी आदि विप्र बंधु उपस्थित रहे।

## सोनभद्र में जनजातीय उत्सव कार्यक्रम में गूंजा वीरता का स्वर, लोक रंगों से सजा मंच

**●तीन प्रांतों उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश व राजस्थान के कलाकारों ने जलवा बिखेरा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** - उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं जिला प्रशासन सोनभद्र के संयुक्त तत्वावधान में, संत कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राबर्टसगंज के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय जनजातीय उत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को लोक परंपराओं की अद्भुत छटा देखने को मिली। यूपी, एमपी और राजस्थान के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन कर जलवा बिखेरा।

कार्यक्रम की शुरुआत वीर रस से ओतप्रोत आल्हा गायन से हुई। रायबरेली से आयी अंजलि सिंह एवं दल ने जैसे ही स्वर छेड़ा–

बारह बरिस तक कुत्ता जीवे, सोलह बरिस सियार,
बरिस अठारह क्षत्रिय जीवे, आगे जीवन बेकार...

पूरा वातावरण जोश, उत्साह और वीरता की भावना से भर उठा। दर्शक देर तक इस प्रस्तुति में डूबे रहे।

इसके पश्चात ह्रास कुमार मारावी द्वारा रीना शैला नृत्य, सोना राम एवं दल द्वारा गरदबाजा नृत्य, राम आधार एवं दल द्वारा करमा नृत्य, तेजकरण एवं दल द्वारा चकरी व कालबेलिया नृत्य तथा लिखीराम ध्रुवे द्वारा गुदुम्बाजा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने जनजातीय संस्कृति की विविधता को सजीव कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राधिका पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि प्रमीला जायसवाल, जिला मंत्री, भाजपा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जागृति अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी (आई.ए.एस.), सोनभद्र की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. गोपाल सिंह, प्राचार्य संत कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र रहे, जबकि कार्यक्रम की सम्पूर्ण परिकल्पना केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन आराध्या व गौरी ने किया। कार्यक्रम का समापन 25 मार्च बुधवार को होगा।

इस अवसर पर विनय सिंह (सूचना अधिकारी), लियाकत अली शाह (अध्यक्ष, मुस्लिम समाज लोढ़ी), राजेश भारती (सहायक पर्यटन अधिकारी), पुष्पा सिंह (महिला मोर्चा भाजपा), राजेश कुमार पाठक एडवोकेट, चंद्रभूषण पांडेय, शमशेर बहादुर सिंह पूर्व प्रधान लोढ़ी, दिनेश बियार अपना दल, राजेश कुमार मिश्रा, विनोद कुमार जालान एवं कार्यक्रम समन्वयक मनोज कुमार सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने अवसर जिला सेवायोजन कार्यालय के परिसर में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -जिला सेवायोजन कार्यालय, सोनभद्र द्वारा उत्तर प्रदेश सुशासन के नवनिर्माण के 9 वर्ष की उपलब्धियों के अवसर पर मंगलवार को जिला सेवायोजन कार्यालय, लोढ़ी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में आये हुए अभ्यर्थियों को सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा नव निर्माण के नौ वर्ष पर आधारित पुस्तक व फोल्डर का वितरित किया गया। मेला में लगभग 150 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। मेला में कुल 07 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें मुख्यतः हिटाची कैश मैनेजमेन्ट सर्विसेज प्रा0 लि0, लखनऊ, ठाकुर पब्लिकेशन, लखनऊ, सोलेरा इण्डस्ट्रीज प्रा0 लि0, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र एवं कृतिका एडवरटाईजिंग, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र रहीं। इस मेले में विभिन्न पदों पर कम्पनियों द्वारा कुल 67 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर जिला पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, जिला सूचना अधिकारी विनय सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रमोद तिवारी, सेवायोजन कार्यालय के रोजगार मेला प्रभारी जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, जमील अहमद, प्रदीप सिंह, पवन कुमार सोनकर, यंग प्रोफेशनल सुरेन्द्र प्रजापति, मनोज एवं अशोक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### संभागीय परिवहन कार्यालय में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन सेवा 2026 के संबंध में बैठक संपन्न




**कानपुर।** संभागीय परिवहन कार्यालय में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन सेवा 2026 के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 20 से 25 बस ऑपरेटरों द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के अंतर्गत बस चलाने का आश्वासन भी दिया गया। बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी राकेंद्र कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना की विस्तृत जानकारी दी। बैठक के बाद रोडवेज कर्मचारियों के द्वारा आवेदन पत्र भी बांटे गए। उन्होंने कहा कि गांव- गांव आसान आवागमन, स्वरोजगार संग सुगम परिवहन, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026 स्वरोजगार की दिशा में एक बड़ा कदम है। बैठक में आरटीओ प्रशासन राकेंद्र कुमार सिंह, आरटीओ प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव, एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार, एआरटीओ फर्स्ट विंध्याचल गुप्ता, रीजनल मैनेजर महेश कुमार, एआरएम किदवई नगर संजय कुमार श्रीवास्तव एवं उत्तर प्रदेश बस एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव पाठक, महामंत्री संजय कुमार बाजपेई, सिटी बस एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय गौतम तथा बस व्यवसाय से जुड़े लगभग 45 बस ऑपरेटरों ने हिस्सा लिया।

### नवरात्रि का छठवां दिन, विकास कार्यों का लोकार्पण



**कानपुर।** वासंतिक नवरात्र में नौ दिन नौ विकास कार्यों के लोकार्पण की श्रंखला में नवरात्र के छठवें दिन आज 24 मार्च 2026 को, अप्सरा टाकीज के पास मलिन बस्ती में, विधायक सलिल विश्नोई की विधायक निधि से निर्मित, सुलभ काम्प्लेक्स का लोकार्पण सलिल विश्नोई के करकमलों द्वारा 'सम्पन्न हुआ। लोकार्पण के अवसर पर सलिल विश्नोई के साथ पार्षद अमित गुप्ता, पार्षद आदर्श गुप्ता, संजीव पाण्डेय, पप्पी वाल्मीकि, जयप्रकाश साहू, जितेन्द्र त्रिवेदी, गुरुनारायन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शिक्षकों के मेहनत से संवर रहा हैं बच्चों का भविष्य : विधायक श्याम धनी राही



**सिद्धार्थनगर** – विकास खंड उसका बाजार के सभागार में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर सदर विधायक श्यामधनी राही के किया। इस दौरान ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे अभिभावकों को शिक्षा सहित विभिन्न शैक्षिक योजनाओं के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेसिक शिक्षा के उत्थान और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मेहनत से संवर रहा हैं बच्चों का भविष्य, खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र ने संगोष्ठी का उद्देश्य बताते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों योजनाओं व सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, स्कूल बैग क्रय हेतु धनराशि अभिवावकों के खाते में प्रेषित किया जाना है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम सुरेश चौहान ने कहा कि विद्यालय में सभी 19 पैरामीटर पूर्ण हो यही हमारी मंशा है। क्योंकि बच्चे ही देश के भविष्य हैं । इस मौके पर सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के जिला कोषाध्यक्ष हरिशंकर सिंह , रूपेश सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के अभय श्रीवास्तव, अशोक यादव,सभासद विभूति अग्रहरी, बलजीत आदि मौजूद रहे।

# नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर तुलसीसदन में दो दिवसीय मेले का भव्य रूप से हुआ शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार के 'नवनिर्माण के 9 वर्ष' संकल्प से सिद्धि,सुरक्षा-सुशासन-समृद्धि पूरे होने के उपलक्ष्य में तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्जवलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम स्थल पर दो दिवसीय मेले में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व जनसामान्य द्वारा विभिन्न विभागों की लगायी गयी जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चो का अन्न प्रासन्न कराया गया तथा दिव्यांग लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं व सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उ0प्र0 लखनऊ में पंजीकृत शिल्पी कठपुतली कलाकेन्द्र, जादूगर रवीन्द्र कुमार एण्ड पार्टी व सुरेन्द्र प्रताप यादव लोकगीत दल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि बीते 9 वर्षों में प्रदेश ने सुरक्षा, सुशासन एवं विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों का सकारात्मक प्रभाव आम जनता तक पहुंच रहा है। विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश आज सुरक्षा, सुशासन और समृद्धि की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार बिना किसी भेदभाव के कार्य कर रही है।सड़क, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं में व्यापक सुधार हुआ है। कहा कि सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ गरीब वर्ग तक पहुंच रहा है। आज जरूरतमंद लोगों को बिजली, शौचालय और आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुदृढ़ कानून व्यवस्था के तहत अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति प्रभावी रूप से लागू है जिससे अपराध पर नियंत्रण स्थापित हुआ है। जिलाधिकारी ने



बताया कि प्रदेश सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, संसाधनों की उपलब्धता और मैनपावर बढ़ाने के क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। डीएम ने बताया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा जा रहा है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19) के तहत पात्र बच्चों को लैपटॉप वितरित किए गए। क्षय रोग उन्मूलन अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं पीएम कुसुम योजना के लाभार्थियों को भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 26 करोड़ 55 लाख 30 हजार रुपये के डेमो चेक प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं आवास की चाभियां सौंपी गई। कार्यक्रम में पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। साथ ही आर-सेटी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र, निपुण विद्यालयों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा बाल विकास एवं पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा विभाग, सूचना विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, खाद एवं रसद विभाग, उद्योग एवं खादी ग्रामोद्योग विभाग, दुग्धशाला विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, महिला कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उद्यान विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) सहित अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगायी गई है।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य के प्रतिनिधि राय साहब सिंह, भाजपा के रामजी मिश्रा, भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ला सहित जनपद स्तरीय अधिकारी व लाभार्थी व आमजन मानस उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस व धर्मेन्द्र ओझा द्वारा किया गया।

# पी.डी.ए. का विजय रथ 2027 में सरकार बनाएगा

**●यूपी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री भाजपा का गिरता जनाधार देख कर अनर्गल बयान दे कर अपनी खीझ मिटाने के लिए 'खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे' पर चल रहे हैं – हाजी फ़ज़ल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर के अध्यक्ष फजल महमूद ने उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक द्वारा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसे जाने का कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने प्रेस को बताया कि 'सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली' की तर्ज पर, उत्तर प्रदेश में भाजपा अपना गिरता हुआ जनाधार देखकर बौखला गई है। भाजपा नेता 'खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे' वाली कहावत को सत्य साबित कर रहे हैं और इसी झुंझलाहट के कारण अनर्गल बयान देकर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

अध्यक्ष फजल महमूद ने वार्ता में कहा कि भाजपा सरकार में गैस की किल्लत से जनता तबाह है। जगह-जगह गैस के लिए झगड़े हो रहे हैं। स्कूली किताबें बच्चों को मनमानी दरों पर बेची जा रही हैं। यहाँ तक कि प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ लोग सड़कों पर धरना दे रहे हैं।

अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में महंगाई से जनता की कमर टूट रही है। बेरोजगारी के कारण श्रमिक काम के लिए भटक रहे हैं। गैस के अभाव में होटल बंद हो रहे हैं तथा लघु उद्योगों में भी पालियाँ बंद कर दी गई हैं।

अध्यक्ष फजल महमूद ने दावा किया कि 2027 में उत्तर प्रदेश में सपा का पी.डी.ए. रथ आगे बढ़कर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगा। इस सरकार में जनता के हितों के काम होंगे और आधी आबादी (महिलाओं) को पूरा सम्मान मिलेगा।

बैठक मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,प्रदेश सचिव के के शुक्ला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, महेन्द्र सिह,रजत मिश्रा, अयूब आलम,शबाब अबरार, परमवीर गंभीर, आनंद शुक्ला, राजकुमार सागर, इशरत इराकी, प्रवीन मिश्रा, राजेश गोंड कश्यप, चंदी गुप्ता अमित चौरसिया, इम्तियाज मदनी आदि लोग मौजूद रहे।

# जहां खेतों में उग रही है तरक्की की नई कहानी, भीटी हवेली के किसान बदल रहे खेती की तस्वीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** बिल्हौर तहसील का छोटा सा गांव भीटी हवेली अब खेती के बदलते स्वरूप का जीवंत उदाहरण बनता जा रहा है। यहां खेतों में सिर्फ फसल नहीं उगती, बल्कि नई सोच, नई तकनीक और बढ़ती आय की एक सशक्त कहानी आकार ले रही है। परंपरागत खेती की सीमाओं को पीछे छोड़ते हुए यहां के किसान वैज्ञानिक विधियों से मक्का, सब्जियों और फूलों की खेती कर रहे हैं और कम जमीन में अधिक आमदनी का नया रास्ता बना रहे हैं। सोमवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने गांव का स्थलीय निरीक्षण कर यहां की उन्नत खेती पद्धतियों को करीब से देखा। खेतों में विकसित मल्टी लेयर फार्मिंग की संरचनाएं और उनमें एक साथ उगती विविध फसलें इस बात का प्रमाण थीं कि यदि सोच बदली जाए तो खेती भी पूरी तरह बदल सकती है।



निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक कृषि आर.एस. वर्मा एवं जिला कृषि अधिकारी प्राची पांडेय भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने किसानों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भीटी हवेली जैसे गांव पूरे जनपद के लिए प्रेरणा बन सकते हैं।

गांव में कुल 453 कृषक हैं और 225 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि पर खेती होती है। इनमें से 375 किसान करीब 175 हेक्टेयर क्षेत्र में जायद मक्का की खेती कर रहे हैं। यहां गेहूं और धान जैसी पारंपरिक फसलों का दायरा सीमित हो गया है और उनकी जगह मक्का, सब्जियों और फूलों की खेती ने ले ली है, जिससे किसानों की आय में स्पष्ट वृद्धि दर्ज की जा रही है। गांव की पहचान बन चुकी मल्टी लेयर फार्मिंग अब किसानों के लिए आय का मजबूत आधार बन रही है। लगभग 50 हेक्टेयर क्षेत्र में करीब 50 किसान इस तकनीक को अपना रहे हैं, जिसमें एक ही खेत में अलग-अलग स्तरों पर कई फसलें उगाई जाती हैं। जिलाधिकारी ने प्रगतिशील किसान सुनील सिंह कटियार के खेत का अवलोकन किया, जहां एक ही संरचना में परवल, कुंदरू, बैंगन और फूलों की खेती एक साथ की जा रही है। यह मॉडल न केवल भूमि का बेहतर उपयोग करता है, बल्कि जोखिम को कम कर आय के कई स्रोत भी सुनिश्चित करता है।

# चकेरी में खाटू श्याम ज्वैलर्स की दीवाल में सेंध लगाकर की गयी चोरी का पर्दाफाश

**●माल खरीदने वाला ज्वैलर्स भी हुआ गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर में थाना चकेरी क्षेत्र के अंतर्गत 16/17 मार्च की रात्रि खाटू श्याम ज्वैलर्स की दुकान में नकब लगाकर चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को थाना चकेरी की टीम व सर्विलांस की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि इन चोरों ने दुकान के पिछ्ले हिस्से से ईंट निकाल कर दुकान में प्रवेश किया था। दुकान में प्रवेश करने के बाद इन लोगों ने सोने और चांदी की ज्वैलरी व कुछ आर्टिफिशियल ज्वेलरी को इकट्ठा कर लूट ले गए। दुकान में सीसीटीवी भी लगा था उसका डीवीआर भी चोर निकाल ले गए ताकि किसी तरह का कोई सबूत न रहने पाए। दुकान मालिक जब सुबह दुकान पहुंचा तब उसे ज्ञात हुआ कि उसकी दुकान में



नकब लगाकर चोरी की जा चुकी है। इसकी सूचना उसने तुरंत पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए आस पास लगे सीसीटीवी खंगाले। अभियोग के सम्बन्ध में टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुये यक्ष ऐप /सीसीटीवी फूटेज / सर्विलांस टीम द्वारा प्राप्त लोकेशन व सूचना के आधार पर मुकदमे का सफल अनावरण करते हुये अभियुक्त मोहम्मद शकील व धर्मेंद्र गौतम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने ज्वैलरी खरीदने वाले ज्वैलर्स शाह कमाल को भी गिरफ्तार कर लिया है। मोहम्मद शकील के ऊपर पहले से दस मुकदमें हैं। पुलिस ने बताया के चोरी गया हुआ 90 फीसदी से ऊपर का माल बरामद कर लिया गया है।

### स्वच्छ बीआरडी, स्वस्थ बीआरडी का लिया संकल्प

**देवरिया।** शहर के बाबा राघवदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीआरडी इको क्लब के तत्वावधान में मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर प्रताप नारायण सिंह के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसमें सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने इको संकल्प पत्र में उल्लिखित संकल्पों को एक स्वर में दोहराया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. पी. एन. सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'स्वच्छ बीआरडी, स्वस्थ बीआरडी, स्वच्छ देवरिया, स्वस्थ देवरिया' केवल नारा नहीं, बल्कि हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का अर्थ केवल आसपास की सफाई नहीं, बल्कि तन और मन की शुद्धि भी है। जहां स्वच्छता होती है, वहीं सुख, समृद्धि और शांति का वास होता है। स्वच्छ वातावरण ही अच्छी सेहत, मानसिक शांति और उन्नत समाज की नींव है। उन्होंने छात्रों से कूड़ा-कचरा कूड़ेदान में डालने तथा प्लास्टिक के उपयोग से बचने की अपील की।

# ओबरा में सड़क पर फाईल जलाते प्राईवेट बैंक के मैनेजर का वीडियो हुआ वायरल , उड़ाई पर्यायवरण की खुलेयाम धज्जियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा /सोनभद**– नगर पंचायत स्थित एक प्राइवेट बैंक इंडस्ट्लैंड बैंक चोपन रोड गुरुद्वारे के पास तथाकथित शाखा प्रबंधक द्वारा प्रदूषण फैलाने का मामला सामने आया है ।बतादें कि कुछ तथाकथित अधिकारियों द्वारा खुलेयाम प्रदूषण नियंत्रक विभाग के शासनादेश की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है जो नगरवासियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जहाँ एक तरफ नगरवासी क्रश के धूल से परेशान हैं वहीं नियमों को धता बता बताकर उक्त अधिकारी द्वारा पर्यायवरण को नुकसान पहुँचाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बैंक के ऊपर के संबंधित उच्चाधिकारियों के द्वारा पुरानी फाइलों को हटाने का आदेश जारी होने के क्रम में



प्रबंधक द्वारा स्वयं पुराने फाइलों को लेकर के सड़क के किनारे बैंक के सामने जलाया गया।लोगों के पूछने पर उन्होंने कहा कि आप मेरा वीडियो बना लीजिए और इसको वायरल कर दीजिए मैं यहीं पर जलाऊंगा। सवाल उठता है कि एक बैंक के जिम्मेदार अधिकारी की अमार्यादित भाषा , तानाशाही लोगों के समझ से परे है । लोगों का कहना है कि जो कार्य एक बैंक के जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारी स्वयं कर रहे हैं तो सवाल उठना लाजिमी है।कुछ जानकारों का कहना है कि जो कार्य अधीनस्थ कर्मचारियों से भी करवा सकते थे पर अपने कर्मचारियों से नहीं कराया गया क्या उन कर्मचारियों के ऊपर जरा भी विश्वास नहीं था या इन फाइलों में कोई ऐसी बात छुपी थी जिससे रहस्य खुल जाने का डर था। इसलिए यह स्वयं ही फाइलों को रोड के किनारे जलने लगे ,फिलहाल यह जांच का विषय है । स्थानीय लोगों का कहना है कि लगभग 11:00 बजे तथा कथित मैनेजर द्वारा फाइलों को आग के हवाले किया ।इसके बाद इन्होंने दो अन्य पुराने फाइलों को टोटो में भरवा कर अन्यत्र जगह भिजवा दिया गया।अब देखना दिलचस्प होगा कि प्रदूषण नियंत्रक विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया कोतवाली वार्षिक निरीक्षण

**●सक्रिय बदमाशों पर कड़ी निगरानी के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** पुलिस अधीक्षक मु0 मुश्ताक ने मंगलवार को कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मालखाने का निरीक्षण कर वहां रखे सामान की स्थिति देखी, साथ ही पत्रावलियों व अभिलेखों का अवलोकन किया। शस्त्रागार में रखे शस्त्रों की जांच भी की और उनके रख-रखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

एसपी ने कोतवाली परिसर में मौजूद चौकीदारों से बातचीत कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की जानकारी ली और उन्हें भी सतर्क रहकर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि तीन दिन के भीतर क्षेत्र के सभी सक्रिय व चिन्हित बदमाशों की जानकारी एकत्र कर उनकी संपत्तियों का ब्यौरा तैयार किया जाए। साथ ही उनकी निगरानी सूची बनाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि वर्तमान में वे कहां हैं और क्या गतिविधियां कर रहे हैं। उन्होंने कोतवाली में तैनात दरोगाओं को सर्चिंग व चेकिंग अभियान के दौरान आमजन के साथ सभ्य और मानवीय व्यवहार करने की हिदायत दी। एसपी ने कहा कि पुलिस को मित्रवत व्यवहार रखते हुए लोगों का सहयोग लेना चाहिए, जबकि आपराधिक तत्वों पर विशेष नजर बनाए रखना जरूरी है। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक दुर्गा प्रसाद, उपनिरीक्षक बलराम शर्मा, एसआई कमलेश कुमार, एसआई विकास कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# देवा माता मंदिर के पर्यटन विकास कार्य में देरी पर सख्ती

**●शीघ्र काम शुरू कराने के अफसरों के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** जनपद के प्रसिद्ध देवा माता मंदिर के पर्यटन विकास व सौन्दर्याकरण कार्य में हो रही देरी पर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बीजेपी नेता मनोहर लाल शर्मा ने क्षेत्रीय पर्यटन विभाग को पुनः पत्र लिखकर अवगत कराया। जिसके बाद क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी झाँसी मंडल ने उ.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम को निर्देश दिए हैं कि योजना स्थल पर अधूरा पड़ा कार्य तुरंत शुरू कराकर कमियों को दूर किया जाए और इसकी आख्या उपलब्ध कराई जाए। बताया गया कि देवा माता मंदिर के पर्यटन विकास कार्य का शिलान्यास हुए करीब दो वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन मौके पर कार्य अधूरा पड़ा है। इस संबंध में भाजपा के जिला संयोजक व पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा ने पत्र भेजकर विभाग का ध्यान आकर्षित किया था और कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की थी। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी डी.के. शर्मा ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि 12 मार्च 2026 को योजना स्थल के निरीक्षण के दौरान कई कमियां पाई गई थीं। उस समय कार्यदायी संस्था को साफ-सफाई कराने, बिखरे निर्माण सामग्री को व्यवस्थित करने और कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक न तो कमियों के निराकरण की सूचना दी गई और न ही कार्य शुरू होने की जानकारी कार्यालय को मिली। इसी को देखते हुए परियोजना प्रबंधक को व्यक्तिगत रूप से संज्ञान लेकर स्थल पर काम शुरू कराने, निरीक्षण में पाई गई कमियों को दूर कराने और शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र की प्रतिलिपि मंडलायुक्त झाँसी, जिलाधिकारी ललितपुर ,तथा पर्यटन अधिकारी ललितपुर को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

# चुरावनी में दुकान पर मारपीट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** तालबेहट थाना क्षेत्र के ग्राम चुरावनी में एक दुकानदार के परिवार पर बुरी तरह टूट पड़ा। उधार मांगने पर मना करने के बाद आरोपी ने दुकानदार की पत्नी को गाली दी, फिर पति पर हमला बोल दिया और चिल्लाते हुए कहा कि पुलिस में शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से खत्म कर देंगे। आसपास के लोगों के पहुंचने पर ही आरोपी भागा। ग्राम चुरावनी निवासी नीरज पुत्र रमेश राजपूत ने बताया कि 22 मार्च 2026 को शाम करीब 5.30 बजे नीरज राजपूत की पत्नी रानी दुकान पर बैठी थीं। तभी गांव का ही जगदीश राजपूत पुत्र रखुवा राजपूत आया और उधार में सामान मांगा। जब रानी ने मना कर दिया तो जगदीश ने गाली-गलौज शुरू कर दी। नीरज राजपूत दुकान पर पहुंचे तो आरोपी ने उन्हें भी बुरी तरह गाली दी और मारपीट कर दी। परिवार के चिल्लाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए तो जगदीश ने धमकी देते हुए कहा कि पुलिस में शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से खत्म कर दूंगा और भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता पर दिया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति फेज-5 (पार्ट-2) अभियान के अंतर्गत कोतवाली महरौनी में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर एक जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह ने की।

गोष्ठी में महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं आत्मनिर्भर बनने के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या आपात स्थिति में महिलाएं बिना संकोच पुलिस की सहायता लें।

इस दौरान 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) एवं 181 (महिला सहायता हेल्पलाइन) जैसे महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी देकर उनके उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही महिलाओं को आत्मरक्षा, डिजिटल सतर्कता और सामाजिक जागरूकता अपनाने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने कहा कि महिला सशक्तिकरण तभी संभव है जब महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने पुलिस प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह, मिशन शक्ति प्रभारी निर्भय चंद एवं महिला आरक्षी कृष्णा सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## विकास की नई उड़ानः वार्ड 7 व 12 में नाला निर्माण का शिलान्यास, जलभराव से मिलेगी राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** नगर पंचायत कस्बा संग्रामपुर उनवल में विकास कार्यों को नई गति देते हुए मंगलवार को वार्ड संख्या 7 और 12 में नाला निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष एडवोकेट महेश कुमार दुबे ने पूजा-अर्चना कर धूप, अगरबत्ती व कपूर जलाकर कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान वार्ड 7 के सभासद मिथिलेश यादव और वार्ड 12 के सभासद योगेश वर्मा भी मौजूद रहे। इस मौके पर नगर अध्यक्ष महेश कुमार दुबे ने कहा कि नगर क्षेत्र में लंबे समय से जल



निकासी और नाली व्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा मांग उठाई जा रही थी। बरसात के समय जलभराव की समस्या से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नाला निर्माण की इस महत्वपूर्ण परियोजना को शुरू कराया गया है। उन्होंने बताया कि नाला निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद वार्ड 7 और 12 के लोगों को जलभराव की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी और संक्रामक बीमारियों के खतरे में भी कमी आएगी। यह कार्य नगर के समग्र विकास की दिशा में एक अहम कदम साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए नगर पंचायत प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभासद दिनेश शर्मा (दाऊ), अरविंद कुमार, राजन पासवान, मोनू दुबे, विनय त्रिपाठी, संदीप तिवारी, भोला चौहान, संतोष सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बलिया में पुलिस मुठभेड़: 25-25 हजार के दो इनामी बदमाश घायल, तीसरा गिरफ्तार



उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद में सोमवार रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान 25-25 हजार रुपये के इनामी दो बदमाशों को पैर में गोली लगने से घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि एक अन्य आरोपी को भी मौके से दबोच लिया गया। घटना बैरिया थाना क्षेत्र की है। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपा शंकर के अनुसार, पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बुधनचक से दया छपरा नौरंगा मार्ग पर डकैती और लूट की घटनाओं में वांछित तीन आरोपी मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुनीत कुमार (निवासी सिवान टोला चांद दियर) के दाहिने पैर में और चंदन उर्फ माही (निवासी रकबा टोला बैरिया) के बाएं पैर में गोली लग गई, जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने मौके से मोटरसाइकिल के पास मौजूद राघव पांडेय (निवासी रकबा टोला बैरिया) को भी गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से दो तमंचे, कारतूस, एक मेहंदी, एक करधनी, एक मांगटीका, दो टप्स और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि तीनों आरोपी 8-9 फरवरी की रात भीखा छपरा गांव में हुई जेवरात डकैती में शामिल थे। इसके अलावा, 3 मार्च को चकिया-बैरिया मुख्य मार्ग पर मोटरसाइकिल लूट की वारदात को भी इन्होंने अंजाम दिया था। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

### एसएसबी व पुलिस की सयुंक्त टीम ने चेकिंग अभियान चलाया



**सिद्धार्थनगर-** सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), सीमा चौकी खुनुवा, पुलिस चौकी खुनुवा एवं कस्टम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 'ऑपरेशन कवच' के तहत विशेष एंटी-स्मगलिंग ड्राइव चलाया गया। इस दौरान संयुक्त गश्त के साथ सघन चेकिंग अभियान भी संचालित किया गया। अभियान के दौरान टीम ने सीमा क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों और वाहनों की गहन जांच की तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी। अधिकारियों ने बताया कि तस्करी और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे। इस मौके पर निरीक्षक रामप्रताप सिंह, आर.के. गोकलानी, चौकी प्रभारी खुनुवा वीरेन्द्र पासवान, अनिल गुप्ता, अजीत यादव सहित अन्य जवान मौजूद रहे। सुरक्षा एजेंसियों की इस संयुक्त कार्रवाई से सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### यमुना में गंदा पानी रोकने के लिए दोगुनी होगी सीवरेज उपचार क्षमता, बजट में 10 नए एसटीपी बनाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** स्वच्छ व अविरल यमुना भाजपा का प्रमुख प्रमुख चुनावी मुद्दा रहा है। पिछले वर्ष सत्ता में आने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देखरेख में सफाई कार्य शुरू हो गया है। केंद्र व पड़ोसी राज्यों के सहयोग से चल रहे इस कार्य को गति देने के लिए दिल्ली सरकार के बजट में भी प्रावधान किया गया है। नदी में गंदा पानी न गिरे इसके लिए सीवरेज उपचार क्षमता दोगुना करने की घोषणा की गई है। दिल्ली में 37 सीवरेज उपचार संयंत्रों (एसटीपी) के उन्नयन का काम चल रहा है। इससे एक वर्ष में इनकी क्षमता 707 मिलियन गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) से बढ़ाकर 814 एमजीडी किया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारा लक्ष्य एसटीपी की कुल क्षमता को बढ़ाकर 1500 एमजीडी करना है। इसके लिए 35 विकेंद्रीकृत सीवरेज उपचार संयंत्रों (डीएसटीपी) को स्वीकृति दी गई है। 10 नए एसटीपी बनाने का प्रस्ताव है। दिल्ली के सभी क्षेत्रों में सीवर लाइन नहीं होना भी यमुना को प्रदूषण मुक्त करने में बड़ी बाधा है। इसे ध्यान में रखकर सीवर लाइन बिछाने का काम चल रहा है। पिछले एक वर्ष में 180 किलोमीटर नई सीवर लाइन बिछाई गई है। 110 किलोमीटर सीवर लाइन बदली गई है। राजधानी की 1799 अनधिकृत कॉलोनियों में से 1235 कालोनियों में सीवर लाइन बिछाई जा चुकी है और 145 में काम जारी है। लगभग 18 प्रतिशत अनधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइन नहीं है।

# आउटर डिस्ट्रिक्ट में ड्रग सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

● एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड की कार्रवाई, स्मैक और कोकीन बरामद; सप्लाई चेन की जांच जारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** आउटर डिस्ट्रिक्ट की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ड्रग सप्लाई नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्मैक और कोकीन बरामद की है। इस ऑपरेशन के जरिए न केवल नशे के कारोबार पर लगाम लगाने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है, बल्कि इसके पीछे जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी तेज कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार, 22 मार्च 2026 को एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड की एक टीम का गठन किया गया, जिसमें एसआई राज कुमार, एसआई मुकेश, एएसआई दिलबाग और हेड कांस्टेबल दिनेश शामिल थे। इस टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर राजपाल कर रहे थे और पूरी कार्रवाई एसीपी ऑपरेशंस वीरेंद्र सिंह की निगरानी में की गई। टीम सुल्तानपुरी थाना क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स, सुल्तानपुरी के पास ड्रग्स सप्लाई करने आने वाला है।सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर जाल बिछाया। 23 मार्च को कुछ समय बाद एक युवक मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचा, लेकिन पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान 26 वर्षीय ओम प्रकाश के रूप में हुई, जो बिहार के गोपालगंज का रहने वाला है।तलाशी के दौरान उसके पास से संदिग्ध पदार्थ बरामद हुआ, जिसे फील्ड टेस्टिंग किट से जांचने पर स्मैक और कोकीन होने की पुष्टि हुई। वजन करने पर यह 20 ग्राम स्मैक और 4 ग्राम कोकीन निकली, जो इंटरमीडिएट मात्रा में आती है। इसके अलावा, घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया।इस मामले में सुल्तानपुरी थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत एफआईआर नंबर 160/2026 दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी स्मैक और कोकीन की सप्लाई का काम करता था। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।दिल्ली पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में नशे के अवैध कारोबार पर बड़ा प्रहार हुआ है और यह साफ संकेत है कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार सख्ती से जारी रहेगा।

## अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना भदोही का किया गया आकस्मिक निरीक्षण



**भदोही** दिनांक-24.03.2026 को अभिनव त्यागी पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना भदोही का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के विभिन्न रजिस्टरों, अभिलेखों के रख-रखाव मिशन शक्ति केंद्र व साइबर हेल्प डेस्क आदि का अवलोकन करते हुए विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। महिला अपराध सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करने व लम्बित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। गर्मी के मौसम के दृष्टिगत आगन्तुकों/पीड़ितों के लिए पीने हेतु साफ जल की व्यवस्था/प्रबन्ध करने एवं परिसर की साफ-सफाई हेतु दिये गये विशेष निर्देश। सभी पुलिस अधि0/कर्मचारियों को अच्छा टर्न आउट रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# बिरासनी सेवा समिति पाली का विशाल भंडारा एवं छप्पन भोग




● नवरात्रि में माता को चढता, छप्पन भोग का प्रसाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिनेश चौधरी की रिपोर्ट शहडोल

**बिरसिंहपुर पाली-** धर्म मयी नगरी माँ बिरासनी सेवा समिति के व्दारा माता बिरासनी देवी के तीसरे प्रवेश व्दार में नवरात्रि के पावन अवसर पर नौ दिनों तक विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। वैसे भी साल के हर सोमवार को हर भंडारा किया जाता है, लेकिन शारदीय एवंम बसंतीय नवरात्रि पर्वो पर अखंड भंडारा का आयोजन किया जाता है। बिरासनी सेवा समिति के व्दारा प्रतिदिन पहले माता का छप्पन भोग लगाने के लिए नगर के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित कर भोग लगाया जाता है, फिर कन्या पूजन और उनके भोज के बाद भंडारा का शुभारंभ किया जाता है। इस तरह से बिरासनी सेवा समिति के व्दारा आयोजित भंडारा में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंच कर प्रसाद ग्रहण करते हैं।

आज के छप्पन भोग चढाने में एस ई सी एल जोहिला क्षेत्र के नवागत महाप्रबंधक सी एस चौहान और पाली समूह के अधिकारियों के अलावा अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों अधिवक्ता गण और पत्रकारों की टीम सहित सैकड़ों नागरिकों ने माता रानी को छप्पन भोग अर्पित करने दरबार में पहुंचे, यह क्रम अपने निरंतरता के साथ चलता रहता है। अलग अलग दिनों में अलग अलग लोगों को यह सुअवसर प्रदान किया जाता है?

# भगतसिंह स्मृति व्याख्यान माला का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

विशेष संवाददाता प्रदीप यादव




**दिल्ली** विश्वविद्यालय के शहीद भगत सिंह सांध्य महाविद्यालय में शहादत दिवस के अवसर पर 36वीं शहीद भगत सिंह स्मृति व्याख्यानमाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' उपस्थित रहे।अपने उद्बोधन में डॉ. निशंक ने कहा कि देश की आज़ादी के लिए असंख्य बलिदानों का योगदान रहा है। आज जब हम स्वतंत्र भारत में जीवन जी रहे हैं, तो नई पीढ़ी के लिए यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि उनकी क्या जिम्मेदारियाँ हैं। उन्होंने कहा कि इस संस्थान से निकलने वाला प्रत्येक छात्र ऐसा हो, जिसके व्यक्तित्व में देशवासियों को भगत सिंह की झलक दिखाई दे।

उन्होंने कहा कि भगत सिंह केवल एक क्रांतिकारी नहीं थे, बल्कि चेतना, संघर्ष, संकल्प, जिजीविषा, जिज्ञासा और विचारों की पराकाष्ठा के प्रतीक थे। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय के युवाओं ने बड़ी चुनौतियों को समझा और उनका सामना किया, क्योंकि वे जानते थे कि जितनी बड़ी चुनौती होगी, उतनी ही बड़ी सफलता प्राप्त होगी। अतः विद्यार्थियों को इन विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है।

उन्होंने आगे कहा कि यह दिन केवल अतीत की स्मृतियों को स्मरण करने का अवसर नहीं है, बल्कि राष्ट्र के चरित्र-निर्माण की आधारशिला को सुदृढ़ करने का भी अवसर है। केवल महान विभूतियों को याद करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना भी आवश्यक है।डॉ. निशंक ने कहा कि युवा आयु के तीन वीरों ने यह सिद्ध कर दिया कि जीवन की महत्ता आयु या समय में नहीं, बल्कि उसके उद्देश्यों की ऊँचाई में निहित होती है। वे भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, किंतु ऐसी चेतना छोड़ गए हैं, जो युगों-युगों तक भारत के मानस को आलोकित करती रहेगी।उन्होंने यह भी कहा कि जहाँ पश्चिम विश्व दुनिया को एक वैश्विक बाज़ार के रूप में देखता है, वहीं भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के साथ पूरे विश्व को एक परिवार मानता है। भारतीय ज्ञान परंपरा को उत्कृष्ट बताते हुए उन्होंने कहा कि भगत सिंह केवल क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि एक गहन चिंतक और लेखक भी थे। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेकर गंभीर अध्ययन एवं चिंतन की दिशा में अग्रसर होना चाहिए कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार अत्री ने अपने संदेश के माध्यम से भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. एस. के. बंदूनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभा को संबोधित किया तथा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने छात्रों को भगत सिंह के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। डूटा अध्यक्ष प्रो. वी. एस. नेगी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि भगत सिंह के विचारों पर गहन अध्ययन की आवश्यकता है, साथ ही उनके संदर्भ में विकसित विभिन्न नैरेटिव्स को समझना भी आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस व्याख्यानमाला में सैकड़ों की संख्या में शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# दिल्ली पुलिस की बहादुरी: मुठभेड़ के बाद 85 लाख की लूट का आरोपी अजय उर्फ कालिया गिरफ्तार

● इंस्पेक्टर की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी गोली, बड़ी वारदात टली; अवैध पिस्टल और चोरी की स्कूटी बरामद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र सिंह भुल्लर

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट की स्पेशल स्टाफ टीम ने साहसिक कार्रवाई करते हुए एक वांछित और शातिर लुटेरे अजय उर्फ कालिया को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर शास्त्री पार्क थाने में दर्ज करीब 85 लाख रुपये की लूट का मामला था और वह दिल्ली के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में भी कई आपराधिक वारदातों में शामिल रहा है। यह पूरी कार्रवाई 23-24 मार्च 2026 की रात आईपी एस्टेट स्थित एमजी रोड के पास रोज गार्डन सर्विस रोड पर हुई।पुलिस के अनुसार, 23 मार्च की रात करीब 10 बजे स्पेशल स्टाफ को गुप्त सूचना मिली थी कि अजय उर्फ कालिया आधी रात के आसपास ग्रे रंग की स्कूटी पर अपने साथियों से मिलने आएगा और किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकता है। सूचना मिलते ही एसीपी ऑपरेशंस की निगरानी में इंस्पेक्टर रोहित कुमार और इंस्पेक्टर रघुवीर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर रणनीतिक तरीके से घेराबंदी की और संदिग्ध के आने का इंतजार किया।

करीब 12:22 बजे एक व्यक्ति स्कूटी पर आता दिखाई दिया, जिसकी पहचान मुखबिर ने अजय उर्फ कालिया के रूप में की। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने भागने की कोशिश की। रास्ता बंद होने पर आरोपी घबरा गया और स्कूटी छोड़कर पिस्टल निकालते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। उसने लगातार चार गोलियां चलाईं, जिनमें से एक गोली इंस्पेक्टर रोहित कुमार की बुलेटप्रूफ जैकेट पर आकर लगी, जिससे उनकी जान बाल-बाल बच गई।आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी के पैरों पर गोली चलाई, जिससे वह घायल हो गया और गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे काबू कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसकी पहचान गौतमपुरी, उस्मानपुर निवासी 34 वर्षीय अजय उर्फ कालिया के रूप में हुई। घायल आरोपी को तुरंत एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटनास्थल से पुलिस ने एक अवैध पिस्टल, जिंदा कारतूस और खाली खोखे, एक चोरी की स्कूटी और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। जांच में पता चला कि बरामद स्कूटी मालवीय नगर थाने से चोरी हुई थी। आरोपी के खिलाफ आईपी एस्टेट थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अजय उर्फ कालिया एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ दिल्ली व उत्तर प्रदेश में लूट, हत्या, चोरी और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई से न केवल एक बड़े अपराध को टाला गया, बल्कि एक खतरनाक अपराधी को भी कानून के शिकंजे में लाया गया है। दिल्ली पुलिस की इस बहादुरी भरी कार्रवाई की सराहना की जा रही है।

# हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भंडारा में प्रसाद

● तन की तपिश मिटाने पहुंचते है श्रद्धालु



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिरसिंहपुर पाली-** बंसतीय नवरात्रि में धीरू भैया के निवास पर चल रहें नौ दिवसीय अखंड भंडारा में हर दिन हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर अपने तन की तपिश मिटा रहे हैं। मालुम होवे की बिरसिंहपुर पाली नगर में विराजित कल्चुरी कालीन महिषासुर मर्दिनी ,आदम कद अष्ट भुजी आदि शक्ति की दुर्लभ प्रतिमा जो कि बिरासनी माता के नाम से जगत भर में प्रसिद्ध है, यहाँ पर वैसे तो साल भर माता के भक्तों का आना लगा रहता है, लेकिन नवरात्रि के नौ दिनों में हजारों श्रद्धालुओं का माता के दरबार में पहुचने का कीर्तिमान बना हुआ है। माता के दरबार में पहुंचने वाले प्रेमी भक्तों को दृष्टि गत रखते हुए बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के एक दम करीब पर विशाल भंडारा का आयोजन नगर के कीर्तिमान धीरेन्द्र शर्मा के द्वारा रखा गया है। इस भंडारा स्थल पर पहुंच कर श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर अपनी भूख और प्यास बुझाते है। धीरेन्द्र शर्मा जी के व्दारा आयोजित इस भंडारा में हर दिन अलग अलग प्रसाद का वितरण कराया जाता है। व्रत के दिनों में फलाहार की व्यवस्था रहती है। दुधाहारी बच्चों के लिए दुध की व्यवस्था बनी हुई है। भंडारा के इस आयोजन में गणमान्य नागरिक पहुंच कर धीरू भैया का हौंसला अफजाई करते देखें जाते हैं। नगर के वयोवृद्ध रामकुमार उपाध्याय, और व्दारिका शुक्ला जी हर दिन पहुंच कर संचालित भंडारे में अपना समय देते हैं रहे हैं। श्री उपाध्याय जी जो कि शर्मा परिवार से डाक्टर साहब के समय से जुड़े हुए हैं का कहना है कि भंडारा सनातन धर्म की परंपरा है की हमारे गाँव में आया हुआ भक्त जन को सहजता से प्रसाद और ठंडा जल मिल जाये तो उसकी तपन शांत हो जाती है। धीरू भैया तो सदैव धर्माथ कार्यो को आगे बढाते है। यह भंडारा उनमें से एक है।

**आज भंडारा के साथ सुन्दर कांड का पाठ**

नवरात्रि में चल रहे अखंड भंडारा के लिए साथ ही आज शाम सुन्दर कांड का पाठ किया जायेगा। सुन्दर कांड के पाठ के लिए राजस्थान से प्रसिद्ध सुन्दर कांड पाढियो की टीम के द्वारा संगीत मय पाठ किया जायेगा। इस आयोजन में नागरिकों, भक्तों से पहुचने की अपील करते हुए धीरू भैया ने बताया की नगर के लोग अधिकाधिक संख्या में पहुंच कर इस अवसर का लाभ उठाये।

# जनता दल (यू0) का चौथी बार निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं- प्रमोद कुमार पटेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपालगंज,** जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने आधुनिक बिहार के शिल्पिकर, दूरदर्शी नेतृत्व के प्रतीक एवं लाखों करोड़ों , कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत बिहार के विकास पुरुष लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को जनता दल यूनाइटेड पार्टी का चौथी बार निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दिया है श्री पटेल ने कहा कि आपके सशक्त नेतृत्व , कुशल मार्गदर्शन और जन कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता में हमें और देश के करोड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं को पूर्ण विश्वास है , की जनता दल (यू0) न्याय के साथ विकास के संकल्प को नई ऊंचाइयों तक ले जाते हुए देश और प्रदेश की सेवा में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित करेंगी!

नीतीश कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं देने वाले में जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल जी के साथ पार्टी के नेताओं मे अमरेंद्र कुमार बारी, मोश तौहीद, ब्रजेश कुमार उर्फ मुन्ना कुवर,बुलेट सिंह, सुविकाश सिंह, लाल बाबू राम, राधेश्याम साहनी रामआशीष सिंह, ललन माझी, नंदलाल मौर्य, नौशाद आलम उर्फ मुन्ना, सुनील कुमार राज किशोर सिंह, मिथिलेश राय, अशोक कुमार, राजकुमार प्रसाद, अब्दुल अहद, अशोक प्रसाद गुप्ता, धर्मराज प्रसाद सिंह, उदय सिंह, वकार अहमद, एजाज आलम, नितेंद्र राय, शशि भूषण प्रसाद पटेल, छोटे लाल साह, साहेबजाद अली, उमाशंकर शर्मा, टुनटुन शाह, बिंदा कुशवाहा, अर्जुन आजाद, डा0 योगेश प्रसाद, प्रभाकर कुवर, सहित, सैकड़ो पार्टी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया आता हूं और नेताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

# बदलते मौसम के चलते बढ़ा बीमारियों का प्रकोप

**अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या बनी चिंता का विषय**

**मिल्कीपुर अयोध्या।** अयोध्या जिले में बदलते मौसम के कारण मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। पिछले कई दिनों से तापमान में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है, जहां सुबह-शाम हल्की ठंड रहती है, वहीं दोपहर में तेज धूप और गर्मी पड़ रही है। इस मौसमी बदलाव से बड़ी संख्या में लोग सर्दी, जुकाम और बुखार जैसी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इन मौसमी बीमारियों का सबसे अधिक असर बच्चों और बुजुर्गों पर देखा जा रहा है। जिले के सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। कुमारगंज स्थित सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में प्रतिदिन लगभग 500 मरीज ओपीडी में इलाज के लिए आ रहे हैं, जिनमें से अधिकांश मौसमी बुखार से पीड़ित हैं। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रवि पाण्डेय ने ओपीडी और वार्डों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने भर्ती मरीजों और ओपीडी में आए लोगों से उनके इलाज तथा उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। हड्डी रोग विशेषज्ञ ने बताया कि मौसमी बदलाव के कारण बुखार और वायरल के साथ-साथ सर्वाइकल तथा हड्डी संबंधी समस्याओं के मरीजों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी मरीजों का उचित इलाज किया जा रहा है, और गंभीर मामलों में मरीजों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया जा रहा है। अस्पताल



प्रशासन ने जानकारी दी है कि सभी आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और मरीजों को बेहतर उपचार प्रदान किया जा रहा है। गंभीर मरीजों का इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत भी किया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक सहायता मिल रही है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से बदलते मौसम में सावधानी बरतने, गर्म कपड़ों का उपयोग करने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की है।

# सहकारिता उमरिया जिले में मची लूट नियम विरूद्ध पदस्थ है, कर्मचारी

● आय से ज्यादा सम्पत्ति सहकारिता उमरिया जिले की षिकायत भोपाल तक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शहडोल- म.प्र.** शासन सहकारिता विभाग में स्पष्ट निर्देष है कि सोसायटी के संचालन नियम से किए जाए लेकिन उमरिया जिले में कोई सिंघ साहब नाम का चर्चित अधिकारी है जो उमरिया जिले के मधुवानीकला एवं मझौली नवगवां में पदस्थ प्रभारी प्रबंधको को खुलेआम अभयदान देकर नियम विरूद्ध कार्य कराए जा रहे हैं। सूत्रों से मिले जानकारी के अनुसार जनता दल यू. किसान सभा के प्रदेष अध्यक्ष, पूर्व भाजस अध्यक्ष, विधायक दल नेता निजी सचिव बी.पी.तिवारी ने लिखित षिकायत जिला कलेक्टर उमरिया, कमिष्नर शहडोल मुख्यमंत्री के साथ पी.ओ.ड्ब्ल्यू. लोकायुक्त सहकारिता सचिव तक लिखित षिकायत कर शीघ्र कार्यवाही की मांग की है।

षिकायत में मिली जानकारी के अनुसार मधुवानीकला एवं मझौली में श्रीकांत तिवारी नान कैडर का आदमी होते हुए भी दो दो सोसायटी का संचालन सहकारिता विभाग के चर्चित अधिकारी के अभयदान से संचालित की जा रही है। साथ ही अभय चतुर्वेदी की नियुक्ति सहकारी समिति नवगवां में नियमों से हटकर की गई है, नियम को दरकिनार करते हुए विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने पदोन्नति कर नियम की धज्जियां उड़ाई गई है, समिति की दुकानों की राषि अभय चतुर्वेदी द्वारा कई



लाखों की नही की गई है। जो कई लाखों रू. सहकारिता को जमा करा लेनी चाहिए भ्रष्ट अधिकारी जो प्रषासन का धृता बताकर गैर जिम्मेदार गैर कैडर एवं नियम विरूद्ध भर्ती कर खुलेआम लूट मचा रखी है, जिसकी षिकायत पर शीघ्र कार्यवाही की मांग की गई है।